UFT LIVE TV
www.upfighttimes.com
upfighttlmesnews@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# यूपी फाइट टाइम्स

आरएनआई नं0/2020/80511

संपादक :- सतीश कुमार गोयल

वर्षः-03, अंकः-257, पृष्ठः-12, मूल्यः- 1 रूपये

(फतेहपुर से प्रकाशित)



प्रधानमंत्री आवास की दूसरी ... 03

फतेहपुर, मंगलवार 11 जुलाई 2023

राष्ट्रीय औसत से तीन फीसदी ... 08

## पहले आदिवासियों के रिवाज समझें, यूसीसी पर आरएसएस के संगठन की नसीहत

### सुशील मोदी ने भी दी थी ऐसी सलाह

**नई दिल्ली।** देश भर में सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की तैयारी है। इस बीच आदिवासियों समाज को अपवाद के तौर पर छूट देने के भी सुझाव आ रहे हैं। यूसीसी को लेकर कानूनी मामलों की संसदीय समिति की मीटिंग हुई थी, जिसमें अध्यक्ष सुशील मोदी ने आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखने की बात कही थी। अब ऐसा ही सुझाव आरएसएस के आनुषांगिक संगठन वनवासी कल्याण आश्रम ने भी दिया है। वनवासी कल्याण आश्रम ने विधि आयोग को लिखे लेटर में कहा है कि उसे इस मामले में जल्दबाजी में रिपोर्ट नहीं सौंपनी चाहिए।

आरएसएस के संगठन का कहना है कि विधि आयोग इस मामले में कोई फैसला लेने से पहले आदिवासी समाज के रिवाजों और परंपराओं को समझे। इसके लिए उसे आदिवासियों के संगठनों और सिविल सोसायटी के सदस्यों से बात करनी चाहिए। आरएसएस ने इस मामले में आदिवासी



समाज के लोगों से भी अपील की है कि वे अपने सुझाव आयोग के सामने पेश करें। संगठन ने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों को सोशल मीडिया पर चल रही डिबेट्स को नजरअंदाज करते हुए अपने सुझाव सरकार को सौंपने चाहिए।

**आगे बढ़ने से पहले आदिवासियों के रिवाज को समझो**

वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हम संसदीय पैनल के सुझाव की सराहना करते हैं, जिसने आदिवासियों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखने को कहा है। संघ ने कहा कि इस मामले में सोशल मीडिया पर डिबेट जरूर चल रही हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों में समझ का अभाव है। इसके चलते लोग भ्रमित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के लोगों में भी भ्रम पैदा किया जा रहा है। कुछ लोग अपना एजेंडा पूरा करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले कई राजनीतिक दलों ने भी यूसीसी को लेकर ऐतराज जताया है।

**इन राज्यों में आदिवासियों की बड़ी आबादी, भाजपा को हो सकती है टेंशन**

दरअसल पूर्वोत्तर भारत, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, बंगाल और झारखंड जैसे इलाकों

**अब ऐसा ही सुझाव आरएसएस के आनुषांगिक संगठन वनवासी कल्याण आश्रम ने भी दिया है। वनवासी कल्याण आश्रम ने विधि आयोग को लिखे लेटर में कहा है कि उसे इस मामले में जल्दबाजी में रिपोर्ट नहीं सौंपनी चाहिए।**

में आदिवासियों की बड़ी आबादी है। ऐसे में यूसीसी का असर इन राज्यों में देखने को मिल सकता है। यह मामला राजनीतिक लिहाज से भी संवेदनशील है। इसी साल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव होने हैं। ऐसे में भाजपा सरकार भी नहीं चाहेगी कि आदिवासी समुदाय के बीच कोई भ्रम पैदा हो, जिसका असर चुनाव में दिखाई दे।

## चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण के साथ बनेगा नया इतिहास, चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा भारत

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष की दुनिया में भारत इस सप्ताह नया इतिहास रचने जा रहा है। इसरो चंद्रयान-3 को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के साथ ही भारत चंद्रमा की सतह पर अपना अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा।

**भारत रचेगा नया इतिहास**

केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस सप्ताह श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 लॉन्च होगा। चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के साथ ही भारत चंद्रमा पर अपना अंतरिक्ष यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा।

**भारत को पीछे रहना मंजूर नहीं**-केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिकी यात्रा में अंतरिक्ष संबंधी महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिससे पता चलता है कि जिन देशों ने भारत से बहुत पहले अपनी अंतरिक्ष यात्रा शुरू की थी, वे आज भारत को एक समान सहयोगी के रूप में देख रहे हैं।

**जितेंद्र सिंह ने कहा**

''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हमारी अंतरिक्ष क्षेत्र में इतनी बड़ी वृद्धि के बाद भारत अब चंद्रमा की यात्रा में पीछे नहीं रह सकता।''

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि चंद्रयान-3, चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है। इसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग और भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 उच्च स्तर पर काम करेगा।

**केंद्रीय राज्य मंत्री सिंह ने कहा**-''चंद्रयान-3 मिशन के प्राथमिक तीन उद्देश्य हैं। चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग, चंद्रमा पर रोवर का उतरना और इन-सीटू वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना।''

बता दें कि चंद्रयान-3 इसरो का ड्रीम प्रोजेक्ट है। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को दोपहर 02.35 बजे लॉन्च किया जाएगा।

## बंगलादेश में डेंगू के मामलों में वृद्धि, छह लोगों की मौत

**ढाका।** बंगलादेश में डेंगू बुखार के लगातार बढ़ रहे मामलों के बीच छह और मरीजों की इस बीमारी से मौत हो गई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने सोमवार को यह जानकारी दी हैं। डीजीएचएस की आज यहां जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में बंगलादेश में डेंगू बीमारी के 836 नए मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि दोनों आंकड़े इस वर्ष एक दिन में सामने आए सबसे अधिक हैं। उन्होंने कहा कि नए मामले सामने आने के साथ बंगलादेश में इस वर्ष अब तक डेंगू के मामलों की कुल संख्या 12,954 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार रविवार को राजधानी ढाका में डेंगू के 516 मामले सामने आये हैं।

उन्होंने बताया कि छह लोगों की इस बीमारी से मौत होने के साथ ही इस वर्ष डेंगू से मरने वालों की संख्या 73 तक पहुंच गई। उन्होंने बताया कि जुलाई में अब तक 26 लोगों की इस बीमारी से मौतें हो चुकी हैं, वहीं जून में 34 मौत, अप्रैल-मई में दो-दो, फरवरी में तीन और जनवरी में छह लोगों मौत दर्ज हुई। उन्होंने बताया कि जुलाई में अब तक डेंगू के



4,976 अधिक मामले दर्ज किए गए है।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष एक जनवरी से नौ जुलाई तक देश के विभिन्न अस्पतालों मे इलाज कराने के बाद कुल 10,131 मरीज इस बीमारी से ठीक हुए है।

## चिराग पासवान की एनडीए में जल्द एंट्री की तैयारी, सीटों की शर्त न पड़ जाए भारी

**नई दिल्ली।** NDA यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की दोस्ती दोबारा होने के संकेत मिल रहे हैं। दरअसल, खबर है कि नई साझेदारी को अंतिम रूप देने के लिए सरकार की तरफ से चिराग पासवान से संपर्क साधा जा रहा है। वहीं, खुद चिराग भी राजधानी दिल्ली पहुंचे थे, जिसके बाद संभावनाएं जताई जाने लगी थीं कि वह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर सकते हैं। खबर है कि गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय और पासवान के बीच बिहार की राजधानी पटना में लंबी चर्चा हुई है। हालांकि, शाह से मुलाकात को लेकर लोजपा या पासवान ने अब तक आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। भाजपा और लोजपा के बीच दोबारा साझेदारी को लेकर लंबे समय से अटकलों का दौर जारी है।

**सीट बंटवारे पर होगी बात**

कहा जा रहा है कि पासवान की ओर से भाजपा के सामने सीट बंटवारे को लेकर शर्त रखी गई है। साल 2019 में उनकी पार्टी के हिस्से में 6 लोकसभा सीटें और एक राज्यसभा सीट आई थी। फिलहाल, पासवान खुद अपनी पार्टी से एकमात्र सांसद हैं। उनका कहना है कि 5 फीसदी पासवान समर्थन के चलते उन्हें 2019 जितनी ही सीटें मिलनी चाहिए। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पासवान ने कहा था, भाजपा के साथ चर्चाएं अच्छी दिशा में आगे बढ़ रही हैं। नित्यानंद राय जी के साथ भी आज की मुलाकात उसी प्रक्रिया का हिस्सा थी। मेरी पार्टी ने गठबंधन को लेकर फैसला लेने का अधिकार मुझे दिया है। मैं सही समय आने पर आपको बताऊंगा। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि पासवान की कुछ दिनों में ही एनडीए में वापसी हो सकती है।

**चाचा छोड़ चुके हैं साथ** -खास बात है कि साल 2021 में चाचा पशुपतिनाथ कुमार पारस की अगुवाई में 5 सांसद पहले ही पासवान का साथ छोड़ चुके हैं। उन्होंने अलग होकर एनडीए का दामन थाम लिया था। फिलहाल, पारस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में केंद्रीय मंत्री हैं। संभावनाएं हैं कि एनडीए में वापसी के बाद चिराग भी केंद्रीय मंत्री बनाए जा सकते हैं।

## डोडा में दो बार भूकंप के झटके महसूस किये गये

**जम्मू।** जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार सुबह पांच मिनट के अंतराल पर दो बार हल्के भूकंप के झटके महसूस किये गये।

अधिकारियों ने आज यहां बताया कि सुबह 0538 मिनट पर आये भूंपक की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र 33.15 डिग्री अक्षांश और 75.68 डिग्री देशांतर पर गहराई 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

इस बीच, सुबह 0543 बजे आये दूसरे भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 3.6 मापी गई।




भूकंप का केंद्र 33.15 डिग्री अक्षांश और 75.7 डिग्री देशांतर पर आठ किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

उन्होंने बताया कि उधमपुर, जम्मू और श्रीनगर शहरों में भी हल्के झटके महसूस किये गये है।

डोडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भूकंप के कारण अब तक किसी के घायल होने या किसी नुकसान की सूचना नहीं है।

## पेशाबकांड में घर गिराकर फंस गए शिवराज, अब ब्राह्मण संगठन नाराज; प्रवेश को दे रहा चंदा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में हुए पेशाबकांड पर शिवराज सरकार की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। पीड़ित दशमत के पैर धोकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासियों की संभावित नाराजगी को कम करने की कोशिश की तो आरोपी प्रवेश शुल्का का घर तोड़े जाने की वजह से अब ब्राह्मण संगठन नाराज हो गए हैं। ब्राह्मण संगठन एक तरफ प्रवेश शुक्ला का घर दोबारा बनाने के लिए चंदा जुटा रहे हैं तो दूसरी तरफ कानूनी लड़ाई लड़ने का भी फैसला लिया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले ब्राह्मणों की लामबंदी शिवराज सरकार की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं। प्रवेश शुक्ला का घर तोड़े जाने की वजह से ब्राह्मणों से जुड़े कुछ संगठन नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस घर में प्रवेश शुक्ला अपनी पत्नी, तीन साल की बच्ची



और मां-बाप के साथ रहता है। प्रवेश की पत्नी कंचन ने कहा कि कुर्बी गांव में मकान उनकी दादी ने बनवाया था। यह प्रवेश या उसके पिता के नाम पर नहीं था। शुक्ला के समर्थन में लामबंद हो रहे ब्राह्मण संगठनों का कहना है कि वह प्रवेश के अपराध का बचाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन उसके किए की सजा परिवार को क्यों दी गई? मकान पर बुलडोजर क्यों चलाया गया? प्रवेश शुक्ला के पिता रमाकांत शुक्ला के अकाउंट नंबर को ब्राह्मण संगठनों के वॉट्सऐप ग्रुप और सोशल मीडिया ग्रुप्स में शेयर किया जा रहा है। पूरे राज्य के लोग चंदा दे रहे हैं। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश प्रमुख पुष्पेंद्र मिश्रा ने कहा, संगठन उस मकान को दोबारा बनाएगा जिसे ढहा दिया गया। आरोपी ने जो किया वह सजा योग्य है, लेकिन परिवार क्यों भुगते? हमने शुरुआत में 51000 रुपए दिए और परिवार के मुखिया का नंबर पूरे संगठन में बांटा गया है। घर बनाने के लिए लोग सहयोग दे रहे हैं। टीओआई से मिश्रा ने यह भी कहा कि संगठन मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में याचिका भी दायर करेगा। सरकार से यह पूछा जाएगा कि किस कानून के तहत परिवार का वैध घर गिरा दिया गया। प्रवेश के पिता रमाकांत शुक्ला ने कहा, वह मेरा बेटा है, लेकिन कानून को मानने वाला नागरिक हूं। मेरे बेटे के खिलाप संविधान के मुताबिक किसी कानूनी कार्रवाई मंजूर है। लेकिन हमारा घर क्यों गिराया गया? मध्य प्रदेश का कानून कहता है कि अतिक्रमण को बरसात के मौसम में नहीं गिराया जाएगा। हमारा परिवार बिना किसी गलती की सजा भुगत रहा है। पहले एक दो दिन पड़ोसियों ने हमारे लिए खाने की व्यवस्था की। अब हम किसी तरह जुटा रहे हैं।

## कैसे राहत से आफत में बदल गई मॉनसून की बारिश, अचानक क्यों मौसम ने बदले तेवर

**नई दिल्ली।** मॉनसून का इंतजार 24 घंटों में ही हाहाकार में बदल गया। उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश समेत कई ऐसे राज्य थे, जहां सड़कों से लेकर इमारतों तक तबाही देखी गई। इतना ही नहीं आंकड़े बता रहे हैं कि उत्तर भारत में मौसम से जुड़ी घटनाओं में 53 लोग जान गंवा चुके हैं। सवाल है कि अचानक मौसम ने इतना रौद्र रूप कैसे रख लिया और मॉनसून की बारिश ने तबाही कैसे मचाई। मौसम विभाग ने कहा है, हिमालय पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और जोरदार मॉनसून का एक-दूसरे पर प्रभाव हुआ है, जिसके चलते क्षेत्र के बड़े हिस्से पर भारी बारिश हो रही है। खास बात है कि जुलाई में दक्षिण पश्चिम मॉनसून के चलते भारी बारिश होना आम है। कहा जा रहा है कि गंभीर पश्चिमी विक्षोभ है, जिसने बारिश की गतिविधियों में इजाफा किया है। साथ ही भूमध्यसागर क्षेत्र से बन रहे बारिश के सिस्टम के चलते बारिश हो रही है। रिपोर्ट में मौसम के जानकारों के हवाले से लिखा गया कि मॉनसून ट्रफ भी सक्रिय है और इसका पश्चिमी छोर अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण



की ओर है। वहीं, पूर्वी छोर उत्तर में है। मध्य राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इन सभी कारणों के चलते भारी बारिश हो रही है।

**जुलाई की आठ दिनों की बारिश में बारिश की कमी पूरी**-जुलाई महीने के शुरुआती आठ दिनों में देश के कई हिस्सों में हुई मूसलाधार बारिश ने वर्षा की कमी को पूरा कर दिया है। मौजूदा मॉनसून सीजन में संचयी वर्षा 243.2 मिमी तक पहुंच गई है, जो 239.1 मिलीमीटर की सामान्य बारिश से दो प्रतिशत अधिक है। ढ्ढरूष्ठ ने रविवार को यह जानकारी दी है। आईएमडी के ताजा आंकड़ों के अनुसार उत्तर भारत में 59 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। यहां सामान्य 125.5 मिलीमीटर के मुकाबले 199.7 मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं मध्य भारत की भारत की बात करें तो यहां के किसान बड़ी संख्या में मॉनसून में होने वाली बारिश पर निर्भर रहते हैं। यहां सामान्य से चार प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। देश के मध्य क्षेत्र में 255.1 मिलीमीटर की तुलना में 264.9 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव’ में मंदिर न्यासियों की मांग

## गोवा का आदर्श रखकर केंद्र सरकार देशभर के मंदिरों का जीर्णोद्धार करें

यूपी फाइट टाइम्स

फोंडा (करण समर्थ : आयएनएन भारत मुंबई) गोवा में पुर्तगालियों ने प्राचीन भारतीय संस्कृति नष्ट करने के लिए सैकड़ों मंदिरों का विध्वंस किया। विदेशी आक्रमणकारियों ने नष्ट किए हुए इन सर्व मंदिरों का जीर्णोद्धार कर भारतीय संस्कृति का पुनरुज्जीवन करने का महत्त्वपूर्ण निर्णय गोवा सरकार ने लिया और प्राचीन श्री सप्तकोटेश्वर मंदिरों के जीर्णोद्धार से इसका प्रारंभ गोवा सरकार ने स्वयं किया। इसी तरह अन्य मंदिरों का भी जीर्णोद्धार करने के लिए एक समिति स्थापित कर आगे की प्रक्रिया संचालित कर दी है। गोवा सरकार का यह निर्णय अनुकरणीय है। देशभर में मुगल आक्रमणकारियों ने हजारों मंदिरों को उध्वस्त किया है, इसके सबूत इतिहास उपलब्ध है। इसलिए गोवा सरकार के समान ही केंद्र सरकार देशभर में विदेशी आक्रमणकारियों ने तोडे हुए सभी हिन्दू मंदिरों का जीर्णोद्धार करने का निर्णय ले तथा देश की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करे, ऐसी मांग ‘वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव’ में की गई है, ऐसी जानकारी ‘महाराष्ट्र मंदिर महासंघ’ के समन्वयक सुनील घनवट ने यहां पत्रकार परिषद में दी। वह ‘वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव’ के निमित्त आयोजित पत्रकार परिषद में बोल रहे थे। इस समय ‘काशी स्थित ज्ञानवापी मुक्ति के लिए न्यायालयीन संघर्ष करनेवाले’ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, ‘गोमंतक मंदिर महासंघ’ के जयेश थळी, ‘ज्योतिर्लिंग श्रीक्षेत्र भीमाशंकर देवस्थान’ के अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेश कौदरे एवं विदर्भ की ‘देवस्थान सेवा समिति’ के सचिव अनुपजायस्वाल भी उपस्थित थे।

(काशी के पश्चात मथुरा एवं किष्किंधा मुक्ति के लिए संघर्ष करेंगे! – अधिवक्ता विष्णु जैन)

इस अधिवेशन के कारण काशी स्थित ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए संघर्ष निश्चित रूप से प्रारंभ हो चुका है। अब काशी के पश्चात मथुरा एवं किष्किंधा की मुक्ति के लिए संघर्ष प्रारंभ करने की जानकारी काशी ज्ञानवापी मुक्ति के लिए न्यायालयीन संघर्ष करनेवाले सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दी। उन्होंने आगे कहा काशी के बाद मथुरा मामले में भी ‘वक्फ एक्ट’ और ‘प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट’ लागू नहीं होता है, ऐसा निर्णय उच्च न्यायालय ने दिया है। न्यायालय ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। साथ ही न्यायालय ने पुरातत्व विभाग को दोनों जगहों का सर्वे करने का भी आदेश दिया है। भगवान हनुमानजी की जन्मस्थली किष्किंधा के संबंध में कर्नाटक राज्य के




कानून को उच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किया गया है। देश भर में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मंदिर को लेकर बनाए गए सभी कानून संविधान के अनुच्छेद 19, 21, 25, 26 एवं 27 का उल्लंघन करते हैं। इसलिए केंद्र सरकार को एक कानून बनाकर इन सभी कानूनों को निरस्त करना चाहिए तथा सभी मंदिरो को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करना चाहिए, ऐसा भी अधिवक्ता जैन ने कहा। इस अवसर पर सुनील घनवट ने कहा कि, हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन ने सदैव ही ‘मंदिर मुक्ति एवं मंदिर रक्षा’ की भूमिका ली है। इस अधिवेशन से अनेक मंदिरों के अभियान प्रारंभ हुए हैं। जैसे मध्य प्रदेश का भोजशाला मुक्ति आंदोलन, तिरुपती बालाजी स्थित अवैधानिक इस्लामिक अतिक्रमण हटाना, पंढरपुर, शिरडी, कोल्हापुर, तुळजापुर स्थित सरकार अधिग्रहित मंदिरों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष आदि प्रमुख अभियान हैं। हमारे मंदिर संस्कृति की रक्षा होने के लिए उसका जतन होना चाहिए और वह बढनी चाहिए। इसके लिए गोवा में ‘गोमंतक मंदिर महासंघ’ काम कर रहा है तथा महाराष्ट्र में ‘महाराष्ट्र मंदिर महासंघ’ कार्य कर रहा है। महाराष्ट्र में हमने 131 मंदिरों में वस्त्रसंहिता लागू की है। महाराष्ट्र के समान शीघ्र ही हम कर्नाटक, दिल्ली आदि राज्यों के मंदिरों के न्यासियों की बैठक आयोजित करनेवाले हैं। इस अवसर पर ‘गोमंतक मंदिर महासंघ’ के जयेश थळी ने कहा, पुर्तगालियों द्वारा उध्वस्त मंदिरों का जीर्णोद्धार गोवा सरकार एक समय मर्यादा निश्चित कर समय पर पूर्ण करे। इस संबंध में सरकार ने जो समिति स्थापित की है, उस समिति को मंदिर महासंघ का पूर्ण सहयोग रहेगा। मंदिरों की जो समस्याएं हैं, उन्हें सुलझाने के लिए ‘मुंबई सार्वजनिक विश्वस्त संस्था अधिनियम’ में परिवर्तन करने के लिए ‘देवालय सेवा समिति’ ने कार्य प्रारंभ कर दिया है, ऐसी जानकारी समिति के सचिव अनुप जायसवाल ने दी।

इस समय ‘ज्योतिर्लिंग श्रीक्षेत्र भीमाशंकर देवस्थान’ के अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेश कौदरे ने कहा कि, आज मस्जिदों के इमाम तथा मुल्ला–मौलवियों को वेतन तथा मदरसों को अनेक राज्यों में सरकार अनुदान दे रही है। तब मंदिर के पुजारियों को वेतन क्यों नहीं दिया जाता ? आज पुजारियों की अनेक समस्याएं हैं। वंशपरंपरागत पुजारी एवं वहिवाटदार के अधिकार एवं कर्तव्य अबाधित रहने के लिए सरकार मुंबई सार्वजनिक विश्वस्त संस्था अधिनियम में सुधार करे। मंदिर न्यासी एवं पुजारियों के मध्य का विवाद सुलझाने के लिए ‘महाराष्ट्र मंदिर महासंघ’ के माध्यम से प्रयत्न करनेवाले हैं, ऐसा अधिवक्ता कौदरे ने कहा है। (करण समथरू आयएनएन भारत मुंबई)

# एसओ दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने प्रधानो के साथ मीटिंग में आए हुए सभी प्रधान अपने हाईवे को लिया गोद कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने की जिम्मेदारी

## छावनी क्षेत्र के प्रधानों की नई पहल अपने ग्राम सभा में पड़ने वाले हाईवे की जिम्मेदारी का लिया शपथ

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश क्रम मे जनपद बस्ती मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एवं बस्ती अपर पुलिस अधीक्षक श्री दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निर्देश एवं हरैया क्षेत्राधिकारी श्री शेषमणि उपाध्याय के पर्यवेक्षण मे छावनी थानाध्यक्ष श्री दुर्गेश कुमार पाण्डेय द्वारा छावनी थानें पर समस्त प्रधान की मीटिंग की गई और मीटिंग के दौरान थानाध्यक्ष छावनी ने बताया कि कावड़ यात्रा आप लोगों के सहयोग से ही सकुशल संपन्न कराई जा सकती है और आप लोग पुलिस के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ा रहेंगे मीटिंग में उपस्थित सभी प्रधान छावनी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय की बातों



पर सहमति जताते हुए सभी प्रधान बताएं कि हम लोग के ग्राम सभा क्षेत्र में जितना लंबा हाईवे है उसकी जिम्मेदारी हम सभी प्रधान स्वयं ले रहे हैं और उस हाईवे में किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी हम सभी प्रधान व हमारे सहयोगी अपने अपने हाईवे क्षेत्र में 24 घंटा मौजूद रहेंगे सभी प्रधान गणों ने बताया कि कांवरियों के सेवा का अवसर हर किसी को नसीब नहीं होता है हम लोग बड़े ही भाग्यशाली हैं कि कांवरियों के सेवा करने का अवसर हम लोगों को मिला यदि कहीं पर भी शासन प्रशासन की आवश्यकता होगी तो तुरंत छावनी पुलिस को अवगत कराएंगे छावनी क्षेत्र में कभी भी प्रशासन की आवश्यकता नहीं पड़ी है। कावड़ यात्रा में हम सभी प्रधान इस बात की जिम्मेदारी लेते हैं कि कांवड़ यात्रियों के लिए अपने अपने हाईवे क्षेत्र में जल की व्यवस्था एवं कावारियो के विश्राम की भी व्यवस्था करेंगे ताकि उनको किसी प्रकार की समस्या ना हो तदोपरांत मीटिंग में उपस्थित सभी प्रधान गणों को छावनी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने बताया गया कि आप लोग कम से कम 5 व्यक्तियों के नाम व मोबाइल नंबर थाना कार्यालय में नोट करा दें और आपके द्वारा जिन 5 – 5 लोगों का नाम मोबाइल नम्बर दीया जाएगा उन लोगों का और हाइवे क्षेत्र के सभी प्रधान गणों एक व्हाट्सएप ग्रुप बना दिया जाएगा ताकि कोई भी समस्या कावड़ यात्रा के समय हो तो तत्काल ग्रुप में डाल कर सूचित किया जाए छावनी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय द्वारा सभी प्रधान गणों को बताया गया कि कावड़ यात्रा में जितने भी आप लोगों के सहयोगी हैं उन सभी लोगों को एक एक फर्स्ट एड किट व दर्द का टैबलेट उपलब्ध कराकर यह भी बताएं कि किसी भी कांवरिया को चोट लगे या छाला पड़ जाय उसका मलहम पट्टी करके दर्द का टैबलेट दे दिया जाय ताकि उनकी कावड़ यात्रा मंगलमय हों और किसी कावरिया से किसी प्रकार का गलत व्यवहार ना किया जाए उनके साथ अच्छा से अच्छा व्यवहार किया जाए ताकि कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो सके यदि उनके द्वारा कहीं पर भी किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत छावनी पुलिस को दे दिया जाए ताकि समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके थाना क्षेत्र छावनी में पढ़ने वाले हाईवे से संबंधित प्रधानों की संख्या 17 है जिसमें से सभी लोग उपस्थित रहे कुल 24 किलोमीटर छावनी पुलिस आपके साथ सदैव खड़ी रहेगी।



## भगवान शिव की भक्ति से सुख समृद्धि और वैभव बढ़ता है : अरविंद वशिष्ठ

यूपी फाइट टाइम्स

झांसी। आज सावन के पवित्र माह के प्रथम सोमवार को हेबट मार्केट, तालपुरा के पास स्थित अति प्राचीन शिवालय में अरविंद वशिष्ठ सदस्य इंडो जर्मन टूल रूम, झाँसी व्यापार मंडल उप्र युवा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र भदौरिया , कृष्ण गोपाल पालीवाल, अवधेश मकड़ारिया, अंजुल पुरोहित ,मनीष पटेरिया , विकास सिंह सेंगर आदि ने भगवान शंकर का अभिषेक बेलपत्र आदि से पूजन अर्चन कर भोलेनाथ से प्रार्थना की सबको स्वस्थ रखें सबका कल्याण हो प्राणियों में सद्भावना हो विश्व के कल्याण हेतु मंगल कामना की। अरविन्द वशिष्ठ ने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। मान्यता है कि श्रावण मास के प्रत्ध्येक सोमवार में भगवान शिव की भक्ति से आपको शुभ फल प्राप्ध्त होता है और आपके जीवन में सुख समृद्धि और धन वैभव बढ़ता है।

# जर्जर विश्रामगृह देख श्रद्धालुओं में दहशत, नही हो रही मरम्मतीकरण

## विश्रामगृह की हालत देख वहाँ रुकने से कतराने लगे यात्री

यूपी फाइट टाइम्स

लालगोपालगंज प्रयागराज। गंगा घाट पर बना विश्रामगृह पुर्ण रूप से जर्जर हो चुका है जिससे यात्रियों में भय का माहौल है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में जल भरने आये कावरियों के लिए खतरा बना हुआ है। ब्लॉक श्रृंगवेरपुरधाम गंगा घाट के श्रृंगी ऋषि मंदिर परिसर में बने विश्रामगृह का जर्जर होना कहीं ना कहीं यात्रियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। हल्की बरसात हो पर भी विश्रामगृह के छत पर पानी भर जाता है। आए दिन उस छत से पानी टपकता रहता है और दीवाल की प्रतियां झड़ने से लोगों में भय देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर के कुछ ही दूरी पर बने विश्रामग्रह यात्रियों के लिए मात्र एक वही



सहारा है जिसमे दूरदराज से आए हुए श्रद्धालु एवं अंतिम संस्कार करने आए व्यक्ति रुक कर विश्राम करते हैं। हालांकि इस माह में कांवरियों का हजारों की संख्या में झुंड का रेला रातो दिन आता रहता है जिसकी देख रेख में प्रशासन द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी बल का भी तैनाती किया है। कांवरिया श्रृंगवेरपुर धाम से जल भरने के बाद गुलशन नाथ के लिए रवाना होते हैं लेकिन बारिश होने के कारण वही बने विश्राम गृह में ही सभी श्रद्धालु एवं अन्य लोग ठिकाना लेते हैं और बारिश बंद होने का इंतजार करते हैं ऐसे में एक विश्रामगृह में लोग इकट्ठा नहीं हो पाते और अन्य दुकान व वृक्षों का सहारा लेना पड़ता है। राजकुमार त्रिपाठी से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने बताया कि यह जर्जर विश्रामगृह लगभग पंद्रह साल पहले आरसीसी पिलर द्वारा लिंटर डालकर बनवाया गया था। ऐसे में उन्होंने अनुमान लगाते हुए बताया कि एक आरसीसी लिंटर से बना छत लगभग 50 सालों तक किसी प्रकार की उसमे दिक्कत नहीं होती लेकिन यहां पर आए दिन पानी टपकता रहता है। दूरदराज से आए हुए यात्रियों एवं कांवरियों को स्थानीय लोगों द्वारा लगातार विश्राम गृह में बैठने से रोका जाता है क्योंकि किसी भी समय यात्रियों के साथ कोई अप्रिय घटना न घटे और अपने निज निवास पर सुरक्षित पहुच सकें।फिलहाल स्थानीय लोगो ने विश्रामगृह की जल्दही मरम्मतीकरण या नवीन विश्राम गृह बनाने की मांग किया है।

# बोलेरो अनियंत्रित होकर चाय की दुकान में जा घुसा,मची अफरा-तफरी

## चाय की दुकान में घुसी बोलेरो, एक की मौत और छह लोग घायल

यूपी फाइट टाइम्स

कुशीनगर। जनपद के कसया थाना क्षेत्र के एनएच 28 पर सोमवार को मल्लूडीह चौराहा के धनहा मोड़ पर चाय की दुकान में बोलेरो घुस गई,इस घटना में दुकानदार की पत्नी की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। सभी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है,करमैनी प्रेमवलिया गांव निवासी सुकई गौड़ धनहा मोड़ पर परिवार के साथ चाय की दुकान चलाते हैं। सुबह करीब 10 बजे कसया की ओर जा रहा बोलेरो अनियंत्रित होकर चाय की दुकान में घुस गया। इससे



अफरा–तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने बोलेरो में दबे घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और एंबुलेंस से कसया सीएचसी पर पहुंचाया।डॉक्टर ने दुकानदार की पत्नी लालती देवी (55) को मृत्यु घोषित कर दिया। सुकई गौड़ (58), बेटा अजय (20), वाल्मीकि (21), चाय पी रहे सहदेव कुशवाहा (35), पान का दुकानदार गुड्डू यादव (32), लवकुश (22) घायल हो गए।सहदेव कुशवाहा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है,मौके पर पहुचे हल्का उपनिरीक्षक अनिल शर्मा ने मृतका के शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जा रहा है कि बोलेरो चालक मौके का फायदा उठाते हुए भाग गया।थानाध्यक्ष कसया डॉ. अशुतोष तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बोलेरो को कब्जे में ले लिया गया है।

# केन्द्रीय विद्यालय 01 कैंट में सुबलो कप फुटबॉल टूर्नामेंट सेमी फाइनल हुआ

यूपी फाइट टाइम्स

झांसी। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक–01 में दिनांक 08.07.2023 से 10.07.2023 तक सुबलो कप फुटबॉल टूर्नामेंट आगरा संभाग का आयोजन हुआ दिनांक 09.07.2023 को अण्डर–14 में सेमी फाइनल केन्द्रीय विद्यालय बबीना और केन्द्रीय विद्यालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट–02 के बीच व केन्द्रीय विद्यालय 0–2 आगरा तथा केन्द्रीय विद्यालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट 01 के बीच हुआ तथा अण्डर–17 में सेमीफाइनल केन्द्रीय विद्यालय क0–1 झाँसी व केन्द्रीय विद्यालय क0–2 आगरा तथा केन्द्रीय विद्यालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट –01 व केन्द्रीय विद्यालय क्र०–3 आगरा के बीच हुए। इसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय कं0–3 झाँसी के प्राचार्य सुभाष श्रीवास्तव, विद्यालय के पूर्व छात्र पवित्र सचान ए. जी. एम. बी. एस. एन. एल., डॉ. सचित्र सचान रेडियोलोजिस्ट थे।अण्डर–17 के अन्तर्गत फाइनल केन्द्रीय विद्यालय क्रं0–1 झाँसी और केन्द्रीय विद्यालय क्रं0–3 आगरा कैंट के बीच खेला गया तथा विजेता केन्द्रीय विद्यालय कं0–3 आगरा कैंट रहा। अण्डर–14 के अन्तर्गत फाइनल मैच केन्द्रीय विद्यालय बबीना कैंट और केन्द्रीय विद्यालय नोएडा सेक्टर– 24 शिफ्ट–01 के बीच खेला गया तथा विजेता केन्द्रीय विद्यालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट –01 रहा। छात्राओं में केन्द्रीय विद्यालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट



01 एवं केन्द्रीय विद्यालय बबीना के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें केन्द्रीय विद्यालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट 01 में जीत हासिल की समापन समारोह में केन्द्रीय विद्यालय कं0–1 झाँसी डॉ. सोनू राय ने अपने प्रेरक उद्बोधन द्वारा बच्चों को शुभाशीष एवं बधाई दी। निरीक्षक मंडल के सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह ने तथा रेफरी मंडल के सदस्य वहीद खान ने विद्यालय की व्यवस्था व समस्त प्रबंध की भूरि–भूरि प्रशंसा की तथा बच्चों के प्रोत्साहन हेतु आशीर्वचन कहे छात्र शशांक केन्द्रीय विदयालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट –01 और अनुरक्षक श्री सुमित कुमार केन्द्रीय विदयालय नोएडा सेक्टर–24 शिफ्ट –02 ने अपने अनुभव में विद्यालय की उत्तम व्यवस्था तथा बहुत उच्च कोटि के भोजन व स्वच्छता की सराहना की संतोष कानडे ने सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन मेधा पोल ने किया उमेश शाक्य खेल प्रभारी द्वारा प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप प्राचार्य देवेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा किया गया कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों एव कर्मचारियों ने योगदान दिया।

# राहत वेलफेयर सोसाइटी व स्पोर्ट्स विंग द्वारा वृक्षारोपण किया गया

यूपी फाइट टाइम्स

झांसी। राहत वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष हाजी सईद खां और स्पोर्टस विंग की अध्यक्षा आशिया सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया। इस वर्ष सोसायटी द्वारा जीवनशाह, किले की तलहटी, ध्यानचंद स्टेडियम के आस–पास, मुक्ताकाशी मंच के आस–पास और काशीराम कालोनी में सहजन के पेड़ों के पचास से अधिक बीज रोपे गये। इसके अलावा नीम के पेड़ों के पास गिलोय की बेल भी रोपी गयीं क्योंकि कहा जाता है कि जो गिलोय की बेल नीम पर फैलती है वो बहुत अधिक फायदेमंद होती है। अध्यक्ष हाजी सईद खां ने कहा कि सोसायटी हर बरसात के मौसम में सिर्फ फलदार पेड़ लगाने का कार्य करती है। पिछले वर्षो में भी सोसायटी ने अनेकों सहजन के



पेड़ लगाये हैं। सहजन की फली बहुत लाभ दायक होती है और गठिया रोग के लिए दवा का काम करती है। इसके अलावा इसको पंसद करने वाले इसकी सब्जी बनाकर खाते हैं। प्रबन्धक मजहर अली ने कहा कि सोसायटी द्वारा ध्यानचंद स्टेडियम, काशीराम कालोनी और मैथलीशरण गुप्त पार्क में लगाये गये सहजन के पेड़ अब फली देने लगे हैं और बहुत से लोग इनको तोड़ कर इसकी सब्जी बनाकर इसका इस्तेमाल करते हैं। सोसायटी द्वारा लगाये गये सहजन के पेड़ों से आम जन लाभान्वित हो रहा है। आज विभिन्न जगहों पर सहजन के बीज और आम के पेड़ रोपे गये। इस मौके पर मजहर अली, आबिदा बेगम, मेवा लाल भण्डारिया, शहनवाज हुसैन, रशीद मसूरी, सुनील कुमार अतरौलिया, मुनीर अहमद, डा0 शहवाज खान, एम बी सिददीकी, अनिल रिछारिया, आसिफ खान, इनाया अली उपस्थित रहे।

# सपा के किसान नेता पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

## रामकोला ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण दो साल कार्यकाल सकुशल पूर्ण

यूपी फाइट टाइम्स

कुशीनगर। जनपद के हाटा विधानसभा के किसान नेता पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई पूजा पाठ साथ साथ अपने कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन पर उन्होंने कहा कि हमेशा अपने जीवन में संघर्ष की महत्वपूर्ण भूमिका निभाया हुं।पूर्व मंत्री ने कहा कि जनता की सेवा से आज मैं लोकप्रिय जनता के बीच में हूं पद रहे या ना रहे जन–जन की सेवा के साथ गरीबो किसानों के साथ रहुगा।अपने कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन पर धूम धाम से मनाया सभी जनता जनार्दन कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। पिछले दो वर्ष पहले इसी दिन प्रमुख के चुनाव में रामकोला ब्लाक प्रमुख चुनाव जीतकर उनके छोटे पुत्र दिग्विजय सिंह



लक्ष्मण ने अपने पिताजी को जन्मदिन की तोहफा दिए थे। प्रमुख दिग्विजय सिंह ने कहां माता पिता का आशीर्वाद जनता जनार्दन का आशीर्वाद है। मैं जो कुछ पिता का आशीर्वाद है और आगे भी रहेगा।इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के पूर्व युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हाटा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणविजय सिंह उर्फ मोहन सिंह रामकोला के ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण अजीत दुबे शैलेंद्र प्रताप सिंह स्वतंत्र देव बहादुर पाल पूर्व विधायक,संदीप राय अजीत दुबे मंटू बाबा आशीष बरनवाल शिवम कुंवर सिंह विजय दुबे,स्वतंत्र सिंह आदेश ऋषि रियाज राज आदि कार्यकर्ता शामिल थे जन्मदिन की बधाई भी दी दिग्विजय सिंह लक्ष्मण रामकोला ब्लाक प्रमुख के दो साल कार्यकाल पूर्ण होने पर भी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## न्यूज डायरी

### श्रावण मास सुरक्षा के मद्देनजर विभिन्न स्थानों पर शांति व कानून व्यवस्था का किया निरीक्षणय

**जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने मढ़िया महादेव, सिद्धेश्वर मंदिर का भ्रमण किया और श्रद्धालुओं के लिए के व्यवस्थाओं को देखा**



यूपी फाइट टाइम्स

झांसी। पवित्र श्रावण मास में काँवड़ यात्रियों द्वारा जल भरकर थाना मऊरानीपुर अंतर्गत पड़ने वाले केदाश्वर मंदिर पर जलाभिषेक हेतु जाने वाले मार्ग का सुरक्षा के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी, पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों एवं सुरक्षा–व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तैनात किये गये पुलिस कर्मियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। एसएसपी द्वारा रुट डायवर्जन प्वाइंट, बैरियर प्वाइंट एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। काँवड़ यात्रियों को सूक्ष्म जलपान कराने तथा निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

### सावन की पहली सोमवारी को लेकर सोफा मंदिर में उमड़ी भीड़

यूपी फाइट टाइम्स



गौनाहा। प्रखंड के ऐतिहासिक सोफा मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सावन की पहली सोमवारी पर जलाभिषेक को लेकर महिला एवं पुरुषों की भीड़ उमड़ पडीघ्। सुबह से ही बोल बम के जयघोष से पूरा प्रखंड गूंज उठा। शिव मंदिर के पुजारी मकेश्वर द्विवेदी ने बताया कि वाल्मीकिनगर स्थित त्रिवेणी से जल लेकर, आये कांवरियों के लिए जलाभिषेक करने की विशेष सुविधा दी गई थी। वही सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त आरती में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे।

### शिविर लगाकर 114 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

यूपी फाइट टाइम्स

कुशीनगर। जनपद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरौंदा के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया गया। जिसमें 114 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को व्यापक और गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व देखभाल प्रदान करने के बारे में जांच और सलाह दी गई। इस कार्यक्रम के गर्भावस्था के दूसरे और तीसरे तिमाही की सभी



गर्भवती महिलाओं को कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करना बताया गया। प्रसव पूर्व जांच के दौरान देखभाल कैसे की जानी है तथा जो समस्याएं जैसे कि खून की कमी, गर्भावस्था प्रेरित, उच्च रक्तचाप व गर्भावधि मधुमेह आदि की जांच की गई।इस बारे में उन्हें इन बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है परामर्श तथा अन्य सेवाएं भी दी गई।महिला चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. डेजी द्वारा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषण से पीड़ित महिलाओं में रोग का जल्दी पता लगाना और उचित प्रबंधन पर विशेष जोर देना व जल्दी गर्भधारण पर विशेष ध्यान देना है, क्योंकि इन गर्भ धारणाओं में अतिरिक्त एवं विशेष देखभाल की जरूरत पड़ती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को जिला स्तर पर अगर जरूरत होती है तो मुफ्त जांच के लिए भेजा जाता है और उनके मुफ्त अल्ट्रासाउंड भी कराए जाते हैं। इससे कि समय रहते हुए गर्भवती महिलाओं में उनके शिशु की जांच करवाई जा सके।

## डीएम एसपी द्वारा श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत भदेश्वरनाथ मंदिर मेला स्थल का निरिक्षण



यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं बस्ती पुलिस अधीक्षक श्री गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी एवं अपर जिलाधिकारी अभय कुमार मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी सदर श्री आलोक प्रसाद मय पुलिस बल श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दौरान बाबा भदेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक की तैयारियों जलाभिषेक करने वाले कांवरियों की सुरक्षा एवं मेला स्थल का निरिक्षण कर शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत मंदिर मेला प्रबंधन समस्त अधिकारी कर्मचारीगण से वार्ता किया गया एवं उनकी सुरक्षा शांति कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया।

# प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त का पैसा हड़पा गया पीड़िता ने लगाई जिलाधिकारी से न्याय की गुहार

यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। आपको बता दें कि पूरा मामला जिला कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय का है जहां पर आज पीड़िता उर्मिला पत्नी रमेशचन्द्र निवासिनी कृष्णनगर नरैनी को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के बाद पीड़िता के खाते में पहली किस्त का भुगतान दिया गया। जिसको पीड़िता ने निकालकर निर्माण कराया इसके पश्चात् पीड़िता के खाते में द्वितीय किस्त का पैसा भेजा गया पीडिता को जानकारी न होने पर पीडिता भुगतान नहीं ले पाई पीड़िता के खाते में भेजी गई द्वितीय किस्त की धनराशि दिलीप कुमार पाण्डेय पुत्र बनवारीलाल पाण्डेय सभासद नरैनी व बैंक कर्मचारियों की सह से पूरी जमा धनराशि



निकाल ली गई है। जब पीड़िता बैंक शाखा इण्डियन बैंक नरैनी गई तो पता लगाया तो तत्कालीन बैंक कर्मचारी ने बताया कि तुम्हारा पैसा आया और भुगतान हो गया है तब पीड़िता ने फर्जी तरीके से निकाली गई धनराशि की लिखा पढ़ी कराई इसके बाद से दिलीप पाण्डेय अभी तक कहता रहा कि आपका भुगतान हो जायेगा। आप लोग परेशान न हो पर अब दूसरी किस्त का पैसा मांगने पर दिलीप पाण्डेय गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता का आवास अधूरा पड़ा है पीड़िता ने खाते से निकाले गये धनराशि के बावत कागजात बैंक से निकलाये जिस पर पीड़िता के हस्ताक्षर बने फर्जी कागजात मिले। इसके पहले शाखा प्रबन्धक यह कह रहे थे कि तुम्हारा पैसा गलत जगह भुगतान हो गया है ,जल्द वापसी की कार्यवाही करायी जायेगी। जब पीड़िता ने भुगतान के कागजात निकलाये तो यह कहने लगे कि आप भुगतान ले गयी हैं तुम्हारे हस्ताक्षर बने हैं। अब तुम हम पर गलत आरोप लगाती हो जिससे पीड़िता बहुत परेशान है। मांग है कि पीड़िता के खाते से कराये गये भुगतान के बावत बैंक के कर्मचारी व बैंक दलाल दिलीप कुमार पाण्डेय पुत्र बनवारी लाल पाण्डेय निवासी कृष्ण नगर, नरैनी के विरूद्ध सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कर भुगतान कराया जाये।

# तमकुहीराज पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले गैंग का किया गया पर्दाफाश

## चोरी की सात मोटर साइकिल, 2.50 किग्रा अवैध गांजा व अवैध तमन्चे के साथ 02 वाहन चोर गिरफ्तार



यूपी फाइट टाइम्स

कुशीनगर। जनपद पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 09.07.2023 को प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय मय थाना तमकुहीराज पुलिस टीम द्वारा फतेह मेमोरियल इण्टर कालेज के पास से दो नफर अभियुक्तों 1–विनय कुमार भारती पुत्र स्व0 प्रहलाद प्रसाद सा0 खुदरा अहिरौली थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर, 2–मुन्ना महतो पुत्र चंचल महतो सा0 खुदरा अहिरौली थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर उनके पास से एक अदद चोरी की मोटर साईकिल व 2.5 किग्रा अवैध गांजा व एक अदद तमंचा 0.315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूश 0.315 बोर व निशानदेही पर इनके घर से 06 अदद चोरी की मोटर साईकिल की बरामदगी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 231/2023 धारा 411/414 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट व 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गोष्ठी में किसानों को किया जागरूक

यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से जुड़कर किसानों को सस्ते दामों पर बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, मशीनरी, ग्रीन हाउस, पॉलीहाउस, कृषि तकनीक, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग, आर्थिक मदद और तकनीकी सहयोग उपलब्ध करवाया जाता है, ताकि किसान का मनोबल बढ़े और वो खेती में बिना किसी अड़चन के बेहतर प्रदर्शन कर सकें। यह बातें अतर्रा में विद्याधाम समिति भवन में रनगढ़ फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के कार्यालय उद्घाटन के दौरान आयोजित गोष्ठी में नाबार्ड डीडीएम संदीप कुमार ने कहीं। डीडीएम ने कहा कि एकता में ही सफलता के राज छुपे होते हैं। यही कारण है कि भारत सरकार की योजना किसान उत्पादक संगठन बनाकर किसानों को सशक्तीकरण प्रदान कर रही है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को खेती–किसानी में आपसी सहयोग के लिए एकजुट करना है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के इस योजना से करीब



60,000 छोटे और सीमांत किसानों को सीधे लाभ पहुंच रहा है। एफपीओ सहयोगी संस्था श्रमिक भारती से आए रावेंद्र द्विवेदी (प्रोजेक्ट मैनेजर) ने कहा कि इसके तहत किसानों को खेती–किसानी से जुड़े कामों में आर्थिक और सामाजिक सहयोग मिलता है। इस योजना से लाभ लेने वाले किसानों को बाजार में भी अपनी फसलों का मोलभाव करने में आसानी होती है। राजाभइया (सीबीबीओ) ने एफपीओ के बारे में किसानों को जानकारी दी। बताया कि किसान उत्पादक संगठन किसानों का एक रजिस्टर्ड ग्रुप होता है, जो खेती–किसानी से संबंधित मामलों में किसानों की मदद करता है। इससे किसानों को आपसी सहयोग के चलते फसलों की खरीद–बिक्री करने में आसानी होती है। प्रगतिशील किसान पुष्पेंद्र भाई, अभियान संस्था के अशोक कुमार, राजा भइया सिंह ने भी अपने विचार रखे। इसके पूर्व अर्चना व शशि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संगीत आचार्य लल्लूराम शुक्ल ने किसानों को प्रेरणा गीत सुनाए। संचालन सैयद इमरान अली ने किया। इस मौके पर कुबेर सिंह, शिव कुमार, माया श्रीवास्तव, बैजनाथ, श्याम सुंदर, बिहारीलाल, सागर, मनोज, दयाशंकर सहित किसान मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे एवं चेयरमैन जगत जायसवाल ने केयर डायग्नोस्टिक सेंटर का किया भव्य उद्घाटन

यूपी फाइट टाइम्स



संतकबीरनगर। खलीलाबाद के बैंक चौराहा स्थित सामुदायिक केंद्र के ठीक सामने केयर डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन पूर्व सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जयचौबे व नगर पालिका खलीलाबाद चेयरमैन जगत जायसवाल ने फीता काटकर किया केयर डायग्नोस्टिक सेंटर पर पहुंचते ही पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे व नगर पालिका अध्यक्ष जगतजायसवाल का लोगों ने फूल माला पहनकर किया इस्तकबाल वहीं पूर्व विधायक जय चौबे ने अच्छे अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने को लेकर डायग्नोस्टिक सेंटर के डायरेक्टर मोहम्मद खालिद इल्तिजा की सराहना की गौरतलब है कि केयर डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड से लेकर पैथोलॉजी की सभी जांचे उचित मूल्यों पर की जाती हैं वहीं कार्यक्रम में मौजूद रहे नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल ने इस अच्छे कार्य को लेकर केयर डायग्नोस्टिक सेंटर के मालिक को शुभकामनाएं देते हुए अच्छी जांच कर जनता को उचित मूल्यों पर रिपोर्ट दें ताकि आपके डायग्नोस्टिक सेंटर का नाम जनपद में मशहूर हो इस दौरान मौजूद रहे मोहम्मद खालिद इल्तिजा मुमताज अहमद अमीरुललाह खां मोहम्मद नासिर खान इमरान मोहम्मद इरफान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# छावनी पुलिस द्वारा शांति भंग की आशंका में 2 अभियुक्तगिरफ्तार

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश क्रम मे जनपद बस्ती मे अपराधा एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत बस्ती अपर पुलिस अधीक्षक श्री दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निर्देश व हरैया क्षेत्राधिकारी श्री शेषमणि उपाध्याय के निकट पर्यवेक्षण मे छावनी थानाध्यक्ष श्री दुर्गेश कुमार पांडेय के कुशल नेतृत्व मे उ०नि० राजीव सिंह मय हमराही कर्मचारी गण के साथ ग्राम संदलपुर पहुँचे तो ज्ञात हुआ कि दो पक्ष आपस में पुरानी रंजिश को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे मौके पर पहुचकर उक्त पुलिस द्वारा काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन प्रथम पक्ष के सूरज निषाद पुत्र दावन निवासी संदलपुर थाना छावनी जनपद




बस्ती उम्र 30 वर्ष व द्वितीय पक्ष के अभिषेक निषाद पुत्र संतकुमार निवासी संदलपुर थाना छावनी जनपद बस्ती उम्र 24 वर्ष और उग्र होकर आमदा फौजदारी होने लगे मौके पर शांति व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत अभियुक्त को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 151/107/116 ब्तच्ब मे चालान किया गया है जिनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण थानाध्यक्ष श्री दुर्गेश कुमार पांडेय थाना छावनी जनपद बस्ती उ0 नि0 श्री राजीव सिंह थाना छावनी जनपद बस्ती का0 रोहित कुमार थाना छावनी जनपद बस्ती का0 ऋतिक कुमार थाना छावनी जनपद बस्ती।

## पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व वांछितध्वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला उदयराज सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सादुल्लानगर बृजानंद सिंह के कुशल नेतृत्व में

यूपी फाइट टाइम्स

थाना सादुल्ला नगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 10.07.2023 को वारन्टी सम्बन्धित न्यायालय CJJD/JM कोर्ट–09 बलरामपुर के आदेश के क्रम में मामला संख्या 557/2023 बनाम निसार अहमद खाँ पुत्र आशिक अली निवासी लालपुर भलुहिया थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0न्यायालय बलरामपुर रवाना किया गया।

नाम पता अभियुक्त

1. निसार अहमद खाँ पुत्र आशिक अली निवासी लालपुर भलुहिया थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर।

गिरफ्तारकर्ता टीम

1. उप निरीक्षक परमानंद चौहान
2. हे0कां0 शैलेन्द्र राणा



# अनेक समस्याओं की जड़ है बढ़ती आबादी



सम्पादक
सतीश गोयल

**जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई,**

भारत की आजादी के समय देश की आबादी 36 करोड़ थी, जो बढ़कर 143 करोड़ हो चुकी है। 2019 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि 2024 तक भारत और चीन की जनसंख्या बराबर हो जाएगी और 2027 में भारत चीन को पछाड़कर विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा लेकिन भारत इसी साल दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन चुका है। जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं। बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम 'ऊंट के मुंह में जीरा' ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। हकीकत यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल नहीं हो सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 फीसदी आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन




कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिये से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दम्पत्तियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी है लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा। वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन को विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिये जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है।

## संपादकीय

# हिंसा की मंशा

पश्चिम बंगाल में कोई चुनाव बिना हिंसा के पूरा हो जाये तो अचरज ही होगा। दशकों से यहां साल-दर-साल चुनावी हिंसा का इतिहास रहा। इस बार के पंचायत चुनावों में भी ऐसा ही हुआ। बड़े पैमाने पर हिंसा के अतिरिक्त आगजनी, बूथ कब्जाने, बैलेट बॉक्स ले जाने व नष्ट करने के साथ जाली मतदान की भी खबरें हैं। शुरुआत में तेरह लोगों की हत्या की बात कही गई, अपुष्ट सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा ज्यादा हो सकता है। हमलों में बम व गोली का इस्तेमाल हुआ है। सवाल उठाया जा रहा है कि केंद्रीय बलों की तैनाती के बावजूद पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा को क्यों नहीं टाला जा सका। राजनीतिक पंडित मानते हैं कि हिंसा पश्चिम बंगाल की राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, यही वजह कि तमाम प्रयासों के बावजूद इस पर नियंत्रण संभव नहीं हो पाता। इसी वजह से इस बार की हिंसा ने 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिसका उदाहरण सर्वाधिक हिंसा के रूप में दिया जाता था, जिसमें दस लोग मरे थे।



कलकत्ता हाईकोर्ट लंबे समय से चुनाव के दौरान हिंसा की आशंका के चलते बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जरूरत बताता रहा है। लेकिन राज्य सरकार इसके पक्ष में नहीं थी। बाद में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के खिलाफ राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट भी गये, इस मांग को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था।

दरअसल, राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग की हीला-हवाली के चलते केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती में व्यवधान हुआ। यदि समय रहते उनकी तैनाती होती तो उम्मीद थी कि हिंसा को टाला जा सकता था। दरअसल, केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती न केवल देर से हुई बल्कि संवेदनशील इलाकों में उनकी तैनाती न करने के भी आरोप प्रशासन पर लगे। जिस बात को कलकत्ता हाईकोर्ट लंबे समय से महसूस कर रहा था, उसकी राज्य सरकार ने अनदेखी की। कोर्ट ने ग्यारह जुलाई को चुनाव परिणाम घोषित होने के दस दिन बाद तक केंद्रीय बलों की तैनाती के निर्देश दिये हैं ताकि जीत-हार के तनाव में फिर से हिंसा न हो। दरअसल, कहीं न कहीं राज्य के राजनीतिक दल इन चुनाव परिणामों के निष्कर्ष से आम चुनाव में बढ़त लेने की होड़ में जुटे रहे। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल टीएमसी की भूमिका को लेकर सवाल उठा रहे हैं। भाजपा ने तो राज्य में राष्ट्रपति शासन तक की मांग कर दी है। छह सौ से अधिक बूथों पर फिर चुनाव कराने के चुनाव आयोग के फैसले से साफ है कि किस पैमाने पर धांधली व हिंसा हुई है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर हुई देरी और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में उनकी तैनाती न होने से हिंसा को बढ़ावा मिला। ऐसे में सवाल उठता है कि पिछली सदी में अस्सी के दशक से शुरू हुआ हिंसा का यह सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा।

## चिंतन-मनन

# भगवान की विचारणाएं

जब मनुष्य इस जिम्मेदारी को समझ ले कि मैं क्यों पैदा हुआ हूं और पैदा हुआ हूं तो मुझे क्या करना चाहिए? भगवान द्वारा सोचना, विचारना, बोलना, भावनाएं आदि अमानतें मनुष्य को इसलिए नहीं दी गई हैं कि उनके द्वारा वह सुख-सुविधाएं या विलासिता के साधन जुटा अपना अहंकार पूरा करे बल्कि इसलिए दी गयी हैं ताकि इनके माध्यम से वह विश्व को अधिक सुन्दर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रयत्न कर।

बैंक के खजांची के पास धन इसलिए रखा रहता है ताकि सरकारी प्रयोजनों के लिए इस पैसे को खर्च कर। खजाने में रखे लाखों रुपये खजांची कैसे खर्च कर सकता है।अपने लिए उसे उतना ही इस्तेमाल करने का हक है, जितना उसे वेतन मिलता है। पुलिस और फौज का कमांडर है, उसको अपना वेतन लेकर जितनी सुविधाएं मिली हैं, उसी से काम चलाना चाहिए। बाकी बहुत सारी सामर्थ्य और शक्ति उसे बंदूक चलाने के लिए मिली है, उसे सिर्फ उसी काम में खर्च करना चाहिए, जिसके लिए सरकार ने उसको सौंपा है।

हमारी सरकार भगवान है और मनुष्य के पास जो कुछ विभूतियां, अक्ल और विशेषताएं हैं, वे व्यक्तिगत ऐय्याशी सुविधा और शौक-मौज के लिए नहीं हैं। व्यक्तिगत अहंकार की तृप्ति के लिए नहीं है। भगवान का बस एक ही उद्देश्य है- निरूस्वार्थ प्रेम। इसके आधार पर भगवान ने मनुष्य को इतना ज्यादा प्यार किया। मनुष्य को उस तरह का मस्तिष्क दिया है, जितना कीमती कम्प्यूटर दुनिया में आज तक नहीं बना। मनुष्य की आंखें, कान, नाक, वाणी एक से एक चीजें हैं, जिनकी रुपयों में कीमत नहीं आंकी जाती है। मनुष्य के सोचने का तरीका इतना बेहतरीन है, जिसके ऊपर सारी दुनिया की दौलत न्योछावर की जा सकती है। ऐसा कीमती मनुष्य और ऐसा समर्थ मनुष्य जिस भगवान ने बनाया है, उसकी यह आकांक्षा जरूर रही है कि दुनिया को समुन्नत और सुखी बनाने में यह प्राणी मेरे सहायक के रूप में काम करेगा और मेरी सृष्टि को समुन्नत रखेगा। मानव जीवन की विशेषताओं और भगवान द्वारा विशेष विभूतियां मनुष्य को देने का एक और उद्देश्य है। जब मनुष्य इस जिम्मेदारी को समझ ले कि मैं क्यों पैदा हुआ हूं और पैदा हुआ हूं तो मुझे क्या करना चाहिएट तो समझना चाहिए कि इस आदमी का नाम मनुष्य है, इसके भीतर मनुष्यता का उदय हुआ और इसके अंदर भगवान की विचारणाएं उदित हो गयीं।

# राजनैतिक दलों को तोड़ती विरासत की दावेदारी



निर्मल रानी

राजनैतिक विरासत की दावेदारी को लेकर पारिवारिक घमासान की खबरें तो स्वतंत्रता के बाद ही उसी समय आनी शुरू हो चुकी थीं जबकि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू अपने साथ अपनी इकलौती बेटी इंदिरा प्रियदर्शिनी को साथ लेकर देश विदेश की यात्राओं पर जाया करते थे। वे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के नेताओं व राष्ट्राध्यक्षों से उनका परिचय कराते और उन्हें राजनीति के दांव पेच सिखाते। नेहरू जी ऐसा इसीलिये करते थे ताकि उनकी राजनैतिक विरासत उनकी इकलौती बेटी इंद्रा संभाल सके। परन्तु उसी समय नेहरू की बहन व स्वतंत्रता सेनानी विजय लक्ष्मी पंडित के अंतर्मन में भी नेहरू की विरासत संभालने की मनोकामना पनप रही थी। नेहरू के बाद इंदिरा व उनकी बुआ विजय लक्ष्मी पंडित के परस्पर मतभेदों के भी कई किस्से सामने आते रहते थे। परन्तु चूंकि यह देश का सर्वोच्च राजनैतिक घराना था इसलिये अपनी सूझ बूझ से इस पारिवारिक मतभेद को उसने ज्यादा उभरने नहीं दिया। और विजय लक्ष्मी पंडित को कभी राज्यपाल,कभी राजदूत तो कभी संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष जैसे पदों पर नियुक्त कर कराकर पारिवारिक मतभेदों को ज्यादा उभरने का मौका नहीं दिया। परन्तु यही परिवार राजनैतिक विरासत की दावेदारी को लेकर उस समय बिखर गया जब इंदिरा गांधी द्वारा अपने राजनैतिक उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किये जा रहे उनके छोटे बेटे संजय गांधी की विमान हादसे में मृत्यु हो गयी। और जब संजय गांधी की जगह दूसरा वारिस तलाश करने का समय आया तो इंदिरा गाँधी ने अपने बड़े बेटे राजीव गाँधी को आगे किया। उस समय संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी यह आस लगाये बैठी थीं कि शायद वे संजय गांधी की उत्तराधिकारी बनाई जाएंगी। परन्तु जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने अंत्तोगत्वा पार्टी व परिवार दोनों से विद्रोह का रास्ता अख़्तियार किया। अभी तक मेनका गाँधी कांग्रेस पार्टी और अपने गाँधी नेहरू परिवार से अलग अपनी पहचान बनाकर राजनीति में सक्रिय हैं।

पिछले दिनों महाराष्ट्र में शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में हुआ विभाजन भी दरअसल पार्टी विरासत को लेकर उभरे मतभेदों परिणाम नजर आ रहा है। शरद पवार भी अपनी पार्टी की विरासत को अन्य नेताओं की ही तरह अपनी बेटी सांसद सुप्रिया सुले को ही सौंपना चाहते थे। इसीलिये गत माह जून में सुप्रिया सुले को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बना कर उनके आगे आने का रास्ता साफ किया गया। जाहिर है यह बात उनके भतीजे व वरिष्ठ एन सी पी नेता अजित पवार जोकि महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता से लेकर प्रदेश के कई बार उपमख्यमंत्री तक के पदों पर रह चुके हैं उन्हें रास नहीं आयी। और आखिरकार पिछले दिनों लंबे समय से एन सी पी में धधक रही बगावत की यह चिंगारी उस समय धधक उठी जब महाराष्ट्र की भाजपा-शिवसेना सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री के तौर पर शामिल हो गए और पार्टी के नौ विधायकों के साथ पार्टी से अलग हो गये। महाराष्ट्र में ही इससे पहले बाल ठाकरे की विरासत की दावेदारी को लेकर शिवसेना बल ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे व भतीजे राज ठाकरे के बीच विभाजित हो चुकी है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मुलायम सिंह यादव परिवार में अखिलेश यादव व शिवपाल यादव यानी चाचा भतीजे के बीच मतभेद उभरते रहे हैं। हरियाणा में चौधरी देवीलाल परिवार में या फिर उनके बाद ओम प्रकाश चौटाला के बेटों अजय व अभय चौटाला के बीच विरासत की रस्साकशी होती देखी गयी । दशकों पूर्व आंध्र प्रदेश में एन टी रामाराव की विरासत को लेकर बेटी दामाद के बीच विरासत की जंग हो चुकी है। लालू यादव परिवार में भी तेजस्वी यादव को उनके बड़े भाई तेज प्रताप यादव अक्सर आँखें दिखाते रहते हैं। बिहार में ही जिस लोक जनशक्ति पार्टी का जनाधार बड़ी मुश्किल और मेहनत से राम विलास पासवान ने तैयार किया था, उनकी मृत्यु के कुछ ही दिनों बाद उनके भाई पशुपति कुमार पारस ने भाजपा की चाल में आकर केंद्रीय मंत्री पद की लालच में उनकी विरासत पर जबरन कब्जा कर लिया और लोजपा का विभाजन कर दिया। जबकि राम विलास अपने बेटे चिराग पासवान को अपना राजनैतिक वारिस के रूप में तैय्यार कर रहे थे।

दूसरी तरफ कश्मीर में गोविन्द बल्लभ पंत परिवार, जगजीवन राम,शेख अब्दुलाह व फारूक अब्दुल्लाह परिवार या मुफ़्ती सईद परिवार अथवा हिमाचल के प्रेम कुमार धूमल परिवार में या फिर पंजाब के प्रकाश सिंह बादल परिवार,राजेश पायलट परिवार या चौधरी चरण सिंह जैसे दर्जनों परिवार ऐसे भी हैं जहाँ नेताओं की राजनैतिक विरासत शांतिपूर्ण तरीके से उनके वारिसान को हस्तानांतरित हुई है। इसका कारण यही था कि या तो राजनैतिक वारिस के रूप में नेताओं के सामने उनकी इकलौती संतान थी या फिर परिवार के अन्य सदस्यों की राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं थी।अन्यथा क्या भाई तो क्या पत्नी या बेटी या दामाद अथवा भतीजे सभी रिश्ते राजनैतिक विरासत संभालने के मुद्दे पर कई बार तार तार होते दिखाई दिये हैं। हाँ पिछले कुछ वर्षों से भारतीय जनता पार्टी द्वारा जहां मंत्री अथवा अन्य उच्च पदों की लालच देकर क्षेत्रीय पार्टियों को समाप्त या कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जैसे बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के साथ की गयी उसी तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों का भय दिखाकर भी भ्रष्टाचार के आरोपी अनेक नेताओं को भी भाजपा द्वारा अपने साथ जोड़ा जा रहा है। कुछ ही दिन पहले स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि -एनसीपी सबसे भ्रष्ट पार्टियों में से एक है और उनके नाम 73,000 करोड़ का घोटाला है। परन्तु अब एनसीपी के उन्हीं कथित भ्रष्ट नेताओं से हाथ मिला लिया गया है। जिन नेताओं को भ्रष्ट बताया गया था, उन्हीं के साथ केवल हाथ ही नहीं मिलाया गया बल्कि उन्हें मंत्रिमंडल में भी शामिल कर लिया गया है ? इस समय अजित पवार सहित प्रफुल पटेल,छगन भुजबल,आदित्य सुनील तटकरे व हसन मुशरीफ जैसे एन सी पी छोड़ने व भाजपा सरकार से हाथ मिलाने वाले नेता ऐसे हैं जिनपर भ्रष्टाचार विरोधी मामले चल रहे हैं या वे ई डी के निशाने पर हैं। पहले भी भाजपा ने नारद स्टिंग कांड में सुवेंदु अधिकारी को कैमरे पर पैसे लेते देखे जाने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। गोया राजनैतिक दलों को जहां विरासत की दावेदारी तोड़ रही है वहीं नयी भ्रष्टाचारियों को राहत योजना के तहत भी या तो पार्टियां तोड़ी जा रही हैं या भ्रष्टाचारी नेताओं को अपने साथ जोड़ा जा रहा है।

# यूसीसीः मुस्लिम महिलाओं के हक में



शरद कुमार सह सम्पादक

केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में समान नागरिक संहिता लागू करके अपना चिर-परिचित वादा पूरा करना चाहती है। इसलिए उसने सभी पक्षों से राय मांगी है। इस मुद्दे को लेकर बहस जारी है। लेकिन इतना जरूर है कि देश में समान नागरिक संहिता लागू होने से मुस्लिम महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

वजह यह है कि समान नागरिक संहिता ऐसा कानून है, जो देश के सभी नागरिकों के लिए बराबर है। इसमें लिंग के आधार पर किसी से भेदभाव नहीं किया जाता। इसके लागू होने पर देश में विभिन्न मजहबों और समुदायों के अपने निजी कानून खुद ब खुद खत्म हो जाएंगे यानी मजहब के आधार पर किसी को कोई खास फायदा नहीं मिल सकेगा, जो उन्हें अब तक मिलता रहा है।

मौजूदा वक्त में देश में विभिन्न मजहबों और समुदायों के अपने-अपने निजी कानून लागू हैं, जो उनके धार्मिक ग्रंथों पर आधारित हैं। मुसलमानों का कानून शरिया कुरान पर आधारित है। ये कानून भारतीय संविधान के समानांतर चलते हैं। इस वजह से बहुत बार अदालतों के सामने संकट पैदा हो जाता है। ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जब धार्मिक कानून और न्यायपालिका में टकराव के हालात बन गए। शाह बानो मामला इसकी मिसाल है। काबिले गौर है कि शरिया ऐसा कानून है, जो मुस्लिम पुरुषों को चार निकाह करने की इजाजत देता है।



वे जब चाहें अपनी पत्नी को तलाक दे सकते हैं, लेकिन महिलाएं अपने पति को तलाक नहीं दे सकतीं, बल्कि उन्हें तलाक मांगनी पड़ती है, जिसे खुला कहा जाता है। पुरानी दिल्ली में रहने वाली तकरीबन 67 साल की बन्नो के तीन बेटे और एक बेटी है। उनके बेटों और बेटी के भी बच्चे हैं। कुछ साल पहले उनका बूढ़ा पति अपनी बेटी की उम्र की लड़की से निकाह करके घर ले आया। इस घटना के कुछ वक्त बाद उनके एक बेटे ने भी दूसरा निकाह कर लिया। इन दोनों दूसरी शादियों के बाद घर का माहौल खराब हो गया। यह सिर्फ एक घर का किस्सा नहीं है। मुस्लिम समाज में ऐसे लोगों की तादाद बहुत ज्यादा है। नजर दौड़ाने पर आसपास बहुत से घर देखने को मिल जाते हैं, जिनमें एक व्यक्ति की दो-दो पत्नियां हैं।

मुस्लिम समाज में तलाकशुदा महिलाओं की तादाद भी बहुत ज्यादा है। मुस्लिम इलाकों में ऐसे बहुत से घर मिल जाते हैं, जिनमें तलाकशुदा महिलाएं हैं। मुस्लिम समाज की महिलाओं की बदतर हालत जगजाहिर है। शाह बानो मामला मुस्लिम समाज में महिलाओं की हालत को बयां करने के लिए काफी है। मध्य प्रदेश के इंदौर में 1978 में तकरीबन 62 वर्षीय शाह बानो को उनके वकील पति मोहम्मद खान ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। उनके पांच बच्चे थे। मजलूम शाह बानो के पास गुजर- बसर के लिए आमदनी का कोई जरिया नहीं था। उनके पति ने उन्हें खर्च देने से साफ मना कर दिया। इस पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटा कर इंसाफ की गुहार लगाई। तकरीबन सात साल बाद 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने उनके पति को निर्देश दिया कि वह अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारे के लिए मासिक भत्ता दे। अदालत ने अपराध दंड संहिता की धारा-125 के तहत यह फैसला सुनाया था। काबिले गौर है कि अपराध दंड संहिता की यह धारा देश के सभी नागरिकों पर लागू होती है। चाहे वे किसी भी मजहब, जाति या संप्रदाय से संबंध रखते हों।

सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से उम्मीद जगी थी कि देश में मुस्लिम महिलाओं की हालत बेहतर हो सकेगी, लेकिन कट्टरपंथियों ने इस फैसले का सख्त विरोध किया। उस वक्त ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने देश भर में प्रदशर्न करने की चेतावनी दी। नतीजतन, तत्कालीन कांग्रेस सरकार कट्टरपंथियों के सामने झुक गई। प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को बदल दिया। इस तरह कट्टरपंथी जीत गए और एक मजलूम औरत हार गई।

अफसोस की बात है कि कट्टरपंथियों को मजलूम औरत और उसके बच्चों की बेबसी दिखाई नहीं दी। सरकार ने भी इस मामले में इंसानियत के जज्बे को ताक पर रख दिया था। खुशनुमा बात है कि मोदी सरकार समान नागरिक संहिता लागू करना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी ने 2019 और 1998 में अपने चुनावी घोषणापत्रों में देश में समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। प्रधानमंत्री मोदी से उम्मीद की जा रही है कि वह इस वादे को पूरा करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि समान नागरिक संहिता लागू होने से मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बेहतर हो सकेगी। यह कानून बहुपत्नी प्रथा को खत्म करने में कारगर साबित होगा। महिलाओं को इस खौफ से भी निजात मिल जाएगी कि न जाने कब उनका पति उनकी सौत ले आए या उन्हें तलाक देकर घर से निकाल दे। उनके भरण-पोषण का मसला भी हल हो सकेगा। उन्हें जायदाद में भी बराबर हिस्सा मिल पाएगा। बहरहाल, यह कानून उन्हें वे सब अधिकार देगा, जिनसे अब तक वे महरूम रही हैं।

# जवान लड़के जब नशे में मस्त रहेंगे तो कैसे आजाद, भगत, अशफाक, राजेंद्र लाहिड़ी जैसे देश भक्त बन पाएंगे

## सन्त बाबा उमाकान्त जी ने बताया कैसे पूरा होगा नशा मुक्त भारत का सपना

यूपी फाइट टाइम्स

करनाल (हरियाणा)। निजध ाामवासी बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, प्रकृति को खुश करने का तरीका बताने वाले, शाकाहार, सदाचार व नशा मुक्ति के कट्टर समर्थक, इस समय के महापुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, परम दयालु, त्रिकालदर्शी, दुःखहर्ता, लोकतंत्र सेनानी, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 17 जून 2023 सायं करनाल (हरियाणा) में दिए व अधिकृत यूटच्यूब चौनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि पहले काश्तकार अपने खेत में खड़ा होकर हाथ जोड़कर पानी मांगता था बादल बरस जाते थे, हनुमान जी गरिमा महिमा शक्ति प्रकट करके पूरा पहाड़ उठा लाये थे। यह अणिमा, महिमा, गरिमा, लघुमा सिद्धियां, कामधेनु, कल्पवृक्ष यह सब कुछ यहीं मौजूद हैं। लेकिन इनको अगर लाया जाए, जल, पृथ्वी, अग्नि, वायु और आकाश को खुश किया जाए तो समय पर जाड़ा गर्मी बरसात होने लग जाए, लोगों की खाने रहने की समस्या दूर हो जाए।

अपहरण बलात्कार आदि भारतीय संस्कृति में हैं अवैध

अब देखो, ष्अकाल मृत्यु जग माही व्यापै, प्रजा बहुत मरे।ष अकाल मृत्यु बहुत हो रही है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। कारण यही है कि लोगों का खान–पान गलत हो गया, विचार भावनाएं गलत हो गई। चोरी, डकैती, आगजनी, अपहरण, बलात्कार जो भारतीय संस्कृति में अवैध है, वह बढ़ता चला जा रहा है। सर्व विदित हो गया कि (मांसाहार से) खून के बेमेल होने की वजह से तरह–तरह की बीमारियाँ आ रही हैं। इसके लिए, शरीर को निरोग बनाए रखने के लिए भी सबको मिलकर योजना बनाने की जरुरत है।

देश में जितने भी जिम्मेदार हैं, सबकी ड्यूटी बनती है

भ्रष्टाचार और अपराध की जननी शराब है। अभी हमारे संतोष पासवान जी ने कहा कि इतने लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिला दिए हैं लेकिन अब यह है कि बगीचा तो यह लोग लगा रहे हैं लेकिन अगर रखवाली नहीं की जाएगी तो फिर ये नशेड़ी को नशेड़ी मिल जाएंगे, वह फिर से खाने–पीने लग जाएंगे। देश के सभी जिम्मेदारों की ड्यूटी बनती है कि अपने–अपने स्तर से लोगों को समझाएं, (नशा) छुड़वाएं और जो छोड़ दिए हैं उनकी फिर से आदत न बन जाए, इसलिए सबका कर्तव्य बनता है।



परम् पूज्य परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज



भारी वर्षा के बीच सतसंग सुनते बाबा जी के अनुयाई

कैसे नशा मुक्त भारत का सपना होगा पूरा

देखिए कौशल किशोर जी जो केंद्रीय मंत्री हैं उनसे पहले हमारा कोई परिचय नहीं था। वह हमारे पास आए कहा कि मैं नशा मुक्ति का अभियान चला रहा हूं, इसमें आपके सहयोग की जरूरत है। आपके लोग मेहनती हैं, इस अभियान में तेजी ला सकते हैं। हमने उनसे कहा कि हमारा भी तो यही काम है। उन्होंने बताया कि मेरा लड़का नशे का आदी हो गया, बहुत प्रयास किया उसको बचाने का, शादी ब्याह भी कर दिया लेकिन उसके अंदर सुध ाार नहीं आया और मेरा लड़का खत्म हो गया, नशा ही उसको पी गया, खा गया। तब से मेरी विधायक पत्नी समेत पूरा परिवार लग गया। यह टीम उन्होंने बना लिया। यह समस्या किसी के भी सामने आ सकती है तो जड़ को ही क्यों न खत्म किया जाए। इसके लिए एक ठोस योजना बने। तब सब लोग अपनी–अपनी ड्यूटी महसूस करने लगेंगे, सब लोगों का साथ जब हो जाएगा तो नशा मुक्त भारत का सपना पूरा हो जाएगा। बुद्धि ही खराब हो जाए, मां–बहन की पहचान खत्म हो जाए तो आदमी क्या कर सकता है? भारत का क्या होगा? नौजवान बच्चे और बच्चियों के चरित्र का गिरना बहुत बड़ी चिंता की बात है। समझाने से मन गलत दिशा से हटेगा।

इतिहास साक्षी है कि गोस्वामी जी को उनकी पत्नी ने बैराग्य दिला दिया

भारत देश का यह इतिहास बता रहा है कि इतनी आ शक्ति थी कि संत गोस्वामी महाराज में, जो पत्नी के लिए कैसे–कैसे बरसात में पहुंचे थे लेकिन एक ही बात से उन्होंने संतुष्ट किया और बैराग दिला दिया– अस्थि चरम मय देह मम, तामै ऐसी प्रीत। जो काहू होते राम मय, तो होत न भव भीत।। यह बताया कि हमारे शरीर से इतना प्रेम है, यदि यही प्रेम तुम प्रभु से करने में लग जाओ, प्रभु तुमको मिल जाए तो सब बात बन जाय। तो गृहस्थ में रहते हुए ही मन को हटाने की बात है।

अच्छे लोगों की टीम तैयार करें

देखो जहां जितना दुष्टता, अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ता चला जा रहा है, उससे कहीं अधिक देश में अच्छे लोग हैं। अच्छे लोग अगर अपनी टीम बना लें, अपने काम को उजागर करने लग जाएं तो उसके आगे अपराध और धृष्टता दब जाएगा। उसकी कोई कीमत नहीं रह जाएगी। जब एक–एक आदमी को 10–10 आदमी समझाने लग जाएंगे तो उसके समझ में आ जाएगा, विचार भावना बदल जाएगी और जैसा सन्तों ने कहा है, इस कलयुग में ही सतयुग का नजारा दिखने लग जाएगा। इस समय पर इसकी जरूरत है।

### पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा श्रावण मास के सोमवारध्कावड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ मंदिर का किया गया भ्रमण



यूपी फाइट टाइम्स

आज दिनांक 10 जुलाई 2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा श्रावण मास के प्रथम सोमवारध कावड़ यात्रा के दौरान जनपद में शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत थाना पचपेड़वा क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ मेले का भ्रमण किया गया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत कावड़ यात्रियों द्वारा जल भरे जाने वाले स्थल का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में शिकायती प्रार्थना– पत्र लेकर आये आम–जनों की समस्याएं सुनी गई, उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये निर्देशः–



यूपी फाइट टाइम्स

आज दिनांक– 10.07.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतेंध्समस्याएं लेकर आये हुए शिकायत कर्ताओं/आम–जनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## डीएम प्रियंका निरजंन एवं एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने भदेश्वरनाथ मंदिर जाकर तैयारियों का लिया जायजा

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं बस्ती पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने अधिकारियों के साथ सावन मास के महा शिवरात्रि मेले की श्री भदेश्वरनाथ मंदिर जाकर तैयारियों का जायजा लिया उन्होने निर्देश दिया है कि बैरिकेडिंग नाली निर्माण साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था 11 जुलाई की शाम तक पूरी कर सभी विभाग रिपोर्ट देंगे अधिकारियों ने मंदिर से डारीडीहा को जोड़ने वाले लगभग 500 मीटर नवनिर्मित मार्ग का भी निरीक्षण किया जो अब समतल हो गया है उन्होने जिला पंचायत को निर्देश दिया कि इस पर इण्टरलाकिंग का कार्य करायें। उन्होने प्रत्येक मोड़ पर सूचना संबंधी बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया है जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण मंदिर परिसर का निरीक्षण किया कावरियों के मंदिर में प्रवेश एवं निकास के मार्ग का निरीक्षण किया इस बार शिवलिंग के पहले बैरिकेडिंग लगायी गयी है, कावड़िये इस पर जल चढाते हुए बायी तरफ से बाहर निकलेंगे तथा नवनिर्मित मार्ग पकड़कर डारीडीहा रोड पर आ जायेगे। इस व्यवस्था से मंदिर के सामने भीड़ नियंत्रण में सुविधा होगी मंदिर तक पहुँचने वाले अन्य मार्गो पर भी बैरिकेडिंग एवं पुलिस की व्यवस्था की गयी है। दोनों अधिकारियों ने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया उन्होने पार्किंग स्थल एवं आशा होटल के बंगल से यहाॅ तक आने वाले मार्ग पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था कराने तथा सड़क की मरम्मत कराने का उन्होने निर्देश दिया उन्होने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि 13, 14 एवं 15 जुलाई के लिए सफाई कर्मियों की टीम गठित कर दें, जो नियमित साफ सफाई करें सड़ध्क के किनारे नाली के बाद दुकानदार अपनी दुकान लगायेंगे उल्लेखनीय है कि 14 की आधी रात से 15 जुलाई को दोपहर तक कांवडियों द्वारा श्री भदेश्वर नाथ मंदिर में जल चढ़ाया जाएगा इस दौरान लाखों श्रद्धालु अयोध्या में सरयू नदी से जल लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग से अमहट चेतक तिराहा एवं डारीडीहा होते हुए श्री भदेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेंगे शहर में इस मार्ग की मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है चेतक तिराहा से चार पहिया वाहन जाने की अनुमति नही होगी दो पहिया वाहन डारीडीहा से पहले पार्किंग में खड़े किए जायेंगे जिलाधिकारी ने बताया कि 12 जुलाई की शाम से राष्ट्रीय राजमार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा केवल एंबुलेन्स एवं शव वाहन जा सकेंगे। घघौआ से राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रत्येक 2 किलोमीटर पर सेक्टर बनाकर पड़ाव स्थल बनाया जा रहा है, जहां कांवड़िये विश्राम कर सकेंगे यहां पर उनके लिए पेयजल प्रकाश शौचालय आदि की व्यवस्था रहेगी तथा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा उन्हें भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले गांव अपने गांव के सामने तथा पड़ाव स्थल पर सूचनात्मक बैनर और होर्डिंग लगाएंगे परिवहन विभाग यहां पर स्टाल लगाएगा जहां सड़क सुरक्षा संबंधी सूचनाएं दर्ज होंगी तथा उनके लिए सशुल्क हेलमेट उपलब्ध होगा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे जहां डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ दवाएं भी उपलब्ध रहेंगी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पड़ने वाले सभी सीएचसी पीएचसी 24 घंटे खुले रहेंगे तथा यहां पर कुत्ता काटने एवं सांप काटने पर लगने वाली सुई उपलब्ध रहेगी जिलाधि ाकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाले लिंक रोड पर पीडब्ल्यूडी के द्वारा बैरिकेडिंग लगायी जायेगी राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर पर 26 स्थानों पर कट्स है जिस पर प्राधिकरण द्वारा बैरिकेडिंग की जायेंगी निरीक्षण के दौरान सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति एडीएम कमलेश चन्द्र एएसपी दीपेन्द्रनाथ चौधरी एएमए विकास मिश्रा सीओ सदर आलोक प्रसाद टीएसआई कामेश्वर सिंह आलोक कुमार अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी अवधेश कुमार पुंजारी राजेश गिरी उपस्थित रहें।

## माँ भगवती स्वयं सहायता समूह के नाम हुआ कोटा

यूपी फाइट टाइम्स

फतेहपुर। विजयीपुर क्षेत्र के गढ़ा खास गांव में काफी समय से रिक्त चल रही सरकारी राशन की दुकान के चयन के लिए आज सोमवार प्राथमिक विद्यालय में स्वयं सहायता समूहों की खुली बैठक हुई । बैठक में कई समूहों ने अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर आवेदन किया जहा मौजूद अधिकारियों ने सभी आवेदन पत्रों की जांच के बाद गढ़ा खास की मां भगवती स्वयं सहायता समूह के आरती देवी के नाम पर किया गया। वही अन्य समूहो ने गलत तरीके से



चयन करने का आरोप लगाया । श्रद्धा समूह की आरती देवी ने अधिकारियों पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए बताया कि शासन द्वारा नियम है कि आवेदन करने वाली महिला को 2020 से पहले समूह में जुड़ा होना चाहिए। जबकि मौजूदा चयन की गई आरती देवी अभी 2022 में ही समूह में जुड़ी थी। हमारे और भगवती सहायता समूह दोनों की संख्या बराबर थी । उसके बाद भी विपक्षी के नाम कोटे के चयन कर दिया गया। परंतु मौजूद अधिकारियों ने बताया जो समूह सबसे सक्रिय है लेनदेन कर रहा है ज्यादा सदस्य हैं उसी समूह का चयन किया गया है अन्य समूह निष्क्रिय और कम संख्या में थे। वहीं चयन समिति के सदस्य एडीओ कोआपरेटिव शरद विक्रम ने बताया शासन के नियमानुसार समूह का चयन किया गया है। 2020 के बाद का सदस्य भाग नही लेगा ऐसा कोई आदेश नही है कि। चयनित महिला समूह की संख्या 12 थी और मौजूद भी थी दूसरे पक्ष की संख्या 11 थी। मौजूद 5 थी।

### दहेज लोभीयो ने ले लीं नवविवाहिता की जान मायेके पछ ने दी नामजद शिकायत पत्र

यूपी फाइट टाइम्स

चायल, कौशांबी।चायल क्षेत्र के अंतर्गत का अंतर्गत ग्राम मलाकनगर उर्फ बिराहीबाद के बबलू पुत्र छितानी लाल थाना चरवा जिला कौशाबी का निवासी है जो अपनी पुत्री काजल का विवाह 11 जून 2023 को मान चंद स्वर्गीय लव कुश कुमार सेलरहा पश्चिम के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था जो की शादी के समय कोई मांग नहीं किया शादी के कुछ ही दिन बाद लड़की को प्राणित करने लगे कि मोटरसाइकिल, सोने की चौन व नगदी रुपैय की मांग करने लगे स मान चंद पुत्र स्वर्गीय लवकुश, दिलीप कुमार पुत्र झब्बू, बड़कू पुत्र स्वर्गीय लवकुश कुमार,ने मांग पूरी न होने पर युवती को गला दबाकर जान से मार डाला स मायके वालों को मौत की खबर मिलते ही परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल इसकी शिकायत मायके पथ वालों ने नामजद शिकायती पत्र मंझनपुर कोतवाली की और लगाई न्याय की गुहार।

### जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने डायरिया से पीड़ित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दिये जाने के दिए निर्देश

यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने आज जिला अस्पताल में डायरिया की बीमारी के भर्ती मरीजों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डायरिया के भर्ती मरीजों से उनके उपचार के संबंध में वार्ता कर दिए जा रहे चिकित्सा उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों को निर्देश दिया कि डायरिया से पीड़ित मरीज के अस्पताल में आते ही तत्काल उसे समुचित इलाज की व्यवस्था की जाएस इसमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। उन्होंने ट्रामा सेंटर, व जिला अस्पताल में भर्ती मरीज मुस्कान व रेशमा तथा सुधा व अन्य मरीज से वार्ता करते हुए इलाज के संबंध में जानकारी करते हुए बेहतर चिकित्सा सुविध ाा दिए जाने के निर्देश दिएस चिकित्सा अधीक्षक से प्रतिदिन आने वाले डायरिया रोग से संबंधि



उन्होंने ट्रामा सेंटर के मुख्य द्वार के बाहर टंकी से जल रिसाव को तत्काल ठीक कराए जाने के निर्देश दिए, इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में गंदगी न फैले इसके लिए जगह–जगह पर डस्टबिन रखवाये जाने के संबंध में भी निर्देशित कियास उन्होंने मुख्य ात मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं तथा व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, सीएमएस डॉ एसएन मिश्रा, डॉ विनीत सचान सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## जीआरपी/आरपीएफ टीम द्वारा 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

### जिसके कब्जे से 09.300 कि0 ग्रा0 अवैध गांजा बरामद (अनुमानित कीमत करीब 93 हजार रुपये)

यूपी फाइट टाइम्स

झांसी। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, लखनऊ, जयनरायन सिंह के आदेशानुसार, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे, लखनऊ एस.के सिंह के मार्गदर्शन, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे, प्रयागराज अनन्तदेव के पर्यवेक्षण में, पुलिस अधीक्षक रेलवे, झाँसीध आगरा मो0 मुस्ताक व वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त विवेकानन्द नरायण आरपीएफ झाँसी के निर्देशन में ट्रेनो में नशीले पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे,नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय थाना जीआरपी झाँसी के नेतृत्व में गठित जीआरपीध्आरपीएफ एवं क्राईम ब्रांच टीमों द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 10.07.23 को रेलवे स्टेशन झाँसी से 01 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर अनुज कुमार साहू पुत्र परदेशी राम साहू निवासी परसदा थाना हसौद जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया।

अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग–पंजीकृत किया गयाः

1–मु0अ0सं0 439/23 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट थाना जीआरपी झांसी

गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल रहे।

1–उप निरीक्षक राहुल देव थाना जीआरपी झांसी।

2– हे0का0 वीर सिंह।



3– हे०का0 मो0 शोएब।

4–का0 हरिओम।

5–उ0नि0 जितेन्द्र सिंह आरपीएफ पोस्ट झाँसी।

6– प्र0आ0 बजरंगी लाल।

7–का0 विजय शर्मा।

8– स0उ0नि0 नवीन कुमार आरपीएफ डिटेक्टिव विंग रेलवे सुरक्षा बल झाँसी।

9– प्र0आ0 उमेश कुमार।

10–का0 अरुण सिंह राठौर।

## अभासदों का मीटिंग भत्ता दस हजार करने की मांग

यूपी फाइट टाइम्स

कौशाम्बी। नगर पंचायत व नगर पालिका के सभासदों को प्रति मीटिंग भत्ता एक हजार रुपया मिलता है। सभासदों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन देकर इसे दस हजार रुपये करने की मांग की है। डिप्टी सीएम ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि जिला योजना समिति के सदस्य व मंझनपुर के सभासद अंशुल केसरवानी के नेतृत्व में सभासद शनिवार को प्रयागराज में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मिले। अंशुल केसरवानी ने डिप्टी सीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि पहले नगर पंचायत व नगर पालिका के सभासदों को प्रति मीटिंग भत्ता 200 रुपये मिलता था। सपा सरकार में इसे बढ़ा कर प्रति मीटिंग भत्ता एक हजार रुपये कर दिया गया। साल में एक या दो मीटिंग बुलाई जाती है। जनता से निर्वाचित लोग निकाय की सदन में पहुंचे हैं, लेकिन सरकार की ओर से ऐसी कोई सुविधा नहीं मिलती, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके। सभासदों ने उप मुख्यमंत्री ने नगर पंचायत व नगर पालिका के सभासदों का प्रति मीटिंग भत्ता दस हजार रुपये करने की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने की जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

यूपी फाइट टाइम्स

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक की गई। ज्ञात हो कि बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त बाल संरक्षण हित धारकों को निर्देशित किया कि बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तीकरण के लिए वार्षिक कार्ययोजना का ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अनुपालन आख्या प्रत्येक माह कार्यालय जिला प्रोबेशन को प्रेषित किया जाय। उन्होंने बाल कल्याण समिति के कार्या की विस्तृत समीक्षा करते हुए लम्बित मामलों को यथाशीघ्र निस्तारित करने, पॉक्सो के मामलों में नियमानुसार सपोर्ट पर्सन नामित करने तथा बच्चों के आई0सी0पी0 बनाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के रोकथाम के लिए बृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार कराया जाय तथा सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय, जिससे जनपद में कोई भी बाल विवाह सम्पन्न न होने पाये। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) की समीक्षा करते हुए पात्र सभी बच्चां को नियमानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को जनपद में संचालित बाल संरक्षण संस्थाओं का समिति द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को बाल श्रम से मुक्त कराये गये बच्चां का नियमानुसार पुनर्वासन कराने तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के भी निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्हांने ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर गठित समितियों का नियमित रूप से बैठक कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल, उपमुख्य चिकित्साधिकारी हिन्द प्रकाशमणि, अध्यक्षध्सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, प्रभारी ए0एच0टी0यू0, प्रभारी एस0जे0पी0यू0, संरक्षण अधिकारी अजीत कुमार, आई0सी0पी0एस0 के कर्मचारियों, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहें।

## मोहर्रम में जुलूस के रास्तों के लिए नहीं होगी समस्या

यूपी फाइट टाइम्स

कौशाम्बी। मोहर्रम को लेकर जिले के तीनों थानों की पुलिस ने इलाकाई लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान सर्किल के अफसरों ने बैठक में उनसे वार्ता की। कहा कि हर हाल में पर्व शांतिपूर्वक मनाएं। किसी ने भी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया तो पुलिस व प्रशासन उसके साथ सख्ती बरतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। यह भी कहा कि यदि कहीं भी जुलूस निकालने के रास्ते आदि की समस्या हो तो उसे पहले से बताकर हल करा लें। ज्ञात हो कि सरायअकिल थाने में पीस कमेटी की बैठक एसडीएम चायल दीपेंद्र यादव, सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण व थाना प्रभारी विनीत सिंह, नगर अध्यक्ष अनूप सिंह ने बैठक में आए मौलवियों से वार्ता किया। एसडीएम ने पर्व के दौरान रास्ते आदि की समस्या पर कहा कि यदि कहीं भी ताजिया रखने से लेकर जुलूस ले जाने वाले रास्ते में समस्या हो तो पहले से बता दें। सीओ ने कहा कि पर्व के दौरान किसी ने किसी बहाने अथवा अफवाह में पड़कर माहौल खराब करने की कोशिश की तो वह बख्शा नहीं जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जुलूस निकालने के लिए पहले से ही तहसील प्रशासन से परमीशन ले लें। इस मौके पर ग्राम प्रधान अंबारि मोहम्मद सद्दाम, अफताब, मुन्ना रिजवी, शहंशाह आलम ,मोहम्मद अल्ताफ, मोहम्मद शानू ,फहीम, मोहम्मद साईक, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद माशूक, एवं अन्य लोग मौजुद रहे।

## चोरी की घटना के खुलासे के बाद पुलिस पर नकली गहने देने का आरोप,एसपी से शिकायत

यूपी फाइट टाइम्स



कौशाम्बी। जिले की महेवाघाट थाना पुलिस पर चोरी की घटना का फर्जी खुलासा करने और खुलासा के बाद नकली गहने सौंपने का आरोप लगा है,पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है,वही मामले की पैरवी कर रहे बहु के पत्रकार पिता की हत्या की आशंका भी जताई है। मामला महेवाघाट थाना क्षेत्र के निखोदा गांव का है जहा के दिनेश नारायण के यहा कुछ महीने पहले लगभग 35 लाख की चोरी हुई थी,जिस पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की थी और मुकदमा दर्ज कराया और पुलिस से खुलासा की गुहार लगाता रहा, पुलिस ने मामले का खुलासा किया और आरोपियों को अरेस्ट कर जेल भेज दिया लेकिन गहने वापस नहीं किए,जिसके बाद न्यायालय में अवमानना दाखिल किया गया,अवमानना की नोटिस के बाद पुलिस ने गहने वापस किया। पीड़ित का आरोप है कि घटना का खुलासा करने के बाद पुलिस ने उसे जो गहने वापस किए वह नकली है,पीड़ित का आरोप है की पुलिस ने उसे गहने रिसीव करते समय सुनार को दिखाने भी नही दिया है।पीड़ित ने महेवाघाट थाना प्रभारी पर अपराधियो से मिलीभगत का आरोप लगाया है और एसपी से मिलकर शिकायत की और न्याय की गुहार लगाई है। वही एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तत्काल SIT टीम गठित का जांच का आदेश दिया है।यह जांच टीम एक हफ्ते में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## वंचित समाज के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष कर रहा अपना दल

यूपी फाइट टाइम्स



बलरामपुर। पिछड़े दलित व वंचित समाज के लिए अपना दल सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रहा है। हमारे कार्यकर्ता व नेता पूरी प्रतिबद्धता के साथ लड़ रहे है। उक्त बातें अपना दल एस शिक्षक मंच के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह पटेल ने कही। पटेल उतरौला स्थित पार्टी कार्यालय पर विधानसभा उतरौला की मासिक बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असली ताकत है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें। इसी से अपना दल के जनप्रतिनिधि विधानसभा एवं लोकसभा में पहुंचेंगे। हमारी संख्या जितनी अधिक होगी, लड़ाई उतनी ही मजबूती के साथ लड़ी जा सकेगी। उन्होने कहा कि पिछड़ो, दलितों एवं वंचितों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले अपना दल के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल जी का सपना साकार करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को आगे आना होगा। लोक सभा एवं विधान सभा में सीमित संख्या होने के बावजूद हमारी पार्टी के चुने हुए जनप्रतिनिधि पूरी गम्भीरता के साथ एव वंचितो की लड़ाई लड़ रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष मंशाराम वर्मा एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष डा.अन्नू प्रसाद वर्मा ने किया।इस अवसर पर सुनील राधेश्याम वर्मा, डॉ सूरज पटेल,ताजुद्दीन खान, विक्रम पटेल,डॉ उस्मान खान, गणेश वर्मा,राम चेत वर्मा,सुरेश चंद्र वर्मा,संदीप वर्मा,दुर्गा प्रसाद, असरफी लाल वर्मा,छद्दू राम, दुर्गेश कुमार,शिवनाथ विश्वकर्मा, बीपत राम,राजेश कुमार,भगवान दास,ओम प्रकाश वर्मा,अंकित भारती,मनोज यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## आरोग्य मेले में 1136 मरीजों का हुआ इलाज

यूपी फाइट टाइम्स

कौशाम्बी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन रविवार को जिले के 29 स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ। मेले में 19 गम्भीर रोगियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों के 104 लोगों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। ज्ञात हो कि जिले में रविवार को 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित आरोग्य स्वास्थ्य मेले में डॉक्टरों की टीम ने 1136 मरीजों का इलाज किया। सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आलीपुर जीता, सेलरहा पश्चिम, अजुहा, कड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य में आयोजित स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचपी मणि ने मूरतगंज एवं डॉ. केडी सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदहिन खुर्द का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य मेले की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आए हुए मरीजों से बातचीत की। रविवार को हुए आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 46 चिकित्साधिकारी, 121 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगी थी।

## साइबर शातिर ने 96 हजार रुपये की ठगी की

यूपी फाइट टाइम्स

कौशाम्बी। सरायअकिल थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे की युवती के साथ साइबर शातिर ने 96 हजार की ठगी की। टास्क की समीक्षा के बाद निवेश कराने के बहाने रकम जमा कराते रहे। रकम वापस मांगने पर दो लाख निवेश को कहा गया। इनकार करने पर रकम देने से मना कर दिया। दूसरे दिन बैंक पहुंच पीड़िता ने शाखा प्रबंधक को जानकारी दी तो उसे फ्रॉड का पता चला। शनिवार को पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि सरायअकिल कस्बे की खुशी रस्तोगी ने बताया कि व्हाट्सएप पर मैसेज भेज साइबर शातिर ने टेलीग्राम रिसेप्शनिस्ट से संपर्क करने को कहा। इसके बाद टास्क समीक्षा कराने के बहाने से पहले 150 रुपये, फिर पांच हजार, 20 हजार, 65 हजार ऐसा करते–करते उससे 96 हजार रुपये निवेश कराने के बहाने खाते में स्थानांतरित करवा लिया। इसके बाद उसने फोन कर कहा कि अब वह निवेश नहीं करेगी, उसकी रकम वापस कर दी जाए। इस पर साइबर शातिरों ने कहा कि निवेश की गई रकम को पाने के लिए दो लाख का और निवेश करना होगा, तभी रकम वापस होगी। साइबर अपराध का शिकार युवती दूसरे दिन बैंक शाखा पहुंची तो उसे धोखेबाजी की जानकारी हुई। शनिवार को पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल को रिपोर्ट भेज दी है।

## रेलवे सुरक्षा बल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया



झांसी। ग्वालियर दिनांक 10.07.2023 को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्तध्विवेकानंद नरायण रे0सु0ब0ध्झॉसी के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन जन जागरण अभियान के तहत ग्वालियर–बिरलानगर सेक्शन में गश्त के दौरान ताज पिट लाइन, कांच मील, चंदनपुरा रेलवे ट्रेस पासिंग एरिया में स्थानीय नागरिकों को एकत्रित कर उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ठाकुर हमराह स्टाफ द्वारा जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें बंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों में पत्थर मारने की हो रही घटनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया और ट्रेनों में पत्थर ना मारने बाबत बच्चों को समझाने तथा रेलवे ट्रेक के आस पास ना जाने देने तथा लाइन क्रास ना करने हेतु समझाया गया। बाद बिरलानगर स्टेशन जाकर वहां रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के साथ ट्रेन में पत्थर मारने वाली घटनाएं के संबंध में चर्चा की। जिनके द्वारा आश्वासन दिया गया वे अपने कॉलोनी में जाकर बच्चों को इस बारे में समझाएंगे। इसी क्रम में बिरलानगर स्टेशन के पास ''सेवार्थ जन कल्याण समिति'' द्वारा मजदूरों के बच्चों को पढ़ाया जा रहा था। सभी बच्चों को ट्रेनों में पत्थर ना मारने तथा रेलवे ट्रेक के आस पास ना जाने तथा लाइन क्रास ना करने के सम्बंध में जागरूकता अभियान चलाया गया।,

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत सरकारी एवं अर्ध सरकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



आपको बता दे कि बांदा जनपद में सोमवार 10 जुलाई को भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी पेयजल योजना श्हर घर नल – हर घर जल श के अंतर्गत जिले के प्रत्येक ब्लॉक में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आपको बता दे कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक ग्राम के ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत मित्र, लेखपाल, जलदूत एवं जल प्रहरी को महत्वपूर्ण विषय जल के निमित्त जनपद में पेयजल योजना खटान एवं अम्लीकौर के तहत जनपद के प्रत्येक ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति को हर घर नल – हर घर जल योजना से टोटी के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। पेयजल योजना के अंतर्गत सभी जिम्मेदारों को निर्धारित दायित्व दिए गए हैं जिसके अंतर्गत बैठक और समूह वार्ता कर इस महत्वपूर्ण योजना के बारे में जन जन को जागरूक करना तथा स्वच्छ जल को संरक्षित करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ब्लाक प्रमुख रावेद्र गर्ग के द्वारा एक बैग व बुकलेट का वितरण भी किया गया। आपको बताते चले कि इस कार्यक्रम का ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया तथा इस कार्यक्रम में इंजीनियर प्रदुम्न कुमार (सहायक अभियंता) उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, बांदा च्ङ६ के इंजीनियर अरुण सिंह एवं विवेक मेहरा तथा निर्माण कंपनी एल एन टी से ट्रेनिंग इंजीनियर दीप सिंह , साई सहयोग संस्था के जलजीवन मिशन ललित जी एवं अवधेश कुमार सहित ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार, ए डी ओ पंचायत कमासिन श्री राजकुमार सहित तमाम पदाधिकारी एवं अन्य पत्रकार बंधुओ की मुख्य उपस्थित रही।

## सावन का प्रथम सोमवार को बाबा बैजनाथ के लिए रवाना हुए कांवरिये

हर्रायपुर, कौशाम्बी। जिले के विभिन्न क्षेत्र से बाबा बैजनाथ



धाम जाने वाले कांवरियों का जत्था प्रतिदिन रवाना हो रहा है पूरा जिला शिव भक्ति में लीन है बोल बम का नारा है बाबा तेरा सहारा है जैसे भक्ति गीतों के साथ नगर गूंज रहे हैं सावन के प्रथम सोमवार को मूरतगंज बाजार कशिया पुरवा आदि क्षेत्र से बोल बम के नारे के साथ सैकड़ों कावड़िया बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुए बाबा बैजनाथ धाम जल चढ़ाने जा रहे कांवरियों का बाजा गाजा के साथ बाजार गांव के लोगों ने स्वागत किया है पूरा क्षेत्र शिव भक्ति में लीन है।

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ गैंगरेप का मुकदमा

यूपी फाइट टाइम्स

कौशाम्बी। सरायअकिल थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की विवाहिता ने बताया कि पड़ोसी गांव के एक युवक का उसके घर आना जाना था। दो महीने पहले साथी के साथ घर पर पहुंचा। ज्ञात हो कि घर में अकेली देख दोनों ने उसके साथ दुराचार किया। इसके बाद पिटाई करते हुए नकदी व गहने भी उठा ले गए। घटना की जानकारी घर लौटे पति को देते हुए दूसरे दिन पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। आरोप है कि पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर शनिवार को पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## प्रवीन विद्यापीठ परिवार ने विद्यालय की टॉपर छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



सिरसागंज। नेशनल हाईवे पर स्थित प्रवीन विद्यापीठ में विद्यालय की टॉपर छात्रा का सम्मान समारोह किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर चेयरमैन श्रीमती रंजना सिंह सम्मान समारोह में पहुंची। प्रवीन विद्यापीठ परिवार ने विद्यालय के क्लास 12 के फर्स्ट बैच में सिरसागंज टॉपर तान्या जादौन का सम्मान किया गया डायरेक्टर दीपक जादौन द्वारा 12 क्लास में 95 : लाने पर 51हजार की इनामी राशि घोषित की गई थी और क्लास 12 की तान्या जादौन ने 97.33 : प्राप्त किये थे। सोमवार को डायरेक्टर दीपक जादौन तथा डायरेक्टर मैम पारुल सिंह द्वारा टॉपर छात्रा को 51 हजार का पुरस्कार दिया गया। इनामी राशि का चौक नगर चेयरमैन श्रीमती रंजना सिंह के हाथों से दिया गया तथा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का प्रोत्साहन बच्चों को मिलता रहे तो बच्चे आगे चलकर अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं स साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार भी बधाई का पात्र है जिसने 12 के पहले बैच मे ही यह उपलब्धि हासिल की है स विद्यालय के डायरेक्टर दीपक जादौन ने कहा कि जो बच्चे पढ़ने की इच्छा रखते हैं उनके लिए ये लक्ष्य प्राप्त करना बहुत आसान है और इसके लिए विद्यालय प्रबंधन सदैव तत्पर है स आगामी बैचों के लिए भी यही इनामी राशि रखी गई है।

## दस सालों से तैनात महिला आयुष चिकित्सका की मनमानी जारी

### गर्भवती महिलाओं को बाहर से मेडीकल स्टोरों से दवा खरीदने को डाला जाता है दबाव, अधिकारी पर सरक्षंण देने का आरोप

झांसी। उल्दन एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गरीब परिवारों को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से निशुल्क चिकित्सा व दवाओं को उपलब्ध कराने के लिए लगातार आदेशित किया जा रहा है वहीं कुछ स्वास्थ्य कर्मी शासन के आदेशों को ठेंगा दिखाकर मनमानी कर अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। कुछ इसी तरह का माहौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंगरा पर देखने व सुनने को मिल रहा है। यहां पर वैसे तो अस्पताल में ओपीडी खुलने का समय सुबह 8 बजे से अपरान्ह दो बजे तक है लेकिन यहां तैनात अधिकांश स्टाफ जिला मुख्यालय पर अपना निवास बनाये हुए हैं लिहाजा सुबह नौ बजे के बाद ही स्टाफ उपस्थित हो पाता है। वहीं दो बजे के पहले ही रवानगी हो जाती है। केवल आकस्मिक चिकित्सा ड्यूटी में एक चिकित्सक, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्याय रहता है। सबसे ज्यादा शोषण यहां महिला मरीजों का किया जा रहा है। बताया जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंगरा पर पिछले दस सालों से ज्यादा समय से तैनात आयुष महिला चिकित्सक द्वारा अपनी मनमानी के कारण महिलाओं का जमकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। तमाम महिलाओं ने बताया है कि यह महिला चिकित्सक गर्भवती महिलाओं को ताकत के सीरप व पाऊडर के नाम पर बाहर के सेटिंग वाले मेडीकल स्टोरों से लिखती हैं। बताया जाता है कि मेडीकल स्टोर पर महिला चिकित्सक फोन करके मरीज को दवा दिला देते हैं बदले में इन्हें मोटा कमीशन मिल जाता है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री मातृत्व शिविर में आने वाली दर्जनों गर्भवती महिलाओं को मेडीकल स्टोर का नाम बताकर बाहर से दवा लेने के लिए दबाव बनाया जाता है। यदि मरीज महिला ने किसी दूसरे मेडीकल स्टोर से दवा खरीद ली तो महिला चिकित्सक उस दवा को घटिया दवा बताकर वापस करा देती हैं। बताया जा रहा है कि पिछले दस सालों से तैनात महिला चिकित्सक को स्थानीय अधिकारियों का खुला सरक्षंण प्राप्त है। गौरतलब है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंगरा पर तैनात आयुष महिला चिकित्सक को केवल आर्युवेद की दवा लिखने का अधिकार है लेकिन वह नियमों को दरकिनार कर धडाधड अंग्रेजी दवा लिख रहीं हैं। मामले में बंगरा मुख्यालय व आसपास के गांवों के निवासी रामलाल, सीताराम, अखिलेश कुमार, राजकुमार, आशिक अली, निशा देवी, ज्योति देवी, गोमती देवी, वत्तो देवी, राजकुमारी, सहित तमाम महिला, पुरूषों ने जांच व कार्यवाही कर वर्षो से जमी संविदा महिला चिकित्सक को हटाने की मांग की है।

## रामराज पुलिस ने दो चोरियों की खुलाशा करते हुये एक मंगल सूत्र एक चेन मय लोकेट दो कानों के टोप्स पीली धातू दो हजार रूपये एक अवैध चाकू के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार कर किया चालान



रामराज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी का एक मंगल सूत्र एक चेन मय लोकेट दो कानों के टोप्स पीली धातू व दो हजार रूपये तथा एक अवैधा चाकू के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा थाना अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में मुखबिर की सूचना पर रामराज गुरुद्वारा के पास से दो अभियुक्त सुन्दरपाल पुत्र रामचन्द्र जाति बाबरिया निवासी ग्राम गालन्द थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद, सन्दीप पुत्र सुन्दरपाल जाति बाबरिया निवासी गालन्द थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को चोरी के एक मंगल सूत्र एक चेन मय लोकेट दो कानों के टोप्स पीली धातू व दो हजार रूपये तथा एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को ज्वैलरी थाना रामराज क्षेत्र में दिनांक 26.06.2023 टिकौला शुगर मिल के पास ईको कार में बैठ कर आ रहे नत्थीलाल पुत्र अमीचन्द कुमार निवासी 32बी नीला ब्लाक मालवीय नगर नई दिल्ली की पत्नी के बेग से चोरी किये थे तथा 27.05.23 को सजदेव सिंह पुत्र जसविन्दर सिंह निवासी ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर घर का ताला तोड़ कर दस हजार रूपये चोरी किये थे।

## आन्ध्रप्रदेश से नोएडा में गांजा की तस्करी, 42 लाख की गांजा बरामद

**नोएडा।** नारकोटिक्स विभाग की टीम ने फेस-2 पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए नोएडा में एक अंतरराष्ट्रीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 345 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 42 लाख आंकी जा रही है। डीसीपी सेंट्रल अनिल कुमार यादव ने बताया कि नारकोटिक्स टीम तथा थाना फेस-टू सेंट्रल नोएडा पुलिस द्वारा बीट पुलिसिंग एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए आज जेपी अंडरपास पर चैकिंग के दौरान दो कार तेज गति से हाईवे की तरफ से आ रही थी। जिन्हें पास आने पर रोकने का संकेत दिया। रूकने का संकेत मिलने पर आगे चल रहे कार का चालक बैरियर के नजदीक आकर रूका और दोनों कारों के चालक कार से उतरकर भागने का प्रयास करने लगे। जिनमें से कार शेवरलेट ओपट्रा के चालक इंद्रजीत सेनापति उर्फ कालिया को मौके पर पकड़ लिया। पीछे आ रही कार स्वीफ्ट डिजायर का चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि दोनों गाडियों से कुल 2 कुन्तल 45 किलो गांजा बरामद हुआ। पकडे गये अभियुक्त की निशांदेही पर एक कुन्तल गांजा फरार अभियुक्त परितोष सरकार पुत्र प्रफुल्ल सरकार निवासी ग्राम गंगारामपुर थाना गंगारामपुर जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल पता रामे त्यागी का मकान ग्राम गेझा थाना फेस 2 से तथा दूसरे किराये के मकान ग्राम हाजीपुर थाना सेक्टर-39 से बरामद हुआ।

## नोएडा में रणदीप भाटी गैंग का टॉप शूटर अमित कसाना की 17 करोड़ संपत्ति जब्त

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। आज पुलिस ने कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य एवं टॉप शूटर गैंगस्टर अमित कसाना की 17 करोड़ 23 लाख 66 हजार 949 की प्रॉपर्टी जब्त की है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में आज पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्ध नगर द्वारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के अंतर्गत शासन द्वारा घोषित कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य एवं टॉप शूटर अमित कसाना पुत्र सतवीर निवासी ग्राम रिस्तल थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद जिस पर करीब 3 दर्जन से अधिक हत्या, रंगदारी, फिरौती के लिए अपहरण, लूट आदि के अभियोग दर्ज है। उसके विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही के क्रम में थाना दादरी जनपद गौतमबुद्ध नगर की अचल संपत्ति के रूप में ग्राम रिस्तल स्थित 02 मंजिला मकान जिसकी कीमत करीब 3 करोड 1 लाख 30 हजार। ग्राम असालतपुर थाना टीला मोड जिला गाजियाबाद स्थित मकान व दुकानें जिसकी कीमत करीब 14 करोड़ 22 लाख 36 हजार 9 सौ 49 रुपए को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर अमित कसाना की आज 17 करोड़ 23 लाख 66 हजार 949 की अचल सम्पत्ति को अधिग्रहण किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी डिग्री विवाद में डीयू की याचिका पर जल्द सुनवाई से दिल्ली हाई कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिग्री विवाद के मामले पर केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने ये आदेश दिया। इस मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई की तारीख 13 अक्टूबर नियत है। प्रधानमंत्री मोदी के डिग्री विवाद के मामले पर केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका में दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा है कि डिग्री छात्र और विश्वविद्यालय के बीच का मामला है। केंद्रीय सूचना आयोग ने दिल्ली विश्वविद्यालय को निर्देश दिया था कि मोदी की डिग्रियों के बारे में जानकारी सूचना के अधिकार के तहत सार्वजनिक किया जाए। दिल्ली हाई कोर्ट ने 24 जनवरी, 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश पर रोक लगा दी थी। दरअसल, आम आदमी पार्टी से जुड़े नीरज शर्मा ने सूचना के अधिकार के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय से मोदी की डिग्रियों की जानकारी मांगी थी। विश्वविद्यालय ने इसे निजी जानकारी बताते हुए साझा करने से इनकार किया था। विश्वविद्यालय के मुताबिक इससे कोई सार्वजनिक हित नहीं पूरा होता है। उसके बाद नीरज शर्मा ने केंद्रीय सूचना आयोग का रुख किया, जिसने दिल्ली विश्वविद्यालय के सूचना अधिकारी मीनाक्षी सहाय पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। आयोग ने डिग्री से संबंधित जानकारी देने का भी आदेश दिया। केंद्रीय सूचना आयोग के इसी फैसले के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है।

# दिल्ली में जलभराव पर राजनीति गर्म, भाजपा ने आप कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जलजमाव की समस्या पर राजनीति भी तेज हो गई है। भाजपा ने इस समस्या के लिए दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

**पुलिस ने हिरासत में लिए भाजपा कार्यकर्ता**

पुलिस घेरा तोड़कर आप कार्यालय की तरफ जा रहे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने ले गई, जहां से कुछ देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नालों की सफाई नहीं होने से दिल्ली में जलजमाव की समस्या हुई और छह लोगों की मौत हो गई। रविवार



दिल्लीवासी इस गंभीर समस्या से जूझ रहे थे और मुख्यमंत्री पंचकूला में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे।

**भाजपा के काल में नहीं हुई समस्या**

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली सरकार से मृतकों के स्वजनों को आर्थिक मदद देने की मांग की। उन्होंने कहा कि तीन हजार करोड़ रुपये का बजट होने के बाद भी नालों की सफाई नहीं हुई। भाजपा के शासनकाल में कभी इस तरह की समस्या नहीं हुई। आप सरकार पहले यह आरोप लगाती थी नगर निगम के नाले साफ नहीं होने से जलजमाव होता है।

अब निगम में भी आप का शासन है, इसलिए अपनी जिम्मेदारी से सरकार बच नहीं सकती है। प्रदर्शन में विधायक विजेंद्र गुप्ता व अभय वर्मा, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा, महामंत्री हर्ष मल्होत्रा सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दिल्ली में बढ़ रहा है यमुना का जलस्तर, मंगलवार तक खतरे के निशान तक पहुंचने की आशंका

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में बारिश का सिलसिला लगातार जारी है.जगह-जगह जल जमाव जगह-जगह कई घटनाएं सामने आ रही है. बारिश के चलते दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है. मंगलवार तक खतरे के निशान तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही



है. बता दें कि दिल्ली में यमुना का चेतवानी जलस्तर 204.50 मीटर है और खतरे का निशान 205.33 मीटर पर है. 1978 में यमुना का जलस्तर 207.49 मीटर तक पहुंचा था जो अभी तक अधिकतम जलस्तर रिकॉर्ड है. साल 2013 में यमुना नदी का जलस्तर 207.32 मीटर तक पहुंचा था.

# जलभराव से दिल्ली के बाजारों का बुरा हाल, कैट की उपराज्यपाल से जांच की मांग

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली, जागरण संवाददाता। दो दिन की वर्षा ने राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख बाजारों के साथ अन्य बाजारों की स्थिति नारकीय कर दी है। कनाट प्लेस, सदर बाजार समेत अन्य बाजारों में जलभराव से दुकानदारों का करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

इसे लेकर दुकानदार सरकारी विभागों की वर्षा पूर्व तैयारियों की पोल खोल दी है, जिसमें करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा किया जा रहा है। इससे कारोबारी संगठनों में गहरी नाराजगी है। वह वर्षा पूर्व तैयारियों की ऑडिट कराने के साथ वर्षा के पानी से दुकानदारों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। वैसे, सोमवार को भी बाजारों की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं आया है, अब कीचड़ और मलबा जमा है।

**बारिश ने राष्ट्रीय राजधानी में किया त्राहि माम**

दिल्ली में दो दिन की बारिश ने दिल्ली को वर्ल्ड क्लास शहर बनाने के सरकार के दावों की पोल खोल दी है। पूरी दिल्ली में सड़कों पर भरा पानी और सारी दिल्ली को नदी नाले के रूप में परिवर्तित होने पर कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। कैट



ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना से मांग की है कि दिल्ली के सीवर एवं ड्रेनेज सिस्टम का तकनीकी ऑडिट किया जाए और पिछले सालों में दिल्ली के ड्रेनेज एवं सीवर सिस्टम पर दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार, नई दिल्ली नगर परिषद एवं अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा खर्च किए गए धन की जांच की जाए ताकि पता लगे की जो धन इन पर वर्षों में खर्च किया गया वो कहां गया और यदि वास्तव में ड्रेनेज एवं सीवर पर खर्च हुआ तो फिर केवल दो दिन में ही दिल्ली नदी क्यों बन गई? कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने कहा कि यदि दो दिन की बारिश में दिल्ली का यह हाल है तो मानसून के दिनों में दिल्ली कितनी बदतर हो जाएगी उसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल सक्सेना को इस विषय पर तुरंत ध्यान देकर कैट की मांग स्वीकार करनी चाहिए ।

कैट के दिल्ली प्रदेश महामंत्री देवराज बवेजा एवं आशीष ग्रोवर ने एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि बारिश से दिल्ली के बाजारों को बहुत नुकसान हुआ है। मार्केटों में खराब सीवर व्यवस्था होने से सड़कों पर कई फिट पानी भरा और अनेक स्थानों पर व्यापारियों की दुकानों में पानी भर गया जिसके कारण माल की बहुत हानि हुई है। उन्होंने मांग कि सरकारी एजेंसियों की लापरवाही के कारण व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई दिल्ली सरकार तुरंत करें।

# भारी बारिश के चलते दिल्ली के स्कूल आज रहेंगे बंद, सीएम ने दी जानकारी

**नई दिलली।** दिल्ली में दो दिन से लगातार हो रही बारिश से जलभराव की स्थिति पैदा कर दी है. जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है. इसी बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को घोषणा की है किदिल्ली के सभी स्कूल सोमवार को एक दिन के लिए बंद रहेंगे.

**एक दिन के लिए दिल्ली के सभी स्कूल हुए बंद**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले 2 दिनों से हो रही मूसलाधार बरसात और मौसम विभाग की चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए कल दिल्ली के सभी स्कूलों को एक दिन के लिए बंद किया जा रहा है.

**पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी हवाओं का प्रकोप जारी**

बता दें कि पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी हवाओं के बीच परस्पर क्रिया के कारण उत्तर पश्चिम भारत में तेज बारिश हो



रही है. जिसमें दिल्ली भी शामिल है, जहां मौसम की पहली बहुत भारी बारिश हुई.

**सीएम केजरीवाल ने कैंसल की अधिकारियों की संडे की छुट्टी**

इसी बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज सभी विभागों के अफसरों की संडे की छुट्टी को कैंसल कर दिया और उन्हें काम करने के निर्देश दिए हैं. सीएम ये जानकारी ट्वीट कर दी. उन्होंने कहा कि कल दिल्ली में 126द्बद्ब बारिश हुई. मानसून की टोटल बारिश का 15त्न मात्र 12 घण्टे में बरसा. इससे जलभराव कि स्थिति पैदा हुई, जिससे लोग काफी परेशान हुए. इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के सभी मंत्री और मेयर परेशानी ग्रस्थ इलाकों का इंस्पेक्शन करेंगे. साथ ही सभी विभागों के अफसरों को संडे की छुट्टी कैंसिल कर ग्राउंड पर उतरने के निर्देश दिए हैं.

# शुरु हुई दिल्ली सरकार के ‘वन महोत्सव’ की शुरुआत

**नई दिलली।** आज से दिल्ली सरकार ने वन महोत्सव की शुरुआत आईएआरआई पूसा से की है. इसका समापन समारोह 20 अगस्त को छत्रसाल स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मौजूद रहेंगे. वन महोत्सव कार्यक्रम में ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई जहां से दिल्ली के लोग मुफ्त में पौधों की बुकिंग कर वृक्षरोपण में अपनी भागेदारी सुनिश्चित कर सकेंगे. दिल्ली की सभी लोकसभा में इस महाअभियान को मनाया जाएगा. साथ ही निःशुल्क औषधीय पौधों के वितरण का कार्य भी इस वन महोत्सव के दौरान किया जाएगा.

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इस वन महोत्सव के जरिए पूरी दिल्ली में 52 लाख पौधे लगाए जाएंगे. ष्टरू अरविंद केजरीवाल ने चुनाव के दौरान दिल्ली की जनता से वादा किया था कि हम 5 सालों में दो करोड़ पौधे दिल्ली में लगाए जाने का वादा किया था, दिल्ली सरकार का ये अभियान केजरीवाल सरकार के उस वादे को पूरा करने में को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा.वन महोत्सव का



शुभारंभ के दौरान पर्यावरण मंत्री के साथ ही एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक आप विधायक जरनैल सिंह सहित ्रक्क के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे.

गोपाल राय ने कहा कि जन भागेदारी के बिना यह लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता, यही वजह है कि दिल्ली के लोगों को मुफ्त पौधे उपलब्ध कराने के लिए आज एक पोर्टल भी लॉन्च किया गया है. जिस पर दिल्ली के लोग पौधों की निशुल्क बुकिंग कर सकते हैं और वह अपने नजदीकी नर्सरी में जाकर वह पौधा प्राप्त कर सकते हैं . उस पौधे को लगाकर दिल्ली सरकार के इस अभियान में जुड़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं. पर्यावरण को बेहतर करने के लिए पौधों से अच्छा कोई विकल्प नहीं है, इसलिए दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे. इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ये वन महोत्सव शुरू किया गया है. गोपाल राय ने बताया कि इस वन महोत्सव का समापन 20 अगस्त को छत्रसाल स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें ष्टरू अरविंद केजरीवाल भी शामिल होंगे.

# बाढ़ के खतरे के बीच केजरीवाल ने की सभी राजनीतिक दलों के प्रयासों को सराहा, कहा- हालात से मिलकर निपटेंगे

**नई दिलली।** दिल्ली में बारिश ने पिछले 41 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. यमुना नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है. इस बीच ष्टरू अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कान्फेंस करके कहा कि इस बार दिल्ली में उम्मीद से ज्यादा बारिश हुई है. बारिश की वजह से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं. हम सबको मिलकर इन हालात से निपटना होगा और लोगों की मदद करनी होगी.

सभी मंत्री विधायक और अधिकारी मिलकर लोगों की मदद कर रहे हैं. मैं यह नहीं कहता हूं कि सिर्फ आम आदमी पार्टी के विधायक ही लोग लोगों की मदद कर रहे हैं, बल्कि अन्य राजनीतिक दलों के विधायक और जन प्रतिनिधि भी लोगों की मदद कर रहे हैं. हम सबको मिलकर लोगों की मदद करनी है. ऐसी कई जगह है जहां बहुत बारिश हुई है, जिसकी हम लोग उम्मीद नहीं कर सकते थे. इस बार बारिश ने पिछले 40 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. 24 घंटे में 153स्रू बारिश हुई है, जिसकी वजह से हालात बिगड़े हैं. लेकिन हम लोग मिलकर इस हालात से निपटेंगे और लगातार सरकार हालात का जायजा ले रही है.

लगातार हो रही बारिश की वजह से हथिनी कुंड बैराज से 2 लाख 79 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया हैं, जिसकी वजह से यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है, जिस पर हम लगातार नजर बनाए हुए हैं. यमुना का जलस्तर 203.08 मीटर तक पहुंच गया है, कल सुबह तक यमुना का जलस्तर और बढ़ेगा.अगर यमुना



का जलस्तर 206 मीटर तक बढ़ता है तो बाढ़ की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. इस बार से लगभग 40 हजार लोग प्रभावित हो सकते हैं, जिनके रहने की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियां की जा रही हैं.

नालों की निगरानी के लिए टीमों को लगाया गया है, ताकि वहां पर कूड़ा या कोई कचरा ना जाए जिससे जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो. एनडीएमसी के कई इलाकों में उम्मीद से ज्यादा जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई है, इसलिए एनडीएमसी से भी कहा गया है कि वह उन जगहों को चिन्हित कर वहां पर काम करें ताकि इस तरीके की स्थिति दोबारा उत्पन्न ना हो. हथिनी कुंड से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है और अब तक 9 द्वार खोल दिए गए हैं. जिस तरीके से हथिनीकुंड से पानी छोड़ा जा रहा है, उसको लेकर दिल्ली सरकार पूरी तरह से अलर्ट है. हम हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयारी कर रहे हैं.

दिल्ली सरकार का कहना है कि हमने एक्सपर्ट से राय ली, उन्होंने कहा अभी ज्यादा खतरा नहीं है, लेकिन हम हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं. दिल्ली सरकार लगातार मुनादी करा रही है. अधिकारियों की टीम डूब क्षेत्र में लगाई गई है कि लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके.जिस तरीके की तस्वीरें इस बार दिल्ली में देखने को मिली हैं वह पहली बार देखी गई हैं. आईटीओ में जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई, ऐसे कई इलाके हैं जहां पर इस तरीके का जलभराव पहले नहीं देखा गया, लेकिन जिस तरीके से इस बार बारिश हुई है उसे बहुत कुछ पहली बार दिखाया है. वहीं ष्टरू ने आगामी तैयारियों को लेकर कहा कि जिस तरीके का मौसम रहेगा और जिस तरीके की बारिश होगी उसी के आधार पर हमारी तैयारी होगी.

## आप नेता राघव चड्ढा से सरकारी बंगला छिनेगा या नहीं, याचिका पर अब 10 अगस्त को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और पंजाब से राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के सरकारी बंगला खाली करने के मामले में सोमवार को सुनवाई टल गई है। मामले में पटियाला हाउस कोर्ट में अब अगली सुनवाई 10 अगस्त को होगी। बता दें कि राघव चड्ढा ने पटियाला हाउस कोर्ट में मुकदमा दायर कर राज्यसभा सचिवालय के उस पत्र को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें सरकारी आवास के तौर पर आवंटित टाइप सात बंगला खाली करने को कहा गया है।याचिका में कहा गया है कि पूरी प्रक्रिया के बिना ऐसे किसी सांसद को आवंटन रद्द करने का नोटिस जारी करना गैरकानूनी है। चड्ढा ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले आठ जून को राघव



चड्ढा को सरकारी बंगला आवंटन रद्द होने के मामले में अदालत से राहत मिली थी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तक राज्यसभा सचिवालय के सरकारी बंगला आवंटन रद्द होने संबंधी आदेश पर रोक लगाई थी।

# गाजियाबाद की दौलत नगर कॉलोनी में सैकड़ों लोग अपने घरों में फंसे, पांच से 12 फुट तक पानी में मकान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के लोनी की दौलत नगर कॉलोनी जहां पर दो दिन की बारिश के बाद घरों में घुसा पानी घुस गया है। एनडीआरएफ की टीम ने रविवार रात 33 लोगों को सुरक्षित निकाला था। अभी भी कई परिवार अपने घरों में फंसे हैं जहां 5 फुट से 12 फुट तक पानी भरा हुआ है। लोग तैरकर, पानी में घुसकर घरों से बाहर आने-जाने को मजबूर हो रहे हैं। प्रशासन में निकाले गए लोगों को पास के ही शेल्टर होम भेज दिया है जहां उनके खाने-पीने की व्यवस्था की गई है। गाजियाबाद के लोनी



विधानसभा क्षेत्र की दौलत नगर कॉलोनी काफी ढलान वाले इलाके में बनी है। यहां करीब 60 से 70 मकान होंगे जिनमें दो-ढाई सौ लोग रहते हैं। एनडीआरएफ की टीम ने रविवार रात 33 लोगों को यहां से सुरक्षित निकाला था। कई लोग अपने छत ऊपर अपना डेरा



जमा चुके हैं। अब एक बार फिर प्रशासन और पुलिस के लोग धीरे-धीरे यहां पर पहुंचने शुरू हो गए हैं। जो लोग घर पर हैं उनसे अपील की जा रही है कि वे वहां से निकल जाएं। अगर उन्हें मदद की जरूरत है तो एनडीआरएफ की टीम को बता सकते हैं।

## न्यूज सार

### कृष्णानगर के विशाल मेगा मार्ट में लॉकर से 21 लाख रुपये चोरी, सीसीटीवी में दिखे चोर

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विशाल मेगा मार्ट में रविवार शाम अज्ञात चोर ने लॉकर में रखे 21 लाख 59 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गया। लॉकर इमारत के फर्स्ट फ्लोर में मैनेजर हाल के अंदर रखा हुआ था। चोर ने चोरी करने से पहले सीसीटीवी कैमरे का एंगिल घुमा दिया। हालांकि, उसका चेहरा कैमरे के सामने आ गया। उसने चेहरे पर अंगौछा लपेटकर चश्मा पहना हुआ था। सीसीटीवी में चोर के मेगा मार्ट में प्रवेश करता हुए नजर आ रहा है। वहीं देर शाम जब मैनेजर ने कैश का मिलान किया तो देखा कि लॉकर में रखा लाखों रुपए गायब है।

### ट्रांसफर के बाद भी रिलीव नहीं किए गए 69000 भर्ती वाले शिक्षक धरने पर बैठे, सरकार से मांगा न्याय

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के बेसिक विद्यालयों में हाल में हुई तबादला प्रक्रिया में 69000 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों को कार्य मुक्त किए जाने से रोक दिया गया है। इसका कारण 69000 भर्ती को लेकर चल रही न्यायालय में सुनवाई है। जिस पर अभ्यर्थियों ने सोमवार को निदेशालय का घेराव किया और न्याय करने की मांग की है। निदेशालय में एकत्र विभिन्न जिलों से आई महिला शिक्षकों ने कहा कि न्यायालय में मामला कई बार सालों तक चलता है। ऐसे में सिर्फ इस आधार पर उनको तबादले का लाभ न देने का और कार्य मुक्त न करने का निर्णय ठीक नहीं है। इससे शिक्षक व उनके परिजन काफी परेशान हैं। उन्होंने मांग की है कि हमें जल्द से जल्द कार्य मुक्त करने व तबादला पाए जिले में तैनाती दी जाए। धरने में शामिल काफी महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ आई हुई थीं और महानिदेशक से न्याय की मांग कर रही हैं।

### भाजपा ने जयंत चौधरी के लिए फैलाई बाहें, कहा- अगर आना चाहें तो स्वागत है

लखनऊ (संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल के भाजपा से गठबंधन की चर्चा के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि यदि जयंत चौधरी वैचारिक रूप से भाजपा के साथ आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में किस दल से गठबंधन करना है यह पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को तय करना है। केंद्रीय नेतृत्व का जो भी निर्णय होगा वह उसका स्वागत करेंगे। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अभी अपना मत स्पष्ट नहीं किया है कि वह भाजपा के साथ जाएंगे या फिर सपा के साथ ही गठबंधन में रहेंगे। वहीं, भाजपा उन्हें अपने साथ आने का खुला निमंत्रण दे रही है। जयंत चौधरी को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। बीते दिनों उन्होंने ट्वीट किया था कि 'खिचड़ी, पुलाव, बिरयानी..जो पसंद है खाओ!' अपने दूसरे ट्वीट में जयंत ने लिखा, 'वैसे चावल खाने ही हैं तो खीर खाओ!' चर्चा है कि रालोद प्रमुख जयंत चौधरी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पाले में खड़े हो सकते हैं। हालांकि जयंत कई बार यह कह चुके हैं कि उनका सपा के साथ गठबंधन है और पूरी तरह से मजबूत है। यहां तक कि उनकी पत्नी चारु ने भी यह कहा कि वह चवन्नी नहीं है जो पलट जाएं।

### २८ साल की महिला कांस्टेबल ने लगाई फांसी, सुबह पति के साथ हुआ था विवाद

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के मड़ियांव के फैजुल्लागंज इलाके में सोमवार सुबह खिला कांस्टेबल साक्षी वर्मा(28) ने फांसी लगा ली। फंदे से लटकता देख परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक साक्षी चौक थाने में तैनात थी। फैजुल्लागंज में परिवार के साथ रहती थी। पति रजनीश वर्मा एसएसबी में तैनात हैं। जानकारी के मुताबिक रविवार को गांव से लौट कर आये थे। सुबह दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। उसके बाद साक्षी ने यह लदम उठाया हैं। इंस्पेक्टर के मुताबिक फिलहाल कोई तहरीर नहीं आई। फिर भी मामले जांच की जा रही है।

### फतेहपुर व एटा के पुलिस कप्तानों की तैनाती में अदलाबदली, चार आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में प्रशासनिक फेरबदल के अंतर्गत दो जिलों के कप्तान और चार आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। फतेहपुर और एटा के पुलिस अधीक्षकों की अदलाबदली की गई है।

आईपीएस राजेश कुमार सिंह को एटा का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वह अभी तक फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक थे। इसी तरह आईपीएस उदय शंकर सिंह को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के पद पर नियुक्ति दी गई है। वह अभी तक एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। इसी तरह रविवार देर रात चार आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए। उदय भानु त्रिपाठी विशेष सचिव नगर विकास को विशेष सचिव आबकारी के पद पर नियुक्ति दी गई है। सचिव नगर विकास रविंद्र कुमार को एमडी जल निगम नगरीय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सत्य प्रकाश पटेल निदेशक दिव्यांगजन निदेशालय से विशेष सचिव नगर विकास विभाग में नियुक्त किए गए हैं।

### आम की 725 से किस्मों का लुत्फ लेना चाहते हैं तो आइए लखनऊ

लखनऊ (संवाददाता)। आम के शौकीनों के लिए एक अच्छी खबर है। लखनऊ में आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय उप्र आम महोत्सव – 2023 में आम की 725 से ज्यादा किस्मों का प्रदर्शन होगा। यह महोत्सव अवध शिल्प ग्राम में 14 से 16 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली एवं हरियाणा आदि राज्यों के किसान और कारोबारी शामिल होंगे। उद्यान विभाग के निदेशक डा. आरके तोमर ने बताया कि प्रदेश में आम के विविधता पूर्ण उत्पादन एवं विभिन्न प्रजातियों से लोगों को अवगत कराने के लिए तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय आम महोत्सव हो रहा है।

## सपा में शिवपाल यादव का बढ़ेगा और कद!, होमवर्क पूरा, राज्य कार्यकारिणी में सहयोगियों को मिलेगी जगह



लखनऊ (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में शिवपाल सिंह यादव के सभी प्रमुख सहयोगियों को एडजस्ट किया जाएगा। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही कमेठी गठन का काम पूरा हो जाएगा। इसके लिए होमवर्क कर लिया गया है। रालोद के अलग राह पकड़ने की चर्चाओं को अफवाह बताया। कहा कि रालोद और सपा, चौधरी चरण सिंह के विचारों पर चल रहे हैं। भाजपा के अन्याय के खिलाफ मिलकर आगे भी लड़ते रहेंगे। नरेश उत्तम ने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि भाजपा मतदाता सूची में कोई खेल नहीं कर सके।

पिछले चुनाव में सपा समर्थक मतदाताओं के बड़े पैमाने पर नाम सूची से हटा दिए गए थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इशारे पर आज भी मतदाता सूची से नाम हटाने में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

नाम हटाने से पहले कोई भी सार्वजनिक नोटिस चस्पा नहीं किया जा रहा है। सपा ने फैसला किया है कि जहां भी गड़बड़ियां मिलेंगी, उसके खिलाफ चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाएंगे। उत्तम ने कहा कि हम बूथ पर अपना संगठन मजबूत कर रहे हैं। भाजपा सरकार पारदर्शिता के साथ चुनाव कराकर सपा से नहीं जीत सकती है, इसलिए बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में गड़बड़ियां करवाती है। गड़बड़ियां करने वाले कर्मचारियों के नाम और सुबूत के साथ चुनाव आयोग में शिकायत करने की योजना बनाई है। गठबंधन के सवाल पर कहा कि सपा यूपी में अकेले दम पर चुनाव जीतने में सक्षम है। गठबंधन को लेकर जो भी राष्ट्रीय नेतृत्व का फैसला होगा, उसे प्रदेश में पूरी शिद्दत के साथ लागू किया जाएगा। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसी की भी जिंदगी सुरक्षित नहीं है। अपराधी कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि अपराधी या तो जेल में हैं या राज्य के बाहर भाग गए हैं। फिर आखिर इन वारदातों को कौन अंजाम दे रहा है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर में बिजली उपकेंद्र पर दिनदहाड़े तमंचा लगाकर लूट हो गई। मेरठ में गोरक्षक पुलिस सुरक्षा मांगता रहा और शूटरों ने गोलियों से उसे छलनी कर दिया। सोनभद्र में एक दलित युवक को चप्पल चाटने पर मजबूर किया गया।

## मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी, शाम तक होगी भारी बरसात, वज्रपात के आसार

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी में भारी बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आज भी भारी बारिश के आसार जताए हैं।

देश भर में जबरदस्त बारिश का दौर जारी है। कई राज्यों में बाढ़ से हालात बेकाबू हो गए हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश का सिलसिला अभी चलता रहेगा।

मानसून टर्फ उत्तर की ओर आगे बढ़ रहा है। इससे बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से तेज बरसात होती रहेगी। मौसम विभाग ने सोमवार की दोपहर अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों ने प्रदेश के संत कबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, बलरामपुर, बहराइच, औरैया, मैनपुरी, कासगंज, बंदायूं समेत प्रदेश के कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इसके पहले, लखनऊ में रविवार को सुबह से शाम तक में छिटपुट बारिश रिकॉर्ड हुई, जबकि शाम को रुक–रुक कर तेज बरसात होती रही। मानसून टर्फ उत्तर की ओर आगे बढ़ रहा है। इससे बने कम दबाव के क्षेत्र की वजह से तेज बरसात होती रहेगी। मौसम विभाग ने सोमवार की दोपहर अलर्ट जारी किया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, लखनऊ को भी सोमवार से अच्छी बारिश मिलेगी। अभी कई दिनों तक बरसात होते रहने के आसार हैं। रविवार सुबह 8.30 बजे तक लखनऊ में बारिश का औसत 11.9 मिमी रहा। लखनऊ में अब तक 191 मिमी से अधिक बरसात रिकार्ड हो चुकी है। यह सामान्य से 32 फीसदी ज्यादा है। लखनऊ के अलावा लखनऊ के आसपास भी अच्छी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## फांसी की धमकी पर पति बनाने लगा वीडियो महिला ने दरवाजा बंद कर दी जान




लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के राजाजीपुरम के एफ–ब्लॉक निवासी दंपती में शनिवार को विवाद हुआ। विभा (26) ने फांसी की धमकी दी तो उसका पति हर्षित भारद्वाज मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। इससे नाराज होकर विवाहिता ने दरवाजा बंद किया और फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या का केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर तालकटोरा अजय प्रकाश मिश्रा के मुताबिक, विभा मूलरूप से पारा के चंद्रोदय नगर की रहने वाली थी। दंपती शिकायत लेकर आए थे। दोनों को समझाकर भेज दिया गया था। शनिवार देर रात फिर विवाद हुआ तो विभा ने फांसी की धमकी दी। हर्षित मोबाइल से वीडियो बनाने लगा और खिड़की के पास आ गया। विभा ने दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। हर्षित ने तुरंत दरवाजा तोड़ा, लेकिन तब तक विभा की मौत हो चुकी थी। सूचना पर मायकेवाले मौके पर पहुंचे। मृतका के पिता सर्वेश कुमार शर्मा ने बेटी को फंदे से लटकता देखा। सर्वेश के अनुसार, आसपड़ोस से पता चला कि जब विभा कमरा बंद कर फांसी लगा रही थी तो हर्षित बाहर से वीडियो बना रहा था। इंस्पेक्टर के मुताबिक, विभा के पति हर्षित, सास अरुणा और नंद प्रीति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद हर्षित और अरुणा को गिरफ्तार कर जेल भेज गया। विभा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई है। डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित रख लिया है। सर्वेश कुमार शर्मा ने बताया कि साल 2021 दिसंबर में विभा की शादी हर्षित भारद्वाज से की थी। हर्षित नक्खाश में प्राइवेट नौकरी करता था। बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही हर्षित, अरुणा और प्रीति आए दिन दहेज के लिए विभा को प्रताड़ित करने लगे थे। पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसके चलते शनिवार को घर में कहासुनी भी हुई थी। स्थानीय थाने में शिकायत की गई थी। पुलिस ने दोनों को समझाकर घर भेज दिया था। जब उन्होंने बेटी को मायके ले जाने की बात कही तो आरोपियों ने मना कर दिया था।

## गोमतेश्वर महादेव मंदिर जहां नाग के जोड़े करते हैं शिव का श्रृंगार



लखनऊ (संवाददाता)। सावन के पहले सोमवार के मौके पर हम आपको प्रकृति की गोद में स्थित एक शिव मंदिर ले चल रहे हैं। यह मंदिर मुख्य शहर से थोड़ी दूरी पर मौजूद है। डालीगंज पुल पार करने के बाद मनकामनेश्वर मंदिर के आगे यह मंदिर आता है। इस मंदिर तक आप सीधे नहीं पहुंच सकते। मंदिर के चारो ओर से गोमती नदी बह रही है। आपको नाव करके मंदिर तक पहुंचना होगा। मंदिर का चबूतरा और सावन के दिनों में नदी का जलस्तर करीब–करीब बराबर होता है।

1931 में निर्मित हुए इस मंदिर को किसने बनवाया इसके ठीक–ठीक जानकारी वहां के पुजारी को नहीं है। पर उनका कहना है कि उस समय लखनऊ में जो भी नवाब या राजा था उन्हीं के सहयोग से यह मंदिर बनवाया गया। पहले यह मंदिर गोमती की धारा से सटा हुआ था। बाद में नदी अपना रास्ता धीमे–धीमे बदलती रही और यह मंदिर नदी के बीचो–बीच आ गया। इस मंदिर के चारों तरफ गोमती बह रही है। पानी यहां हमेशा होता है, लेकिन बारिश खासकर सावन में यह पानी काफी ज्यादा हो जाता है। मंदिर के पुजारी संतोष बताते हैं कि नदी के बीच में होने से लोगों को आने में दिक्कत तो होती है लेकिन यही बात इस मंदिर की गरिमा और भव्यता को बढ़ाती भी है। मंदिर में आने के लिए नाव की दिक्कत कभी नहीं होती। दर्शन करने के बाद लोग यहां नौका विहार भी करते हैं। मंदिर के पुजारी के अनुसार यहां बहुत सारे लोग अपनी कोई मुराद लेकर आते हैं। गोमतेश्वर बाबा की महिमा ऐसी है कि उनकी मन्नत जरुर पूरी होती है। 41 दिन तक अनवरत गोमती नदी का जल प्रतिमा पर चढ़ाने से बाबा प्रसन्न होते हैं। सावन के महीने में खासतौर पर लोग ऐसा करते हैं। मंदिर के आसपास काले सर्प पाए जाते हैं। कई बार ऐसा देखा गया कि नाग–नागिन के जोड़े बाबा की प्रतिमा पर लिपटे हुए हैं।

### एनएमसी की मान्यता न मिलने से परेशान एमबीबीएस छात्र

लखनऊ (संवाददाता)। डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की मान्यता न होने के मामले में एमबीबीएस स्टूडेंट्स अब धरना प्रदर्शन पर उतर आए हैं। एनएमएसी ने लोहिया संस्थान के लिए अभी भी अंतिम वर्ष की डिग्री को मान्यता नहीं दी है। इसकी वजह से संस्थान से एमबीबीएस पास करने वाले स्टूडेंट का पंजीकरण नहीं हो पा रहा और ना ही वे पीजी के लिए अर्ह हो पा रहे हैं। लोहिया संस्थान में साल 2017 में एमबीबीएस का पाठ्यक्रम शुरू हुआ था। यहां पहले बैच में 150 सीट पर दाखिले हुए थे। हाल ही में यह बैच पास हो चुका है। इस बैच ने एमबीबीएस की परीक्षा भले ही पास कर ली है।

## राष्ट्रीय औसत से तीन फीसदी ज्यादा हैं यहां प्री डायबिटिक मरीज, तत्काल उपचार जरूरी

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश पर मधुमेह का खतरा मंडरा रहा है। यहां अन्य राज्यों की अपेक्षा मधुमेह के प्रारंभिक रोगी (प्री डायबिटिक) मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। राष्ट्रीय स्तर पर ये मरीज 15.3 फीसदी हैं। जबकि यूपी में 18 फीसदी का आंकड़ा पार कर गया है। इसका खुलासा हुआ है भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अध्ययन में। चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह है कि जिन लोगों का एचबीए1सी का स्तर 5.5 से अधिक है, उन्हें तत्काल उपचार शुरू कर देना चाहिए। मोटापा कम करके इस बीमारी के बढ़ते भार को कम किया जा सकता है। आईसीएमआर की ओर से कराए गए अध्ययन में यूपी में मधुमेह का प्रसार 4.8 फीसदी पाया गया है जो अन्य राज्यों की अपेक्षा कम है, लेकिन मधुमेह के प्रारंभिक (प्री–डायबिटिक) मरीजों की संख्या आबादी का करीब 18 फीसदी है। जबकि राष्ट्रीय औसत 15.3 फीसदी है। ऐसे में ये मरीज साल से दो साल बाद मधुमेह रोगी में तब्दील हो सकते हैं। यानी राज्य पर मरीजों का भार तेजी से बढ़ेगा।




केजीएमयू के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. कौसर उस्मान कहते हैं कि मधुमेह के प्रारंभिक मरीजों में कुछ समय बाद करीब एक तिहाई मधुमेह रोगी हो जाते हैं। मधुमेह के प्रारंभिक रोगी वे होते हैं, जिनके रक्त में शुगर लेवल सामान्य से ज्यादा है पर इतना ज्यादा नहीं है कि उन्हें मधुमेह की श्रेणी में रखा जाए। जिन लोगों का शुगर लेवल खाना खाने के पहले 100 से 126 और खाना खाने के बाद 140 से 200 (एमजी–डीएल) के स्तर पर रहता है और एचबीए1सी 5.5 से 6.5 फीसदी के बीच हैं, उन्हें सावधान हो जाना चाहिए। उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। खानपान का ध्यान रखकर मधुमेह रोगी होने की गति को रोका जा सकता है।

इंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. अजय शुक्ला बताते हैं कि प्रारंभिक मधुमेह के स्तर पर ही मधुमेह की तरह सावधानी बरती जाए तो इसे नियंत्रित किया जा सकता है। प्रारंभिक स्तर का पता लगते ही चिकित्सकीय सलाह से दवा शुरू कर दें। मोटापा हर हाल में कम करें। खुद को सक्रिय रखें। कम से कम 30 मिनट तेज गति से टहलें और योग करें। रोगी को खाने में शक्कर की मात्रा कम कर सब्जियों, फलों और साबूत अनाज बढ़ा देना चाहिए। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा के संतुलित अनुपात का ध्यान रखें। चिकित्सक की सलाह पर रक्त शर्करा स्तर आदि की जांच करते रहे। अपनी मर्जी से दवा बंद न करें। तनाव न लें।

## इन एक लाख कर्मचारियों को सरकार ने दिया झटका

लखनऊ (संवाददाता)। शासन के पंचायतीराज विभाग ने प्रदेश के एक लाख सफाईकर्मियों को तगड़ा झटका दिया है। विभाग ने सफाईकर्मियों की पदोन्नति से संबंधित प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इससे सफाईकर्मियों में तगड़ी नाराजगी है। इसके लिए सफाईकर्मियों के 1,08,848 पद सृजित हुए थे। वर्तमान में करीब एक लाख सफाईकर्मी कार्यरत हैं। भर्ती के समय सफाईकर्मी के लिए शैक्षिक योग्यता साक्षर तय की गई थी। लेकिन, इन पदों पर बड़ी संख्या में उच्च योग्यता व प्रोफेशनल डिग्री, डिप्लोमाधारी युवाओं का चयन हुआ। सफाई कर्मचारियों का सेवा संगठन पिछले एक दशक से संवर्ग के उच्च योग्यता वाले प्रतिभावान युवाओं को पदोन्नति का अवसर दिलाने के लिए सरकार से मांग कर रहा था। इसके लिए पंचायतीराज निदेशालय से लेकर शासन तक लंबा–विचार विमर्श हुआ। निदेशालय ने अपनी स्पष्ट संस्तुति के साथ शासन को प्रस्ताव भेजे। शासन स्तर पर भी कई बार सकारात्मक कार्यवाही की पहल हुई। वित्त और कार्मिक विभाग से राय ली गई। मगर, शासन स्तर पर निर्णय हो, इसके पहले ही कुछ सफाई कर्मचारी व उनके संगठन के प्रतिनिधि हाईकोर्ट चले गए, जहां शासन के अधिकारी अवमानना के दायरे में आ गए। बताया जा रहा है कि सरकार के स्तर से मिलने वाले पदोन्नति के लाभ के लिए कोर्ट के जरिए दबाव बनाने का रास्ता शासन को नागवार गुजरा। लिहाजा, तमाम तर्क व औचित्य बताते हुए प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह ने सफाई कर्मचारियों की ग्राम पंचायत अधिकारी के 20 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति के लिए नियमावली में प्रावधान की आवश्यकता व औचित्य न होने का हवाला देते हुए प्रस्ताव को खारिज करने का आदेश जारी कर दिया है। यह फैसला पिछले मई में ही लिया गया था,लेकिन यह अब सामने आया है। प्रदेश के 1.46 लाख शिक्षामित्र अपना मानदेय न बढ़ने से पहले से नाराज हैं। पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारियों की नाराजगी का एहसास पिछले विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर हो चुका है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सतीश कुमार द्वारा रहमान प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स 19बी, नई बस्ती (निकट पुलिस चौकी) आबूनगर फतेहपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर दरियामऊ खागा, जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपादक – सतीश कुमार

## न्यूज सार

### ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया बुजुर्ग, मौत

रायबरेली (ब्यूरो)। कोतवाली क्षेत्र बछऊपुर गांव के पास रविवार को रेलवे ट्रैक पार करते समय एक वृद्ध ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पूरे बाबा गांव निवासी छोटे फकीर (72) आसपास के गांवों में भिक्षा मांगा करता था। सुबह वह गांव के पास रेल लाइन पार कर रहा था। इस दौरान वह लखनऊ से प्रयागराज जा रही इंटरसिटी की आवाज नहीं सुन पाया और ट्रेन की चपेट आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर घर वाले वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। कार्रवाई की जा रही है।

### मेले में बढ़े उल्टी, दस्त व बुखार के मरीज

सीतापुर (ब्यूरो)। शहर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदर बाजार में रविवार को 55 मरीजों ने पहुंचकर इलाज करवाया। इस केंद्र पर अधिकतर मरीज बुखार व उल्टी दस्त से परेशान दिखे। हर्ष ने बताया तीन दिन से बुखार आ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इस्माइलपुर में केवल 30 मरीज पहुंचे। चिकित्सक मरीजों का इंतजार करते रहे। दोपहर बाद यहां पर सन्नाटा पसर गया। मरीज रमेश ने बताया बारिश के बाद खुजली हो रही थी। इसी मर्ज की दवा लेने आये थे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गापुरवा में केवल 35 मरीज इलाज के लिए आये। यह मरीज कई बीमारियों से ग्रसित थे। किसी के पेट में दर्द हो रहा था तो कोई बुखार से तड़प रहा था। चिकित्सकों ने गर्मीजनित बीमारियों से अधिक लोग संक्रमित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अब बुखार, उल्टी व दस्त के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। रविवार को जनपद के 66 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मेले में करीब साढ़े तीन हजार मरीजों ने पहुंचकर इलाज करवाया। शहर के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित मेले की वास्तविकता देखी गई तो चिकित्सक तो मरीजों का इंतजार करते मिले। लेकिन कई केंद्रों पर मरीजों की संख्या कम मिली।

### कटान में घर समाया, सोनरख पुरैना का वजूद खतरे में

रामपुर मथुरा (सीतापुर) (ब्यूरो)। सरयू नदी का जलस्तर भले ही कम हो रहा है, लेकिन कटान मुसीबत बनती जा रही है। रविवार को शंकरपुरवा में एक घर कटान की चपेट में आ गया। वहीं दो घरों पर खतरा मंडरा रहा है। सोनरख पुरैना में आधे से अधिक स्कूल कटकर नदी में समा चुका है। गांव का अस्तित्व खतरे में है। रविवार को सरयू नदी के जलस्तर में शनिवार की तुलना में 10 सेमी. की कमी आई। सरयू नदी का जलस्तर 118 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर कम होने से जहां लोगों को मामूली राहत मिली थी तो वहीं तेज कटान से शंकरपुरवा में हरी का घर नदी में कटकर समा गया। अमरजीत व रामचंद्र के मकान कटान की कगार पर पहुंच गए हैं। इसी गांव के शंकर ने बताया कि पुरवा में अभी करीब 10 लोगों के मकान बचे हैं। यदि कटान रोकने का कोई ठोस व मजबूत इंतजाम नहीं किया गया तो पूरा गांव नदी में समाहित हो जाएगा। यही हाल सोनरख पुरैना का भी है। जहां बना प्राथमिक विद्यालय ही गांव की अंतिम पहचान के लिए शेष है।

### गुप्तार घाट से नया घाट बंधे की मिट्टी में दरार

अयोध्या (ब्यूरो)। गुप्तार घाट से नया घाट के बीच बने बंदे की मिट्टी में दरार आ गई है। ये दरार बारिश का पानी बहने से आई है। आगे बारिश हुई तो बंधे के लिए संवेदनशीलता बढ़ सकती है। गुप्तार घाट से नया घाट सरयू के किनारे लगभग 10 किलोमीटर लंबा बांध बनाया गया है। इसका निर्माण सरयू खंड सिंचाई विभाग से कराया गया है। गुप्तार घाट से जमथरा तक के बीच कुछ दूरी में नया बांध बना है जबकि आगे पहले से बांध बना हुआ था। इसका कुछ हिस्सा पक्का भी किया जा चुका है। पिछले दिनों इसी बांध पारस काली सड़क का निर्माण कराया गया इस सड़क पर यातायात भी बढ़ने लगा है। बांध पर शहर की ओर डाली गई मिट्टी बारिश में वह गई है। जिसके कारण गहरी व चौड़ी दरारें आ गई है। बारिश के पानी से बांध को नुकसान न हो इसके लिए नालिया बनाई जानी चाहिए। मिट्टी के कटान के बाद कुछ स्थानों पर बोरियों से नालियां बनाई गई हैं लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इससे पूरी सुरक्षा नहीं हो सकती। काली सड़क के पास से मिट्टी बढ़ने के कारण आने जाने वाले वाहनों के लिए भी खतरा माना जा रहा है। भारी बारिश हुई तो इस बंधे के लिए खतरा बढ़ सकता है।

### छह दमकल ने पांच घंटे में बुझाई आग

अयोध्या (ब्यूरो)। कोतवाली नगर के सुभाष नगर इलाके में स्थित फैजाबाद गेस्ट हाउस बाजार में शनिवार देर रात आग ग्राडंड फ्लोर पर लगी आग इतनी भीषण थी कि उसे बुझाने में दमकल के छह वाहनों को करीब पांच घंटे तक मेहनत करनी पड़ी। दमकलकर्मियों ने इसके लिए बाकायदा चेन बनाई व जिन वाहनों में पानी खत्म हो रहा था, उसे तत्काल भरकर ला रहे थे। इस बाजार में करीब 25 दुकानें हैं, समय पर पहुंचने के कारण अन्य दुकानें आग की चपेट में आने से बच गई। दो मोबाइल की व एक फुटवियर की दुकान जलकर राख हो गई। नुकसान का आकलन अभी नहीं किया जा सका है। पुलिस लाइंस स्थित अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना रात करीब 10:30 बजे मिली। सूचना पर द्वितीय अग्निशमन अधिकारी प्रदीप पांडेय दमकल के बड़े वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। आग की विभीषिका देखकर एक–एक कर छह वाहन मौके पर बुलाया गए, साथ ही करीब दस दमकलकर्मी आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत करते रहे।

### नशे में धुत पिता ने बच्चों को नाली में फेंका

अयोध्या (ब्यूरो)। मां अपने दो बच्चों को छोड़कर कहीं चली गई तो पिता ने शराब के नशे में धुत होकर दोनों बच्चों को शनिवार को राम की पैड़ी के पास नाली में फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने बच्चों को नाली से निकाला और गो सेवक रितेश मिश्र को सूचना दी। मौके पर पहुंचे रीतेश दोनों बच्चों को लेकर श्रीराम अस्पताल गए और उन्हें दूध आदि देकर इलाज कराया। साथ ही पुलिस को सूचना दी। रीतेश ने बताया कि आरोपी पिता आजिल मिरालपुर थाना अकबरपुर जिला अंबेडकरनगर का निवासी है। वह अयोध्या घूमने आया था। उसके दोनों बच्चों में एक सात साल का व दूसरा दो साल का है। बताया कि रविवार सुबह पिता को होश आया तो वह अस्पताल पहुंचा। कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में बच्चों को उसके हवाले कर दिया गया।

# 8.0 तीव्रता के भूकंप से भी सुरक्षित रहेगा राममंदिर, प्राकृतिक आपदाओं से बचाएगी विशेष तकनीक



अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर न सिर्फ भव्यता बल्कि तकनीक के मामले में भी अव्वल होगा। राममंदिर निर्माण की कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों का दावा है कि राममंदिर 8.0 रिक्टर की तीव्रता वाले भूकंप से भी सुरक्षित रहेगा। प्राकृतिक आपदाओं से मंदिर को बचाने के लिए विशिष्ट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके चलते राममंदिर कम से कम एक हजार साल तक अक्षुण्ण रहेगा। मंदिर निर्माण में कहीं भी लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है।

कार्यदायी संस्था टाटा के एक इंजीनियर ने बताया कि राममंदिर की नींव भूकंपरोधी है। सीबीआरआई रूड़की और चेन्नई के वैज्ञानिकों ने राममंदिर भूकंपरोधी हो, इस पर विशेष रिसर्च किया है। राममंदिर को सेफ स्ट्रक्चर करार दिया गया है जो आठ रिक्टर स्केल पर भूकंप के झटके को भी सहन कर सकता है। 70 फीट गहरी पत्थरों की चट्टान पर मंदिर आकार ले रहा है। मंदिर की नींव में कर्नाटक के ग्रेनाइट पत्थरों का प्रयोग किया गया है जो पानी के रिसाव को भी झेलने की क्षमता रखते हैं। मंदिर निर्माण में देश की आठ नामी तकनीकी एजेंसियों की मदद ली गई है। मंदिर की नींव करीब 50 फीट गहरी है। इसके ऊपर 2.5 फीट की राफ्ट ढाली गई है। राफ्ट के ऊपर 21 फीट ऊंची प्लिंथ का निर्माण हुआ है। प्लिंथ के ऊपर मंदिर आकार ले रहा है। यही नहीं राममंदिर को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए मंदिर के तीन दिशा में 16 फीट ऊंचा परकोटा भी बनाया जा रहा है। उत्तर, दक्षिण व पश्चिम दिशा में परकोटे को आकार देने का कम चल रहा है। मंदिर की चारों दिशाओं में करीब 40 फीट गहरी रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) भी बनाई जा रही है। राममंदिर में हर रामनवमी पर सूर्य की किरणें रामलला के मुखमंडल का अभिषेक करेंगी। रामजन्मोत्सव पर पांच दिन तक सूर्य की किरणों से रामलला का अभिषेक किया जाएगा। इसके लिए खगोल शास्त्रीय की टीम काम कर रही है। ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार, रामजन्मोत्सव के पहले दो दिन और बाद के दो दिन रामलला के मुखमंडल को सूर्य की किरणें चमकाएंगी। नवनिर्मित मंदिर में साल 2024 में चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की चौत्र रामनवमी पर रामलला का पहला जन्मोत्सव मनाया जाएगा। राम मंदिर में विराजमान रामलला के ऊपर भगवान राम के जन्म के समय ठीक 12रू00 बजे रामनवमी के दिन सूर्य की किरण कुछ देर के लिए रामलला की मूर्ति पर पड़ेगी। इससे जन्म के समय रामलला का दर्शन बहुत ही दिव्य और भव्य होगा। भगवान श्री राम ने सूर्य वंश में जन्म लिया है। उनके जन्म के बाद सूर्य इस धरा धाम पर श्री राम लला का स्वागत करेंगे। खगोल शास्त्री इसको लेकर काम कर रहे हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया साल 2024 में मकर संक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त पर प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद भक्त भगवान का दर्शन कर सकेंगे। पहली चौत्र राम नवमी पर सूर्य की किरण भगवान के ललाट पर पड़ेगी। उस दौरान शहर में रहने वाले लोग भगवान का दर्शन कर सकेंगे। बताया कि इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

### मांग घटने पर दो यूनिटों से बिजली उत्पादन बंद

रायबरेली (ब्यूरो)। एनटीपीसी परियोजना में बिजली की मांग कम होने के चलते दो यूनिटें बंद कर दी गई। दोनों यूनिटों से 420 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा था। परियोजना के अधिकारी मांग बढने पर दोनों यूनिटों को चालू करने की बात कह रहे हैं। एनटीपीसी में पांच यूनिटों से 210–210 मेगावाट व छठवीं यूनिट से 500 मेगावाट सहित कुल 1550 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जाता है। परियोजना से जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश को बिजली आपूर्ति होती है। शनिवार की रात लगभग 11 बजे परियोजना प्रबंधन ने 210–210 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली दो यूनिटों को बंद कर दिया। इससे परियोजना में बिजली उत्पादन कम हो गया है।

## एएनएम का तबादला, बच्चों को नहीं लगा टीका

अयोध्या (ब्यूरो)। आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रविवार को जनपद की सभी 34 पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन हुआ। पीएचसी पनभरिया में एएनएम का स्थानांतरण होने से 10 माह के बच्चों को टीका ही नहीं लग पाया। मेले में कुल 74 चिकित्सक व 292 पैरामेडिकल ने सेवाएं प्रदान की।

मेले में पुरुष मरीज 546, महिला 494 व 189 बच्चों ने उपचार कराकर लाभ लिया। मेले में छह आयुष्मान कार्ड बने। हेल्प डेस्क पर 340 मरीजों का स्क्रीन टेस्ट हुआ। 40 कोविड टेस्ट हुए जिनमें एक भी पॉजिटिव नहीं मिला। आंख के मरीज 16, लिवर के मरीज 28, बुखार के मरीज 39, सांस के मरीज 37, पेट के मरीज 100, शुगर के मरीज 72, चर्म रोग के मरीज 96 मरीज आए जिनका इलाज किया गया। टीबी के सस्पेक्टेड मरीज चार, एनीमिया के 22, उच्च रक्तचाप के 35, प्रसव पूर्व जांच 67, कुपोषित 15 मरीज मिले। आठ मरीजों को रेफर किया गया। 22 मरीजों की मलेरिया जांच की गई जिनमें कोई पॉजिटिव नहीं मिला।

तारुन प्रतिनिधि के अनुसार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनभरिया में जन आरोग्य मेले में रविवार को 12 बजे तक पांच मरीज इलाज कराने आए थे। ग्रामसभा सेमरा की अनीता अपने 10 माह के बेटे आर्यन को टीका लगवाने आई थी। एएनएम ज्ञानमती का पिछले हफ्ते स्थानांतरण होने से टीका नहीं लग पाया। बताया कि वैक्सीन केवल एएनएम को ही कराने के लिए मिलता है। फार्मासिस्ट गोविंद पाण्डेय, वार्ड ब्वाय विजय तिवारी, स्टाफ नर्स साधना व वैशणवी मौजूद मिली।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के चिकित्सक डॉ. शमशेर ने बताया कि रविवार को लगभग आठ मरीज आए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमापुर में डॉ. यू रहमान ने बताया कि आठ मरीजों में दो बच्चे, दो महिलाएं और शेष पांच वृद्ध मरीज थे। जिनमें अधिकतर डायरिया व खांसी, बुखार के मरीज पाए गए। अधीक्षक मवई डॉ. प्रमोद गुप्ता ने कहा कि चिकित्सक का अभाव है। सीएचसी पूरा बाजार अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ना में डॉ. प्रशांत ने बताया कि छह मरीजों का उपचार किया गया। इनमें बुखार शुगर, पेट दर्द , गठिया जोड़ों के मरीज थे। पूरा बाजार सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा ने बताया कि तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपुर, दर्शन नगर, मड़ना में पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मी मौजूद हैं। सावन मेला को देखते हुए सारी तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। छह वेड का अतिरिक्त वार्ड भी बनाया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपुर में 16 मरीजों का उपचार हुआ और दवा दी गयी। जिसमें एक मधुमेह, एक बीपी, तीन स्किन, एक गठिया, एक लीवर और नौ मरीज रूटीन के थे। वे सभी बुखार, दर्द, दस्त आदि से परेशान थे।

## संशोधित आवश्यक ... 8.0 रिक्टर की तीव्रता के भूकंप से भी सुरक्षित रहेगा राममंदिर

अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर न सिर्फ भव्यता बल्कि तकनीक के मामले में भी अव्वल होगा। राममंदिर निर्माण की कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों का दावा है कि राममंदिर 8.0 रिक्टर की तीव्रता वाले भूकंप से भी सुरक्षित रहेगा। प्राकृतिक आपदाओं से मंदिर को बचाने के लिए विशिष्ट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके चलते राममंदिर कम से कम एक हजार साल तक अक्षुण्ण रहेगा। मंदिर निर्माण में कहीं भी लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है।

कार्यदायी संस्था टाटा के एक इंजीनियर ने बताया कि राममंदिर की नींव भूकंपरोधी है। सीबीआरआई रूड़की और चेन्नई के वैज्ञानिकों ने राममंदिर भूकंपरोधी हो, इस पर विशेष रिसर्च किया है। राममंदिर को सेफ स्ट्रक्चर करार दिया गया है जो आठ रिक्टर स्केल पर भूकंप के झटके को भी सहन कर सकता है। 70 फीट गहरी पत्थरों की चट्टान पर मंदिर आकार ले रहा है। मंदिर की नींव में कर्नाटक के ग्रेनाइट पत्थरों का प्रयोग किया गया है जो पानी के रिसाव को भी झेलने की क्षमता रखते हैं। मंदिर निर्माण में देश की आठ नामी तकनीकी एजेंसियों की मदद ली गई है। मंदिर की नींव करीब 50 फीट गहरी है। इसके ऊपर 2.5 फीट की राफ्ट ढाली गई है। राफ्ट के ऊपर 21 फीट ऊंची प्लिंथ का निर्माण हुआ है। प्लिंथ के ऊपर मंदिर आकार ले रहा है। यही नहीं राममंदिर को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए मंदिर के तीन दिशा में 16 फीट ऊंचा परकोटा भी बनाया जा रहा है। उत्तर, दक्षिण व पश्चिम दिशा में परकोटे को आकार देने का कम चल रहा है। मंदिर की चारों दिशाओं में करीब 40 फीट गहरी रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) भी बनाई जा रही है। राममंदिर में हर रामनवमी पर सूर्य की किरणें रामलला के मुखमंडल का अभिषेक करेंगी। रामजन्मोत्सव पर पांच दिन तक सूर्य की किरणों से रामलला का अभिषेक किया जाएगा। इसके लिए खगोल शास्त्रीय की टीम काम कर रही है।

ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार, रामजन्मोत्सव के पहले दो दिन और बाद के दो दिन रामलला के मुखमंडल को सूर्य की किरणें चमकाएंगी। नवनिर्मित मंदिर में साल 2024 में चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की चौत्र रामनवमी पर रामलला का पहला जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### उपकेंद्र के पैनल में लगी आग, गुल रही चार घंटे बिजली

रायबरेली (ब्यूरो)। राही ब्लॉक क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र उतरपारा की बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई है। कभी लाइनों में फॉल्ट तो कभी उपकेंद्र में लगे सिस्टम में खराबी के चलते करीब 40 हजार आबादी बिजली संकट से जूझ रही है। शनिवार की शाम करीब छह बजे उपकेंद्र के पैनल में आग लगने से अफरातफरी मच गई। करीब चार घंटे बाद बिजली बहाल हो सकी। इसके बाद बिजली तो आई, लेकिन हर घंटे 20 से अधिक बार ट्रिपिंग की वजह से लोग सो नहीं पाए। यही हाल रविवार को भी रहा। बिजली की आवाजाही से लोग बेहाल रहे। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को हुई। विद्युत उपकेंद्र में पांच–पांच एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगे हैं।

## हर–हर महादेव के जयकारों संग निकली कांवड़ यात्रा

नैमिषारण्य (सीतापुर) (ब्यूरो)। सावन मास के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर धर्मनगरी में गोमती नदी के घाटों पर शिव भक्तों का हुजूम देखते बना। हालांकि, रिमझिम बारिश भी हो रही थी। फिर भी कांवड़ियां के हौसले बुलंद दिखे। जैसे–जैसे शाम का समय बढ़ता चला गया वैसे–वैसे कांवड़ियों की संख्या में बढ़ती गई। रविवार शाम प्रशासन की तरफ से एसडीएम मिश्रिख अभिषेक कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव, नैमिष थाना प्रभारी दिग्विजय पाण्डेय, प्रधान दिलीप गुप्ता व नायब तहसीलदार राम सूरत यादव ने कांवड़ियों का माल्यार्पण किया। उनके स्वागत की प्रक्रिया के बाद कांवड़िये अपनी ही धुन में गोमती नदी में स्नान कर वहां से पात्रों में जल भरकर भोलेनाथ की जय–जयकार करते हुए सीतापुर स्थित श्याम नाथ मंदिर और गोलागोकर्ण नाथ का जलाभिषेक करने के लिए अपनी ही मस्ती में निकल पड़े।

देवदेवेश्वर घाट पर कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नदी घाट के पास बोरियां डलवाई गईं। वहीं, सीढिघ्यों पर खतरे के निशान के पास रस्सियां बांधी गईं। गोताखोर और पीएसी का दल भी सुरक्षा को लेकर मुस्तैद दिखा। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए घोषणा भी होती रही। सावन के पहले सोमवार पर नगर के प्रमुख शिव मंदिर भूतेश्वर नाथ, देवदेवेश्वर, काशी विश्वनाथ, सिद्धेश्वर नाथ महादेव, महामृत्युंजय आदि शिव मंदिरों में सुबह से ही भगवान शिव को समर्पित जलाभिषेक, रुद्राभिषेक आदि शिवप्रिय अनुष्ठानों का दौर शुरू हो जाएगा। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहेगा। पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए रविवार शाम को कांवड़ लेकर जाते कांवड़ियों से पूरा वातावरण केसरिया लग रहा था। देर रात तक शिवभक्तों के जत्थे भजनों और धार्मिक गीतों पर नाचते गाते चलते नजर आये। बिसवां के प्रसिद्ध शिव मन्दिर पत्थर शिवाला में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिये हजारों की संख्या में कांवडिया बिसवां से 35 किलोमीटर दूर चहलारी घाट पर पतित पावनी पवित्र सरयू नदी से जल भरकर पैदल लगभग 35 किलोमीटर की दूरी तय करके सोमवार ब्रह्म मुहूर्त में बिसवां स्थित पत्थर शिवाला में पहुंच कर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इस बीच जगह जगह समाजसेवियों द्वारा कांवड़ियों के स्वागत में पानी,चाय–बिस्कुट, बूंदी, छोला चावल, पूड़ी सब्जी व खीर आदि जलपान की भी व्यवस्था की गयी। ग्राम पंचायत रेवान की ओर से किवानी नदी के तट पर स्थित राधाकृष्ण आश्रम पर कांवड़ियों के लिये एक विश्राम स्थल का पंडाल लगवाया गया है। रेउसा से लेकर बिसवां के बीच लगभग आधा दर्जन से अधिक जगहों पर पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों को जलपान कराया व प्रसाद वितरित किया। जहांगीराबाद शिव मन्दिर पर शिव कमेटी के लोगों ने और किवानी नदी के तट पर स्थित राधाकृष्ण आश्रम में महंत बाबा विशंभरदास ने देररात तक श्रद्धालुओं को छोला चावल व पीने का पानी वितरित किया।

### दो वाहनों से डोर टू डोर एकत्र किया जा रहा कूड़ा

औरंगाबाद (सीतापुर) (ब्यूरो)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत चयनित गोंदलामऊ ब्लॉक की ग्राम पंचायत औरंगाबाद में दो वाहनों से डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने के कार्य शुरू किया गया है। सूखा और गीला कूड़ा अलग–अलग लेकर इसे ठोस, द्रव्य एवं अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर पहुंचाया जा रहा है। इससे गांव का स्वच्छ बनाया जा रहा है। औरंगाबाद ग्राम पंचायत की ओर से दो कूड़ा गाड़ी चलाई जा रही हैं। जो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य कर रही हैं। शहरी इलाके की तर्ज पर शुरू हुए इस कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की। ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ बनाने में सहयोग का संकल्प भी लिया।

## गर्भगृह में एक साथ 300 श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि में निर्माणाधीन राममंदिर अब भव्य रूप ले रहा है। मंदिर के भूतल का काम लगभग पूरा हो चुका है और प्रथम तल को आकार देने की प्रक्रिया प्रारंभ है। 161 फीट ऊंचे तीन मंजिला राममंदिर का अब तक 60 फीसदी काम पूर्ण हो चुका है। मंदिर के गर्भगृह में एक साथ 300 लोग दर्शन कर सकेंगे। अगस्त से भूतल के फर्श को सजाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के बाद भव्य गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने की तैयारी है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को देशभर के मीडियाकर्मियों को राममंदिर निर्माण की प्रगति से अवगत कराया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राममंदिर के निर्माण में 500 कारीगर दिन–रात जुटे हुए हैं। पूरे मंदिर परिसर में चल रहे कार्यों में करीब एक हजार मजदूर व कारीगर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राउंड फ्लोर में पांच मंडप हैं जो राम मंदिर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे। मुख्य मंडप से हमेशा भगवान की पताका फहराएगी। मंदिर के गर्भगृह की दीवार और छत बन चुकी है। फर्श और बाहर का काम बाकी है। मंदिर के गर्भगृह में लगे छह खंभे सफेद संगमरमर के हैं। बाहरी खंभे गुलाबी सैंडस्टोन से बनाए गए हैं। मंदिर के बाहर आठ एकड़ में 16 फीट ऊंचा और 800 मीटर लंबा परकोटा बनाया जा रहा है। गर्भगृह के बाहर मंडप की नक्काशी की जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्राउंड फ्लोर में फर्श, लाइट और बारीकियों का काम होना बाकी है। राममंदिर में रामलला की अचल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है जिसका निर्माण रामसेवकपुरम स्थित कार्यशाला में हो रहा है। नवंबर तक मूर्ति बनकर तैयार हो जाएगी। मंदिर सहित एक साथ 10 परियोजनाओं पर काम जारी है। मंदिर की लाइटिंग, आधुनिक शौचालय, तीन पावर स्टेशन, मंदिर का परकोटा, यात्री सुविधा केंद्र, रिटेनिंग वॉल का भी निर्माण साथ–साथ चल रहा है। राममंदिर के प्रथम तल के स्तंभों को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं भूतल (गर्भगृह) के ठीक ऊपर अष्टकोणीय गर्भगृह में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। रामदरबार जहां स्थापित होना है, वहां महापीठ का निर्माण शुरू हो चुका है।

## पवित्र नदियों के जल से होगा रामलला का अभिषेक

अयोध्या (ब्यूरो)। भव्य गर्भगृह में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक व अविस्मरणीय बनाने के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयारियों में जुटा है। प्राण–प्रतिष्ठा के अवसर को इतिहास के पन्ने में दर्ज कराने के लिए रामलला की मूर्ति का अभिषेक देश के प्रमुख व पवित्र जलस्रोतों से एकत्र जल से किया जाएगा। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति के बाद शुभ मुहूर्त व तिथि पर नए मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने की तैयारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 22 जनवरी को रामलला को भव्य गर्भगृह में विराजमान किया जा सकता है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य यजमान पीएम नरेंद्र मोदी होंगे, उन्हें आमंत्रण भेजा जा चुका है। विश्व हिंदू परिषद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रामलला की मूर्ति का शास्त्रीय विधान से अभिषेक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के क्रम में होगा। देश में जितने भी पवित्र जलस्रोत, गंगा, यमुना, गोदावरी, सतलुज, राप्ती, नर्मदा, सोन समेत प्रमुख सभी नदियों का पवित्र जल एकत्र होगा और उससे जलाभिषेक किया जाएगा।

# ड्रोन हमले में मारा गया आईएस का प्रमुख आतंकवादी मुहाजिर, अमेरिकी सेना ने दी जानकारी



काहिरा (एजेंसी)। पूर्वी सीरिया में अमेरिकी सेना के ड्रोन हमले में आईएसआईएस का एक आतंकवादी मारा गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने रविवार को बताया कि उसने सात जुलाई को ड्रोन हमला किया था। बयान में कहा गया है कि हमले में एमक्यू–9 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। उसी दिन रूसी विमानों ने इस ड्रोन का पीछा गया था। बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सीरिया में हमला किया, जिसमें पूर्वी सीरिया में आईएसआईएस का नेता उसामा अल–मुहाजिर मारा गया।

अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी सेना ने इसकी पुष्टि कैसे की है कि मारा गया व्यक्ति अल–मुहाजिर है। अन्य कोई जानकारी नहीं दी गई है। अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने रविवार को एक बयान में कहा कि हमले में किसी असैन्य नागरिक के मारे जाने का कोई संकेत नहीं है। सेना किसी असैन्य नागरिक के घायल होने का पता लगा रही है। अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन शिकायत की थी कि रूसी लड़ाकू विमान उसके ड्रोनों को परेशान कर रहे हैं।

वाशिंगटन ने पिछले साल सीरिया में संदिग्ध आईएसआईएस आतंकियों के खिलाफ छापेमारी और अभियान तेज कर दिया है, इसके कई नेताओं को डाला और गिरफ्तार किया है, कुछ आतंकियों ने 2019 में सीरिया में समूह के आखिरी क्षेत्र को छोड़ने के बाद तुर्की समर्थित विद्रोही नियंत्रण वाले क्षेत्रों में शरण ली थी। अमेरिका के नेतृत्व वाले अभियान ने आईएसआईएस के पूर्व प्रमुख अबू बक्र अल बगदादी को मार डाला था, जिसने खुद को सभी मुसलमानों का खलीफा घोषित किया था, तब से इसके जीवित नेताओं को निशाना बनाया गया है, जिनमें से कई के बारे में माना जाता है कि उन्होंने विदेशों में हमले की योजना बनाई थी। अमेरिकी सैन्य कमांडरों का कहना है कि आईएसआईएस क्षेत्र के भीतर एक महत्वपूर्ण खतरा बना हुआ है, हालांकि इसकी क्षमताएं कम हो गई हैं और अपने नेटवर्क को फिर से स्थापित करने की इसकी क्षमता कमजोर हो गई है। इस्लामिक स्टेट ने 2014 में अपने चरम पर इराक और सीरिया के एक–तिहाई हिस्से पर नियंत्रण कर लिया था। हालांकि दोनों देशों में उसे हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसके आतंकवादी विद्रोही हमले जारी रखे हुए हैं। वहीं, केन्या में कर वृद्धि और हाल ही में पारित वित्त अधिनियम, 2023 को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के झड़प में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है। माउंट केन्या में लाईकिपिया के पूर्व गवर्नर नदिरीतु मुरीथी को न्याहुरुरू में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। वहीं, गोली लगने से पांच लोगों के घायल होने की भी खबर है।

# पाकिस्तान में भारी बारिश से आफत, अब तक 76 की मौत



इस्लामाबाद (एजेंसी)। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के कारण नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हुए हैं। अब तक मारे गए 76 लोगों में 15 महिलाएं और 31 बच्चे शामिल हैं। बारिश के कारण 78 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ ने आर्थिक रूप से खस्ताहाल पाकिस्तान के हालात और खराब कर दिए हैं। भारी बारिश के कारण देश में अब तक कम से कम 76 लोगों की मौत और 133 घायल हो चुके हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के हवाले से एआरवाई ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पिछले 24 घंटे में ही भारी बारिश के कारण 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 घायल हुए हैं। अब तक मारे गए 76 लोगों में 15 महिलाएं और 31 बच्चे शामिल हैं। बारिश के कारण 78 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। भारी बारिश व बाढ़ का असर सबसे ज्यादा पंजाब प्रांत में है, जहां 48 लोग मारे जा चुके हैं। खैबर पख्तूनख्वा में 20 व बलोचिस्तान में 5 लोगों की मौत की सूचना है। छह जुलाई को ही पंजाब प्रांत में 18 लोग मारे गए थे। पाकिस्तानी मौसम विभाग ने देश में 3–8 जुलाई के बीच पहली मानसूनी बारिश की संभावना जताई थी। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन व निचले क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है।

इधर, पश्चिमी जापान के शिमाने प्रांत में शनिवार को भारी बारिश के कारण नदियां उफनाने लगीं। इससे प्रशासन को दो शहरों में रह रहे 3,70,000 लोगों को इलाका खाली करने का आदेश जारी करना पड़ा। भूस्खलन की कम से कम 15 घटनाएं हुईं, जबकि इजुमो शहर में 20 स्थानों पर नदियां उफना गईं और उनका पानी आवासीय इलाकों में घुस गया। नदी की तेज धारा में एक कार बह गई। उसके चालक की तलाश की जा रही है। भारी बारिश के कारण मध्य चीन के हुबेई स्थित एक एक्सप्रेसवे पर निर्माण क्षेत्र में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि सात लोग लापता हो गए।

# दुनिया को अलग नजरिये से देखते हैं अकेले रहने वाले लोग

कैलिफोर्निया (एजेंसी)। अकेले रहने वाले लोग दुनिया को अलग नजरिये से देखते हैं। वह अकेले न रहने वाले लोगों की तुलना में कम भावनात्मक ढंग से सोचते हैं। इतना ही नहीं ऐसे लोगों के दिमाग के काम करने का तरीका आपस में भी अलग–अलग होता है। अकेले रहने वाले लोग दुनिया को अलग नजरिये से देखते हैं। वह अकेले न रहने वाले लोगों की तुलना में कम भावनात्मक ढंग से सोचते हैं। इतना ही नहीं ऐसे लोगों के दिमाग के काम करने का तरीका आपस में भी अलग–अलग होता है। हाल में मस्तिष्क पर हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। इसमें अकेलेपन से संबंधित कुछ भ्रांतियां भी मिली हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में हुए अध्ययन में 66 युवाओं के न्यूरोइमेजिंग परीक्षण (दिमागी संरचना की छाप) में अकेले रहने वाले लोगों के साथियों की तुलना में उनके दिमाग का काम करने के तरीका



बहुत ही अलग पाया गया है।

साइकोलॉजिकल साइंस जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में अकेले लोगों और उनके दूसरे साथियों के बीच तंत्रिका प्रतिक्रियाओं का अंतर डिफॉल्ट मोड नेटवर्क (मन भटकने के क्षेत्रों) में स्पष्ट तौर पर दिखाई दिया।

मनोवैज्ञानिक एलिसा बेयक के मुताबिक, यह वाकई चौंकाने वाली बात है कि अकेले रहने वाले लोग भी एक दूसरे से काफी अलग पाए गए। अकेलापन कोई दुर्लभ या कुछ लोगों को ही होने वाला अहसास नहीं है। सभी इन्सानों में यह एक ऐसी भावनात्मक अवस्था है जब व्यक्ति की इच्छाओं और वास्तविक संबंधों में अंतर आ जाता है। शोधकर्ताओं ने 18 से 21 साल की उम्र की बीच के कॉलेज के पहले साल के 66 छात्रों पर विशेष एमआरआई तकनीक का इस्तेमाल किया। उन्होंने छात्रों को 14 वीडियो क्लिप दिखाते हुए उनके मस्तिष्क की गतिविधियों की फंक्शनल मैग्नेटिक रेजोनेन्स इमेजिंग लेकर उसका अध्ययन किया। वीडियो में ऐसी विषयवस्तु थी जिससे उनके दिमाग को भटकने का कम से कम अवसर मिले। इनमें भावात्मक संगीत वीडियो से लेकर पार्टी और खेल की गतिविधियां थीं।

# 119 साल पहले लाइब्रेरी से ली गई किताब अब लौटाई गई, 141 साल पुरानी बुक के आखिरी पन्ने पर लिखी हैं खास बातें

मैसाचुसेट्स (एजेंसी)। विद्युत के विकास लिखी गई जेम्स क्लर्क मैक्सवेल की एन एलीमेंट्री ट्रीटीज ऑन इलेक्ट्रिसिटी को 1904 में 1904 में मैसाचुसेट्स में न्यू बेडफोर्ड फ्री पब्लिक लाइब्रेरी से इश्यू कराया गया था। बता दें कि यह किताब 1882 में यानी आज से लगभग 141 साल पहले प्रकाशित हुई थी।

अक्सर लोग लाइब्रेरी में किताबें पढ़ने जाते हैं, कई बार वहां से किताबों को इश्यू भी करा लेते हैं। हालांकि इसे रखने की एक समय सीमा भी होती है। तय समय पर इसे न लौटाया जाए तो उस पर हर दिन के हिसाब से विलंब शुल्क भी लगाया जाता है, लेकिन अगर किसी किताब को सालों तक लौटाया ही न जाए। कुछ ऐसा ही अमेरिका की एक लाइब्रेरी में सामने आया है। यहां एक किताब 119 साल बाद लाइब्रेरी



में वापस आई है। न्यू बेडफोर्ड फ्री पब्लिक लाइब्रेरी ने इसकी तस्वीरें अपने फेसबुक पेज पर भी साझा की हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्युत के विकास लिखी गई जेम्स क्लर्क मैक्सवेल की एन एलीमेंट्री ट्रीटीज ऑन इलेक्ट्रिसिटी को 1904 में 1904 में मैसाचुसेट्स में न्यू बेडफोर्ड फ्री पब्लिक लाइब्रेरी से इश्यू कराया गया था। बता दें कि यह किताब 1882 में यानी आज से लगभग 141 साल पहले प्रकाशित हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह किताब मैसाचुसेट्स से लगभग 900 मील दूर वेस्ट वर्जीनिया में एक दान संग्रह तक पहुंच गई। न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी लाइब्रेरीज में दुर्लभ पुस्तकों के क्यूरेटर स्टीवर्ड प्लिन ने सदियों पुरानी इस किताब को चौरिटी बिन से निकाला। उन्होंने पाया कि किताब पर अभी भी विड्रा का स्टीकर बरकरार था। उस स्टीकर का तात्पर्य था कि किताब अभी भी लाइब्रेरी की संपत्ति है। इसके बाद प्लीन ने मेल द्वारा न्यू बेडफोर्ड फ्री पब्लिक लाइब्रेरी को किताब वापस भेज दी। न्यू बेडफोर्ड फ्री पब्लिक लाइब्रेरी ने अपने फेसबुक पेज पर लौटाई गई किताब की तस्वीरें साझा कीं हैं। साथ ही यह भी लिखा कि लाइब्रेरी की किसी ओवरड्यू किताब को लौटाने में कभी देर नहीं होती! आज, वेस्ट वर्जीनिया यूनिवर्सिटी के रेयर बुक्स क्यूरेटर को उनके दान में हमारे विशेष संग्रह की किताबों में से एक मिली। न्यू यॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, न्यू बेडफोर्ड पब्लिक लाइब्रेरी में प्रतिदिन 5 प्रतिशत विलंब शुल्क है। और लाइब्रेरी में अधिकतम विलंब शुल्क सीमा +2 (लगभग 164 रुपये) है। हालांकि, अगर किताब पर लाइब्रेरी के प्रतिदिन पांच सेंट के विलंब शुल्क को लागू किया जाए तो विलंब शुल्क +2,483 (लगभग 2 लाख रुपये) होगा। इस किताब के आखिर में और शुरुआत के पन्नों में सौ साल से भी ज्यादा पुरानी चीजें लिखी हुई हैं।

# चीन ने पाकिस्तानी सेना को चुनाव में दखल नहीं देने को कहा था

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के नियोजन मंत्री अहसान इकबाल ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि चीन ने 2018 के आम चुनावों में किसी प्रकार के नए प्रयोग को लेकर पाकिस्तानी सेना को चेताया था। उन्होंने पूर्ववर्ती पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ नीत सरकार की तरफ से 60 अरब डॉलर वाली चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को नुकसान पहुंचाने के लिए जमकर आलोचना भी की। इकबाल ने जियो न्यूज के कार्यक्रम में कहा, चीन ने कूटनीतिक तरीके से तत्कालीन सेना प्रमुख तक यह संदेश पहुंचाने का प्रयास किया था कि किसी प्रकार का प्रयोग सीपीईसी परियोजना को पटरी से उतार सकता है। इकबाल रविवार को अपने बयान से पलट गए। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि चीन के बारे में उनके टीवी साक्षात्कार को गलत तरीके से संदर्भित किया गया।

# दशकों में पहली बार बढ़े टीबी के मामले

फोर्ट कॉलिंस (अमेरिका) (एजेंसी)। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक महामारी ने न केवल तपेदिक के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल को बाधित किया, बल्कि इसने दुनियाभर में हाशिये पर रहने वाले लोगों के लिए सामाजिक व आर्थिक अवसरों में भी कमी लाई। इन कारणों से तपेदिक के खिलाफ लड़ाई में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई है। कोरोना महामारी का कारण बने सार्स–कोव–2 वायरस के 2020 में फैलने से पहले दुनियाभर में किसी भी अन्य संक्रामक बीमारी की तुलना में तपेदिक (टीबी) से सबसे अधिक लोगों की मौत होती थी, लेकिन अमेरिका और विश्व स्तर पर जन स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए उठाए गए कदमों के कारण, दशकों से तपेदिक के मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी।

# इटली के दिवंगत पीएम ने अपनी 33 साल की प्रेमिका के लिए छोड़ी इतनी बड़ी रकम

मिलान (एजेंसी)। सिल्वियो बर्लुस्कोनी के साम्राज्य की कीमत 6 अरब यूरो से अधिक आंकी गई है। फासीना और बर्लुस्कोनी का रिश्ता साल 2020 में शुरू हुआ था। दोनों ने कानूनी तौर पर कभी शादी नहीं की थी। लेकिन, बर्लुस्कोनी ने मरने से पहले फासीना को अपनी पत्नी कहकर बुलाया था। इटली के दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी की वसीयत चर्चाओं में बनी हुई है। दरअसल, उन्होंने अपनी वसीयत में 33–वर्षीय गर्लफ्रेंड मार्ता फासीना के लिए 100 मिलियन यूरो यानी 906 करोड़ रुपये से अधिक छोड़े हैं। बर्लुस्कोनी का पिछले महीने 86–वर्ष की उम्र में निधन हुआ था।

बता दें कि सिल्वियो बर्लुस्कोनी एक मीडिया टाइकून और राजनीतिज्ञ थे। इसके अलावा वे तीन बार इटली के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बर्लुस्कोनी के साम्राज्य की कीमत 6 अरब यूरो से अधिक आंकी गई है। फोर्जा इटालिया की डिप्टी मार्ता फासीना और बर्लुस्कोनी का रिश्ता साल 2020 में शुरू हुआ था। दोनों ने कानूनी तौर पर कभी शादी नहीं की थी। लेकिन, उन्होंने मरने से पहले फासीना को अपनी पत्नी कहकर बुलाया था। बता दें, 2018 में हुए आम चुनाव के बाद से 33 वर्षीय मार्ता इटली संसद के निचले सदन की सदस्य रही हैं। वह फोर्जा इटालिया की सदस्य भी हैं। बता दें कि फोर्जा इटालिया की स्थापना बर्लुस्कोनी ने 1994 में की थी, जब उन्होंने पहली बार राजनीति में प्रवेश किया था। वसीयत में भले ही मार्ता को करोड़ों रुपये मिले हो, लेकिन पूर्व पीएम के व्यापार को उनके दो बच्चे ही संभाल



रहे हैं। ऐसे में, दोनों बच्चों मरीना और पियर सिल्वियो की 53 फीसदी हिस्सेदारी होगी। इसके अलावा, बर्लुस्कोनी ने अपनी वसीयत में अपने भाई को भी जगह दी है। उन्होंने अपने भाई पाओलो के लिए 100 मिलियन यूरो और अपनी फोर्जा इटालिया पार्टी के पूर्व सांसद मार्सेलो डेलश्उट्री के लिए 30 मिलियन यूरो छोड़े हैं।

इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिलवियो बर्लुस्कोनी का 86 साल की उम्र में निधन हो गया था। बर्लुस्कोनी बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। बर्लुस्कोनी का नाम विवादों में भी खूब रहा और साल 2013 में वह एक सेक्स स्कैंडल में फंसे थे। साथ ही उन पर भ्रष्टाचार और टैक्स में धांधली के भी आरोप लगे थे। बर्लुस्कोनी चार बार इटली के प्रधानमंत्री रहे। सबसे पहले बर्लुस्कोनी साल 1994 में पहली बार इटली के पीएम बने। उसके बाद वह 2001 से 2006 तक इटली के पीएम रहे। 2008 में फिर से उन्होंने सत्ता में वापसी की लेकिन 2011 में कर्ज संकट के चलते उन्हे इस्तीफा देना पड़ा और वह राजनीति से भी दूर हो गए। हालांकि 2017 में उन्होंने फिर से सक्रिय राजनीति में एंट्री ली थी। बीते छह हफ्तों से मिलान के एक अस्पताल में बर्लुस्कोनी का इलाज चल रहा था। साल 1936 में इटली के मिलान शहर में जन्में सिलवियो बर्लुस्कोनी इटली के सबसे बड़े कमर्शियल ब्रॉडकास्टर मीडियासेट के मालिक थे। साथ ही वह मशहूर फुटबॉल क्लब एसी मिलान के भी मालिक रहे। बर्लुस्कोनी साल 2012 में एक टैक्स में धांधली के आरोप में भी फंसे थे। फिलहाल इटली की सरकार में उनकी पार्टी फोरजा इटैलिया सहयोगी है। इटली की राजनीति में सिलवियो बर्लुस्कोनी को किंगमेकर माना जाता था और अपने राजनीतिक करियर के चरम पर वह इटली की सत्ता के केंद्र में रहे।

# लिथुआनिया में होगी नाटो की एकजुटता की अग्निपरीक्षा

वाशिंगटन (एजेंसी)। रूस–यूक्रेन में युद्ध के बीच लिथुआनिया की राजधानी विनियस में 11–12 जुलाई को होने वाले नाटो के शिखर सम्मेलन में संगठन की एकजुटता की अग्निपरीक्षा होगी। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सामने सबसे बड़ी चुनौती यूक्रेन की सदस्यता होगी, जिसका उसे पिछले साल भरोसा भी दिया गया था। यूक्रेन की सदस्यता का मुद्दा नाटो सदस्यों के बीच दरार की वजह भी बन सकता है। कुछ सदस्यों का मानना है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता दी जानी चाहिए। यह पूर्वी यूरोप में रूसी आक्रामकता को रोकने के लिए भी जरूरी है। हालांकि, कुछ सदस्य इस बात से आशंकित हैं कि इससे युद्ध की ज्वाला और व्यापक हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन का कहना है कि सम्मेलन में कोशिश होनी चाहिए कि यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने पर सदस्य देश ज्यादा ध्यान दें। दुनिया के सबसे बड़े सुरक्षा गठबंधन नाटो को 32वें सदस्य के रूप में स्वीडन को शामिल करने के लिए सहमति तक पहुंचने में भी संघर्ष करना पड़ रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान नाटो में अमेरिकी राजदूत रहे डगलस ल्यूट के अनुसार, संगठन सदस्यों की एकजुटता में दरार पड़ती है, तो इसका सबसे ज्यादा फायदा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को होगा। उन्होंने कहा, पुतिन सोच रहे थे कि रूस–यूक्रेन युद्ध से नाटो बिखरेगा, लेकिन हुआ उल्टा। इस युद्ध ने नाटो को और मजबूत किया है।

# थ्रेड्स को लेकर ट्वीट पर भड़के एलन मस्क, जकरबर्ग के नाम से किया खेल

सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)। हाल ही में डाटा हजार्ड नाम के एक ट्विटर अकाउंट से फास्ट फूड चेन वेंडीज के थ्रेड्स का एक स्क्रीनशॉट शेयर किया गया था। इसमें वेंडीज ने एलन मस्क और ट्विटर को लेकर तंज कसा था। इसी के जवाब में एलन मस्क ने जकरबर्ग के नाम को लेकर निशाना साधा। मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग की ओर से ट्विटर की प्रतिद्वंदिता में लाए गए नए थ्रेड्स प्लेटफॉर्म को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने इसे लेकर खासी नाराजगी जताई है। अब मस्क ने इस प्लेटफॉर्म के बहाने जकरबर्ग पर तंज कसा है और उनके नाम के साथ ही खेल कर दिया। दरअसल, हाल ही में डाटा हजार्ड नाम के एक ट्विटर अकाउंट से फास्ट फूड चेन वेंडीज के थ्रेड्स का एक स्क्रीनशॉट शेयर किया गया था। इसमें वेंडीज ने एलन मस्क और ट्विटर को लेकर तंज कसा था। वेंडीज ने जकरबर्ग को सुझाव दिया था कि उन्हें मस्क को चिढ़ाने के लिए अंतरिक्ष में जाना चाहिए। इस पर जकरबर्ग ने हंसने वाली इमोजी के साथ रिएक्ट किया था। गौरतलब है कि एलन मस्क आने वाले वर्षों में अपनी कंपनी स्पेसएक्स के जरिए मंगल मिशन लॉन्च करना चाहते हैं। ऐसे में वेंडीज का यह थ्रेड मस्क की स्पेसएक्स कंपनी पर तंज के तौर पर देखा गया। ट्विटर पर थ्रेड्स के इसी स्क्रीनशॉट की प्रतिक्रिया में एलन मस्क ने रिप्लाई किया और जकरबर्ग का नाम बिगाड़ते हुए लिखा– जक इज अ कक (नबा पे बनबा)। इससे पहले ट्विटर अपने नए थ्रेड्स प्लेटफॉर्म को लेकर मेटा प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। ट्विटर के वकील एलेक्स स्पिरो ने इसे लेकर फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को एक पत्र भी भेजा है। यह पूरा विवाद कॉपीराइट को लेकर शुरू हुआ है। ट्विटर का दावा है कि थ्रेड्स का इंटरफेस ट्विटर जैसा है। इसके अलावा ट्विटर में एक फीचर है जिसे थ्रेड्स कहा जाता है। जब कोई लंबा ट्वीट कई हिस्सों में करता है वह थ्रेड में बंट जाता है। ऐसे में ट्विटर ने कॉपीराइट का भी दावा किया है। मेटा ने अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई बयान नहीं दिया है।

मजेदार बात यह है कि दो अरबपतियों के बीच की यह जंग मेटा की ओर से थ्रेड्स की लॉन्चिंग के बाद लगातार बढ़ती जा रही है। थ्रेड्स ने हाल ही में 10 करोड़ यूजर्स का आंकड़ा छू लिया और इस पर थ्रेड्स की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं, ट्विटर की ओर से प्लेटफॉर्म पर लगातार सीमा लगाने के फैसले ने कई यूजर्स को निराश किया है। ऐसे में ट्विटर के प्रति लोगों की नाराजगी भी बढ़ रही है। थ्रेड्स को इंस्टाग्राम की टीम ने ही तैयार किया है। थ्रेड्स में भी रियल टाइम फीड मिलेगी। थ्रेड्स के फीचर्स और इंटरफेस काफी हद तक ट्विटर जैसे ही हैं। थ्रेड्स को अब भारत में भी उपलब्ध करा दिया गया है। थ्रेड्स को गूगल प्ले–स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि आपके पास पहले से ही इंस्टाग्राम पर ब्लू टिक है यानी यदि आपका इंस्टाग्राम अकाउंट पहले से वेरिफाईड है तो थ्रेड्स अकाउंट खुद ही वेरिफाईड हो जाएगा। थ्रेड्स को आप एपल के एप स्टोर से भी फ्री में डाउनलोड कर सकते हैं। थ्रेड्स में आप अपनी इंस्टाग्राम आईडी के साथ लॉगिन कर सकते हैं। आप अपने इंस्टाग्राम के पूरे डाटा को थ्रेड्स एप पर इंपोर्ट कर सकते हैं। थ्रेड्स में आप 500 कैरेक्टर में पोस्ट कर सकते हैं जिसमें वेब लिंक, फोटो (एक बार में 10 फोटो) और मिनट तक के वीडियो शामिल कर सकते हैं। थ्रेड्स में भी आप किसी को ब्लॉक और फॉलो कर सकते हैं। यदि आपने इंस्टाग्राम पर किसी को ब्लॉक किया है तो थ्रेड्स पर भी वह ब्लॉक ही रहेगा। थ्रेड्स में फिलहाल का सपोर्ट और ष्बसवेम तिपमदक का सपोर्ट नहीं है।



# जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म पठान

बालीवुड की फिल्म पठान 1 सितंबर, 2023 को अब जापान के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बीते दिनों जापानी रिलीज के पोस्टर का अनावरण किया गया है। इस खबर के बाद ट्रेड विश्लेषकों की उम्मीदें परवान चढ़ गई हैं। उन्हें ऐसा लग रहा है कि पठान राजामौली की आरआरआर की तरह जापान में भी रिकॉर्ड तोड़ कारोबार करने में सफल होगी। दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने और 1000 करोड़ का आंकड़ा पार चुकी है। गौरतलब है कि राजामौली की आरआरआर ने जापान में सिनेमाघरों में 100 दिन से अधिक का प्रदर्शन किया था। यह निर्णय लिया गया है कि इतिहास की 5वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म और 2023 में नंबर 1 भारतीय बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर 'पठान' शुक्रवार, 1 सितंबर को रिलीज होगी। पठान ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 543 करोड़ का कारोबार किया था। प्राइम वीडियो पर प्रदर्शित हो चुकी पठान ने ओटीटी प्लेटफार्म पर भी बेहतरीन आंकड़े पेश किए। सलमान ने पठान में एक महत्वपूर्ण एक्शन दृश्य में टाइगर के रूप में अपनी भूमिका दोहराई और इसने फिल्म के प्रति दीवानगी बढ़ा दी। टाइगर 3 में, जो दिवाली 2023 पर रिलीज़ होगी और जिसमें इमरान हाशमी खलनायक की भूमिका में हैं, और शाहरुख खान एक कैमियो में हैं। अभिनेता सलमान खान के साथ पठान वर्सेस टाइगर में भी अभिनय करेंगे।सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित, पठान में डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा भी हैं। 25 जनवरी 2023 को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तोड़ दिए। पठान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का एक हिस्सा है, जिसमें एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) से टाइगर (सलमान खान) और जोया (कैटरीना कैफ) और वॉर (2019) से कबीर (ऋतिक रोशन) भी शामिल हैं।

## माधुरी को लेकर ये क्या कह दिया काजोल ने



बीते दिनों बालीवुड एक्ट्रेस काजोल ने खूबसूरत अदाकारा माधुरी दीक्षित को लेकर कुछ ऐसा बोल दिया, जिसे सुन लोग हैरान रह गए। आपको ये बात मालूम होगी कि काजोल ने कभी भी माधुरी दीक्षित के साथ काम नहीं किया है। एक्ट्रेस से एक ऐसी अंडररेटेड एक्टर का नाम बताइए, जिन्हें उतने रोल नहीं मिले, जितने मिलने चाहिए थे। इस पर काजोल ने माधुरी दीक्षित का नाम लिया है। एक्ट्रेस को लगता है कि माधुरी दीक्षित को जितने वैरायटी वाले रोल्स मिलने चाहिए थे, उतने नहीं मिले हैं। काजोल ने बताया यदि वैरायटी ऑफ रेंज की बात की जाए तो वह अंडररेटेड एक्टर माधुरी दीक्षित होगी। इसके साथ ही काजोल ने अपने को लेकर यह भी कहा कि वो अब दोबारा से 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे'की सिमरन नहीं बन सकती हैं। साथ ही वो ऐसा चाहती थी भी नहीं हैं। उन्होंने कहा– 'आज मैं जहां हूं, मुझे अच्छा लगता है। मैं दोबारा 16 साल की नहीं होना चाहती।



# नेत्रहीन पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी सोनम

रोमांचक थ्रिलर फ़िल्म ब्लाइंड में एक्ट्रेस सोनम कपूर आहूजा एक नेत्रहीन पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी। एक्ट्रेस फिल्म में एक बेरहम सीरियल–किलर को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। फ़िल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है और एक नेत्रहीन लड़की का किरदार बखूबी निभाने के लिए सोनम की भरपूर तारीफ़ की है। सोनम कहती हैं, मेरे लिए ब्लाइंड में काम करने का फैसला लेना बड़ा आसान था, क्योंकि इस फ़िल्म के प्रोड्यूसर सुजॉय घोष हैं। बेहद रोमांचक और दमदार थ्रिलर फ़िल्मों के मामले में उनका ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है और मेरे लिए तो बस यह जानना ही काफी था कि ब्लाइंड की कमान सुजॉय के हाथों में होगी। फ़िल्म का कॉन्सेप्ट तैयार होने के बाद से ही उन्होंने बड़े क्रिएटिव तरीके से इसे आगे बढ़ाया है।

वे आगे कहती हैं, 卐एक एक्टर के तौर पर मैं अपने प्रोड्यूसर और डायरेक्टर पर पूरा भरोसा करती हूं और मुझे खुशी है कि मुझे सुजॉय के रूप में एक ऐसा प्रोड्यूसर मिला है, जिन्हें हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री में इस जॉनर में महारत हासिल है। मैं उम्मीद करती हूं कि, इस फ़िल्म में लोगों को मेरा परफॉर्मेंस पसंद आएगा। मेरे लिए यह रोल बड़ा कठिन था और मैंने जिया के किरदार को संजीदगी और साहस के साथ निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।卐सोनम प्रोड्यूसर सुजॉय घोष को हिंदी सिनेमा में बेहद धारदार थ्रिलर फ़िल्मों के निर्माण में माहिर मानती हैं और इसी वजह से उन्होंने ब्लाइंड में काम करने का फैसला लिया।

# कियारा ने सासू मां को खिलाई होम मेड पानी पूरी

हाल ही में एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने अपनी सास रिम्मा मल्होत्रा को इम्प्रेस करने के लिए पानी पुरी का इस्तेमाल किया। हाल ही में इंटरव्यू में कियारा आडवाणी से पूछा गया कि क्या उनकी शादी में पानी पुरी का स्टॉल लगा था। एक्ट्रेस ने जवाब में कहा, बेशक। मेरी सास जो हैं, उनको पानी पूरी इतना पसंद है! वो अभी हमारे साथ रह रही हैं, दिल्ली से मुंबई आई हुई हैं। तो, उनके पहले दिन, मुझे पता है कि उनको पानी पूरी कितनी पसंद है, मैंने कहा आज घर में हम पानी पूरी बनाएंगे। जो मसका लगाया... मुझे पता था कि वह मुझे दूसरे लैवल तक प्यार करेगी। वह बहुत खुश थी। वह अब हमारे साथ मुंबई में रह रही है। उनकी यात्रा के पहले दिन, मैंने सुनिश्चित किया कि उन्हें घर पर बनी पानी पूरी मिले। इससे वह वास्तव में इम्प्रेस हुईं और उन्हें खुशी हुई। काम की बात करें तो सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने इसी साल 7 फरवरी को जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में धूमधाम से शादी रचाई थी, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हुई थीं। बता दें कि कियारा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। हाल ही में फिल्म के प्रचार के दौरान एक्ट्रेस से पानी पुरी के प्रति उनके प्यार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें पुचका, गोल गप्पे, पानी पुरी पसंद हैं।





# एक्टिंग से ब्रेक लेने से पहले छलका सामंथा रुथ प्रभु का दर्द

## बोलीं– बीते 6 महीने बहुत मुश्किल....

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। सामंथा के पास इन दिनों कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। इसी बीच सामंथा के एक्टिंग से लंबा ब्रेक लेने की खबर सामने आई थी। बताया जा रहा था कि सामंथा ब्रेक लेकर अपनी बीमारी का इलाज करवाएंगी। वहीं अब सामंथा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। एक्ट्रेस ने अपनी एक सेल्फी शेयर करते हुए पिछले छह महीनों को सबसे कठिन बताया है। इस तस्वीर में सामंथा पर्पल टॉप और छोटे बालों में मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं। इसके साथ सामंथा ने लिखा, 'बीते छह महीने काफी मुश्किलों में गुजरे हैं। यह समय काफी लंबा और हार्ड रहा है। पर मैं अंत तक पहुंच चुकी हूं।' बता दें कि सामंथा ऑटो इम्यून बीमारी, मायोसिटिस से जूझ रही हैं। इस बीमारी में मांसपेशियों को नुकसान पहुंचता है जिससे गंभीर दर्द होता है। इस बीमारी के इलाज के लिए सामंथा ने एक्टिंग से ब्रेक लिया है। ब्रेक पर जाने से पहले सामंथा दो आखिरी प्रोजेक्ट सिटाडेल और कुशी का काम पूरा करेंगी। वरुण धवन के साथ सिटाडेल इंडिया का आखिरी शेड्यूल पूरा करने के बाद, सामंथा विजय देवरकोंडा के साथ कुशी की शूटिंग कर रही हैं। वहीं जिन प्रोजेक्ट पर वह कुशी के बाद काम करने वाली थीं उनकी एडवांस पेमेंट भी सामंथा ने प्रोड्यूसर्स को वापस लौटा दी है। सामंथा रुथ प्रभु के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार फिल्म 'शाकुंतलम' में देखा गया था। जल्द ही एक्ट्रेस वरुण धवन संग अपनी वेब सीरीज 'सिटाडेल' में नजर आएंगी। इसके साथ ही सामंथा रुथ प्रभु को विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म 'कुशी' में रोमांस करते हुए भी देखा जाएगा।

# नुसरत की इंटरनेट पर जबर्दस्त फैन फालोईंग

अपने लुक और एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस नुसरत भरूचा की सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है, जिनके साथ अक्सर वह अपनी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में फिर नुसरत ने अपने कुछ स्टाइलिश लुक की तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल चुराया है। एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में नुसरत भरूचा रेड कलर की ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं, जिसे उन्होंने कमर से ब्लैक बेल्ट से टाई किया है। ड्रेस के साथ गोल्डन कलर के हैवी इयररिंग्स और लो पोनी में एक्ट्रेस का लुक देखते ही बन रहा है। अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करते हुए नुसरत कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक जबरदस्त पोज दे रही हैं। फैंस नुसरत की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट कर तारीफ भी कर रहे हैं।





# प्राथमिकता के आधार पर तैयार करें अपनी कार्य-सूची

**आज आप जितना कर सकती हैं, उससे अधिक करने की कोशिश न करें। अपनी गतिविधियों की छंटनी शुरू कर दीजिए और फिर अपनी कार्य-सूची पर पुनर्विचार कीजिए। जो चीजें बेकार एवं महत्वहीन हैं, उन्हें बाहर कर दीजिए। आप जो भी कर सकती हैं या करना चाहती हैं, उन तमाम चीजों को एक ही दिन में करने का प्रयास न करें। सबसे जरूरी चीज पर नजर रखें एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करें। व्यक्तिगत रिश्ते बनाएं, ताकि काम एवं जीवन में सहजता आए।**

## एक समय में एक ही काम

अपना समय केवल उन्हीं चीजों पर खर्च करें, जो आपके लिए महत्वपूर्ण हो। दो या उससे अधिक काम एक साथ करने से तौबा करें, तब भी जब चीजें आसान लगती हों या लगता हो कि आप कर लेंगी। जब आप एक से अधिक काम एक ही बार में करती हैं तो आपका ध्यान बंट जाता है। आप एकाग्रता खो देती हैं, जो कि बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी है।

## कुछ उदाहरण

यदि आप एक साथ खाती एवं पढ़ती हैं तो आपका कुछ ध्यान पढ़ने पर और कुछ खाने पर होता है। आप कोई भी चीज ढंग से नहीं कर पाती हैं। जब आप टहलती हैं तो टहलें, जब आप बैठती हैं तो बैठें। भटकें नहीं। जब ड्राइव करें तो पूरा ध्यान रोप पर रखें। काफी ऊंची आवाज में संगीत सुनना या चालक एवं यात्री के बीच की बातचीत कई सड़क हादसों का कारण होती है। यदि आप यात्री हैं तो चालक को गाड़ी चलानें दें न कि उससे बातचीत करें।

## पांच गुण होना महत्वपूर्ण

किसी भी स्त्री या पुरुष में पांच गुण होना चाहिए। वे हैं–शिष्टाचार, उदारता, लगन, संकल्प एवं दया भाव। शिष्टाचार से आप बेइज्जती को अनदेखा कर सकती हैं, उदारता से सबको जीत सकती हैं। लगन से लोग आप पर विश्वास करेंगे और संकल्प एवं दया भाव से सफलता प्राप्त कर सकती हैं।अच्छी संगत, अच्छी किताबें एवं प्रार्थना– ये तीन चीजें किसी मनुष्य को तीनों लोकों का सम्राट बनाती हैं।

## सफलता नैसर्गिक नहीं होती

सफलता प्राप्त करने की प्रक्रिया नैसर्गिक नहीं है। सफलता हमें विरासत में नहीं मिलती। इसे हम अपने प्रयासों से पैदा करते हैं। यह हमारे कठिन परिश्रम एवं क्रियाओं की पुनरावृत्ति का काल होता है। संघर्ष जीवन है और जीवन की क्रियाएं ही इसे कर सकती हैं। हमें केवल सपने देखने वाला नहीं बल्कि आगे बढ़कर उसे करने वाला बनना चाहिए।

## सेमिनारों में कुछ नहीं

हम समय–समय पर प्रेरित करने वाले लोगों से मिलते रहते हैं या सेमिनारों में ऐसे भाषण सुनते रहते हैं। इस प्रकार के पारस्परिक क्रिया से हमें अपने तरीकों को सुधारने एवं काम करने की शैली की और बेहतर करने के उपाय मिलते हैं। हम उनको अपनाते हैं और महसूस करते हैं कि अपने आप को और बेहतर करें एवं जीवन में बदलाव लाने का रहस्य पा लिया है। यह पूरी गहमागहमी दो–चार दिनों में खत्म हो जाती है और हम फिर वहीं होते हैं जहां हम थे।

## ऊर्जा, समय व पैसे बचायें

याद रखिये सेमिनार एवं कार्यशाला में भाग लेना समय, ऊर्जा और पैसे की बर्बादी है, यदि हम उन चीजों को नहीं अपनाते, जो वे हम तक पहुंचाना चाहते हैं। यदि आपको कोई बेहतरीन आइडिया मिलता है तो आप अपने आप से पूछिए कि आप इससे क्या करने जा रहे हैं और आप इसे कैसे करेंगे। सभी बातों को लिखिए और फिर निर्णय लीजिए कि आप क्या करने जा रहे हैं। किन उपायों को लागू करना है, उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सब कुछ करने के लिए समय सीमा तय करनी चाहिए।



**अक्सर महिलाओं की ये समस्या होती है कि घर का खर्च ज्यादा हो रहा है और पैसों से जुड़ी बचत नहीं हो पा रही है। यहां निवेश और बचत की नहीं खर्च की बात हो रही है। घरों में आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल कुछ ऐसी हो गई है कि लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि उनका इतना खर्च आखिर कैसे बढ़ गया है। ये सब कुछ पैसे से जुड़ी कुछ गलतियों के कारण होता है।**



# बार-बार बिगड़ जाता है घर का बजट तो ना करें पैसों से जुड़ी ये गलतियां

## पैसे के बारे में बात नहीं करना

आम तौर पर यही देखा जाता है कि पति और पत्नी एक दूसरे से इसके बारे में बात नहीं करते। पत्नी घर संभाल रही हो या फिर बाहर काम कर रही हो तो भी इसके बारे में बातें नहीं की जातीं। बच्चे अगर पढ़ने की उम्र में हैं या टीनएज हो गए हैं तो उन्हें भी अक्सर घर पर ये नहीं बताया जाता है कि निवेश और बचत की जरूरत क्या है। हफ्ते में कम से कम एक बार सभी को बैठकर घर और पैसे के खर्च से जुड़ी बातें करनी चाहिए। इससे वो खर्च भी सामने आ जाता है जिसका शायद अंदाजा भी नहीं होता। ये घर का बजट बनाने में भी मददगार साबित हो सकता है।

## पहले खर्च फिर जो बचा वो निवेश

हमारी भारतीय संस्कृति में एक आम कहावत है कि , 'जितनी चादर है उतना ही पैर पसारो' । ये बहुत अच्छा कथन है, लेकिन इसे हमें थोड़ा सा बदलना होगा क्योंकि हम हमेशा जितना खर्च है उतना कर लो और उसके बाद जो बचा वो बचत। इससे समस्या ये होती है कि जरूरत से अधिक खर्च भी हो जाता है और बचत कम रह जाती है। इसे थोड़ा सा बदलने की जरूरत है और कमाई के बाद एक निश्चित बचत और उसके बाद जितना बचा उसे खर्च करना चाहिए। ये बजट आसानी से बन सकता है कि महीने में कितनी बचत की जा सकती है।

## बचत और निवेश का अंतर न समझना

मान लीजिए आप हर महीने की आय में से कुछ पैसे बचा लेते हैं, लेकिन क्या इन पैसों को बचाने से सिर्फ काम हो जाता है? जी नहीं, बचत और निवेश में काफी अंतर है जिसे समझने की जरूरत है। पैसे ड्रॉअर में पड़े रहें या फिर वो बैंक के सेविंग्स अकाउंट में रखा है तो उससे हमारे भविष्य के लिए कोई फायदा हो रहा है? बिलकुल नहीं। तन्वी जी का कहना है कि उनके पास बहुत से लोग आते हैं और वो यहीं मात खा जाते हैं। उन्हें निवेश इस बारे में सोचकर करना चाहिए कि भविष्य में ये कितना रिटर्न देगा।

## अपनी बचत और निवेश को ऑटोमैटिक मोड पर नहीं डालना

बैंक की आरडी या एफडी जिसका ऑटोमैटिक पैसा कटता है वो ज्यादा सही है। भले ही बचत और निवेश का कोई भी मोड हो पैसा ऑटोमैटिक हर महीने कटना चाहिए। कारण ये है कि अगर बचत हर वक्त नहीं होगी तो हम उस कमाई को खर्च करने के लिए उत्सुक रहेंगे। अकाउंट में या जेब में ज्यादा पैसा होने का मतलब है कि उसे खर्च करने का लालच भी बढ़ जाएगा। अगर सैलरी आते ही एक अच्छे फाइनेंशियल एक्सपर्ट की मदद से पैसे निवेश कर देंगे तो हमारा भविष्य सुरक्षित होगा।

## अपने पैसे को अलग–अलग जगह न निवेश करना

पैसा है आपके पास तो क्या हर बार वो एक ही तरह से निवेश किया जाएगा? कई लोग सिर्फ FD बनाते रहते हैं, कुछ को पोस्ट ऑफिस की NSC अच्छी लगती है, लेकिन इसका सीधा सा मतलब ये होता है कि पैसे के साथ कोई एक्सपेरिमेंट नहीं किया जाता। कारण ये है कि अगर एक ही तरह से पैसा निवेश होगा तो खतरे की स्थिति में एक ही साथ उसके खर्च होने या फिर डूब जाने की गुंजाइश भी होती है।

## फाइनेंशियल भाषा से डरना और रिस्क न लेना

इंसान का दिमाग जो चीज समझ नहीं पाता वो उससे हमेशा डरता रहता है और ये बहुत आम घटना है कि लोग खुद को फाइनेंशियल भाषा सिखा नहीं पाते। ऐसे में उन्हें जानकारी न के बराबर रहती है। होता ये है कि ऐसी स्थिति में निवेश के समय हम बहुत ज्यादा सोच विचार में लग जाते हैं और कई बार डर के कारण रिस्क नहीं ले पाते। इससे बाद में नुकसान होने की गुंजाइश है।

## कर्ज को न समझना

बहुत से लोगों के पास होम लोन होता है, कार का लोन होता है, क्रेडिट कार्ड से खर्च होता है। अर्थव्यवस्था में कर्ज की दरें लगातार बढ़ती और घटती रहती है। ऐसे में हमारे कर्ज पर भी असर पड़ता है। किसी भी तरह के लोन को हमेशा फाइनेंशियल एक्सपर्ट से हर साल रिव्यू करवाना चाहिए। क्या पता ब्याज की दर इससे कम हो सके। इसी तरह से क्रेडिट कार्ड सबसे महंगा तरीका है ऐसे में कई बार वो बहुत महंगा पड़ जाता है। कोशिश करें कि हर वक्त क्रेडिट कार्ड निकालने से बचें।



# क्या आपके वार्डरोब में है जींस के ये ट्रैंडी कलेक्शन

**जींस एक ऐसी कॉमन ड्रैस है, जो हर लड़की के वार्डरोब में जरूर मौजूद होती है। बाजार में कई स्टाइलिश जींस आ चुकी हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद और फिटिंग के मुताबिक खरीद सकती हैं। जींस खरीदने से पहले आपको यह जानना जरूरी हैं कि आजकल किस पैटर्न की जींस का चलन ज्यादा है। आज हम आपको जींस की इन्हीं वैरायटी के बारे में बता रहे हैं जिनके बारे में जानकर आपको अपनी पसंद की जींस खरीदने में आसानी होगी.**

## रिप्ड जींस

रिप्ड जींस एक दशक से फैशन ट्रैंड में बनी हुई है। कॉमन यंग गर्ल्स से लेकर बॉलीवुड एक्ट्रैस सभी में इसका क्रेज है। शायद ही कोई लड़की होगी जिसके वार्डरोब में रिप्ड जींस न हो। एक दशक पहले ट्रैंड में आई ये जींस आज भी लड़कियों की पहली पसंद बनी हुई है। इसमें जींस के कई हिस्से में कुछ स्लिट्स या कट्स बने होते हैं। कॉमन लैंग्वेज में इसे फटी जींस भी कहते हैं। अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे आप नहीं पहनतीं तो उसे ब्लेड से कट करके रिप्ड जींस का लुक दें सकती हैं। रिप्ड जींस को आप लॉन्ग कुर्ती या फिर किसी भी टॉप के साथ वियर कर सकती हैं। ये आपको कूल और स्टाइलिश लुक देगी।

## बैगी जींस

बैगी जींस अपने लूज साइज की वजह से काफी कंफर्टेबल होती है। दो से तीन दशक पहले इस पैटर्न की जींस का काफी चलन था। एक बार फिर से इसका ट्रैंड लौट आया है। यही वजह है कि सैलेब्स में भी ये जींस काफी पॉपुलर है। ट्रैवलिंग के दौरान या कहीं आने–जाने के लिए एक्ट्रैस इसे कैरी किए नजर आती रही हैं।

## पैच वर्क जींस

इन दिनों पैच वर्क जींस भी काफी पॉपुलर हैं। यंग गर्ल्स से लेकर सैलेब्स इसे पहने नजर आती रहती हैं। ये जींस अलग–अलग रंग के जींस के चौकोर टुकड़ों को एक साथ पैच करके बनाई जाती है, जो देखने में काफी युनीक और कूल लगती हैं।

## बेल बॉटम जींस

पुराने जमाने में आपने हीरो–हीरोइन को फिल्मों में नीचे से खुली पैंट या जींस पहने देखा होगा। इस स्टाइल को बेल बॉटम स्टाइल कहते हैं। आजकल बेल बॉटम जींस का फैशन फिर से लौट आया है। ये जींस काफी कंफर्टेबल होती हैं। यंग गर्ल्स से लेकर वर्किंग वुमन बेल बॉटम जींस पहनना पसंद कर रही हैं।

## स्किन फिट जींस

इसके नाम से ही क्लियर है कि ये जींस कैसी होगा। ये पूरी तरह स्किन टाइट होती है। ज्यादातर लड़कियां स्किन फिट जींस पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर कंफर्ट की बात करें तो ये उतनी आरामदायक नहीं होती। तब भी इस जींस का क्रेज लड़कियों में बना हुआ है। इसे आप अपनी मनपसंद कुर्ती या फिर टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं।



# कलर आईलाइनर लगाने से पहले जरूरी टिप्स मिलेगा स्टाइलिश लुक

**चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए लड़कियां मेकअप करना पसंद करती है। वहीं आंखों को बड़ा, आकर्षित दिखाने के लिए आईलाइनर लगाती है। बात अगर आईलाइनर की करें तो आमतौर पर लड़कियां इसमें ब्लैक कलर पसंद करती है। मगर आजकल लड़कियों में कलरफुल आईलाइनर का क्रेज भी बढ़ रहा है। इससे लुक और भी स्टाइलिश नजर आता है। मगर इसे लगाने से पहले कुछ बातों का ध्यान देने की जरूरत होती है। कलर आईलाइनर लगाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स**

## मेकअप ना करें

कलर आईलाइनर अक्सर आंखों को हाइलाइट करने के लिए लगाया जाता है। इसलिए इसे लगाने के बाद अपना रेगुलर मेकअप ना करें। नहीं तो इससे आपका मेकअप अधिक लगेगा।

## सही कलर चुनें

अगर आप पहली बार कलर आईलाइनर लगाने वाली है तो इसके लिए रंग चुनें। इसके लिए आप पिंक, लैवेंडर, बैंगनी, सुनहरा या अपनी ड्रेस से मैचिंग रंग चुन सकती है।

## आंखों पर ध्यान दें

कलर आईलाइनर लगाने के लिए बस अपनी आंखों पर फोकस करें। इसके साथ हैवी व बोल्ड मेकअप करने की गलती ना करें। ऐसा करने से आपकी आंखों पर ध्यान नहीं जाएगा।

## डार्क कलर अप्लाई करें

अगर आप पहली बार आईलाइनर लगाने वाली है तो इसके लिए डार्क कलर यूज करें। असल में, इससे आपका लुक एकदम बदल जाएगा। ऐसे में आप पहली बार के लिए ब्राउन या ब्लू कलर चुन सकती है। मस्कारा ब्लैक कलर का लगाएं आप भले ही आईलाइनर कलर्ड चुन रही है मगर इसके साथ मस्कारा ब्लैक ही लगाएं। इससे आपकी आंखों को ग्रेसफुल लुक मिलेगा। इसके साथ ही फेक आईलैशेज लगाने की गलती ना करें।






# इन मेकअप प्रोडक्ट्स से रहें दूर

## टेलकम पाउडर

टेलकम पाउडर सामान्य तौर पर आपमें से कई लोगों के जीवन का एक अहम हिस्सा होगा। भले ही आप इसे सुरक्षित मानते हों, लेकिन इसमें मौजूद सिलेकेट्स नामक तत्व आपको एलर्जी, फेफड़ों में इंफेक्शन या फिर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का शिकार बना सकता है।

## ब्लीच क्रीम

अधिकांश ब्लीच क्रीम में पाया जाने वाला हाइड्रोक्विनोन त्वचा के निकलने, लालिमा या लाल रेशेस अथवा त्वचा के रूखेपन के लिए जिम्मेदार होता है। इसकी जगह त्वचा प्रभावशाली घरेलू उत्पादों का प्रयोग करना बेहतर होगा।

## लिप ग्लॉस

होंठों पर चमकदार नमी लाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला लिपग्लॉस कुछ ऐसे केमिकल्स से युक्त होता है, जो आपके होंठों की त्वचा को अंदर से रूखा कर सकते हैं साथ ही रोमछिद्रों को ब्लॉक कर सकते हैं।

## हेयर कलर

इसमें मौजूद हानिकारक केमिकल्स आपके सिर की त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा त्वचा का लाल होना और खुजली जैसी समस्याएं भी हो सकती है जो अन्य गंभीर समस्याओं को जन्म देती हैं।

## नेल पॉलिश

भले ही अपको रंगीन, चमकीले नेल पॉलिश का शौक हो, लेकिन इनमें मौजूद एसीटोन आपके नाखूनों को दाग या धब्बों से युक्त बनाने के साथ ही कमजोर बनाने में सहायक होता है। इसके लिए हमेशा नेल पॉलिश का इस्तेमाल करने से बचें।